


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 हश मनी केस : ट्रंप को सुनाई जाएगी सजा लेकिन नहीं जाना पड़ेगा जेल......

ऋषभ पंत की तूफानी बैटिंग के फैन हुए सचिन तेंदुलकर ..... 11



वर्ष : 12 | अंक : 262 | पटना, रविवार, 05 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस मुठभेड़ में डकैत सुशील मोची मारा गया

पूर्णिया। बिहार के पूर्णिया जिले के अमौर थाना क्षेत्र के ताराबाड़ी घाट में पुलिस और एसटीएफ की टीम के साथ मुठभेड़ में डकैत सुशील मोची मारा गया। इसका नेटवर्क पूर्णिया, किशनगंज सहित पश्चिम बंगाल और झारखंड तक फैला था। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि दुर्दान्त डकैत सुशील मोची अपने साथियों के साथ तारबाड़ी घाट स्थित बहियार में है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में है। इसके बाद एसटीएफ की टीम और अनगढ़, अमौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस टीम देखते ही डकैतों ने गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस की ओर से भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई। बताया गया कि लगभग 10 मिनट तक रह- रह कर दोनों तरफ से गोली चलती रही। इसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाया जहां मक्के के खेत से एक शव बरामद हुआ। शव की पहचान डकैत सुशील मोची के रूप में की गई। यह अनगढ़ थाना का रहने वाला था। इस पर बिहार पुलिस ने 1.50 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। घटना की सूचना मिलते ही पूर्णिया एसपी कार्तिकेय शर्मा, डीआईजी प्रमोद कुमार मण्डल ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं पूर्णिया से एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच सारे सबूत इकट्ठा किए। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया भेज दिया गया है।

### परमाणु वैज्ञानिक आर. चिदंबरम का मुंबई में निधन, मोदी ने जताया शोक

मुंबई। पोखरण परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाने परमाणु वैज्ञानिक एवं केन्द्र सरकार के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को मुंबई के जसलोक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डॉ. चिदंबरम ने जसलोक अस्पताल में तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ चिदंबरम के निधन से गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से बहुत दुख हुआ। वह भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख शिल्पियों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें पूरा देश कृतज्ञता के साथ याद करेगा और उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने वैज्ञानिक डॉ चिदंबरम के निधन पर दुःख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावुक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, भारत के परमाणु ऊर्जा आयोग का नेतृत्व करने वाले और हथियारों के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले प्रख्यात परमाणु वैज्ञानिक राजगोपाल चिदंबरम के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ. दो परमाणु परीक्षणों में चिदंबरम की भूमिका यादगार थी, मैं उनके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं और उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

# जिन्हें किसी सरकार ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा : पीएम मोदी

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कारीगरों से भी बातचीत की।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 2014 से ही मैं लगातार, हर पल ग्रामीण भारत की सेवा में लगा हूं। गांव के लोगों को गरिमापूर्ण जीवन देना मेरी सरकार की प्राथमिकता है। हमारा विजन है, भारत के गांव के लोग सशक्त बनें, उन्हें गांव में ही आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले, उन्हें पलायन न करना पड़े, गांव के लोगों का जीवन आसान हो, इसलिए हमने गांव-गांव में मूलभूत सुविधाओं की गारंटी का अभियान चलाया। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व सरकारों पर सवाल उठाते हुए कहा, पहले की सरकारों ने एससी-एसटी-ओबीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया। गांव से पलायन होता रहा, गरीबी बढ़ती रही, गांव और शहर के बीच की खाई बढ़ती रही। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है। जो इलाके दशकों से विकास से वंचित थे, अब उन्हें बराबरी का हक मिल



रहा है। उन्होंने आगे कहा, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मेरा बचपन एक छोटे से शहर में बीता, जिससे मुझे ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों का प्रत्यक्ष अनुभव मिला। साथ ही इससे मुझे गांवों में छिपी अपार संभावनाओं को समझने में भी मदद मिली। अपनी कड़ी मेहनत के बावजूद, ग्रामीण अक्सर सीमित संसाधनों के कारण अवसरों तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने डीएपी का जिक्र करते हुए कहा, दुनिया में डीएपी का दाम बढ़ रहा है, आसमान छू रहा है, लेकिन हमने निर्णय किया कि हम किसान के सिर पर बोझ नहीं आने देंगे और सब्सिडी बढ़ाकर डीएपी का दाम स्थिर रखा है। हमारी सरकार की नीयत, नीति और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं। गांव के हर वर्ग के लिए विशेष नीतियां बनाई हैं। दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने पीएम फसल बीमा योजना को एक वर्ष अधिक तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने आगे कहा, कृषि के अलावा भी हमारे गांव में अलग अलग तरह के पारंपरिक कला और कौशल से जुड़े हुए कितने ही लोग काम करते हैं। रूरल इकोनॉमी और लोकल इकोनॉमी में इनका बड़ा योगदान रहा है, लेकिन पहले इनकी भी उपेक्षा हुई। अब हम उनके लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चला रहा हैं। ये योजना देश के लाखों विश्वकर्मा साथियों को आगे बढ़ने का मौका दे रही है। उन्होंने कहा, अभी कल ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि 2024 में भारत में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई है। कृषि के अलावा भी हमारे गांव में अलग अलग तरह के पारंपरिक कला और कौशल से जुड़े हुए कितने ही लोग काम करते हैं

## मुख्यमंत्री ने की गोपालगंज जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक

# समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करें : नीतीश

## बोलें-बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं

प्रात : किरण

पटना। प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को गोपालगंज जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में गोपालगंज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में समीक्षात्मक बैठक की। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण करें। 24 नवंबर, 2005 से बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया। उस समय से हमलोग बिहार के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के लिए लगातार विकास का काम किया जा रहा है। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था, सड़कें जर्जर थीं। शिक्षा की हालत ठीक नहीं थी। प्रायः हिन्दू-मुस्लिम के बीच विवाद की खबरें आती थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया, तब से बिहार की स्थिति बदली है। हर क्षेत्र में विकास के काम किए जा रहे हैं। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। हमलोग मिलकर लगातार बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं। हम दो बार गलती से इधर से उधर चले गए थे। अब हमलोग हमेशा साथ रहेंगे और बिहार के साथ देश का विकास करेंगे। वर्ष 2006 सेहमलोगों ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू कराई। अब तक 8 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गई है और शेष बचे कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई जा रही है और इस काम को भी जल्द पूरा कर लिया जायेगा। हमलोगों ने देखा कि मंदिरों से मूर्ति चोरी की घटनाएं हो रही हैं।



इसको देखते हुए मंदिरों की चहारदीवारी के निर्माण का निर्णय लिया गया ताकि मंदिरों में चोरी की घटनाएं न हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण बिहार में विकास का काम हमलोग करा रहे हैं। बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं है। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटे किया गया है। इसके लिए हर प्रकार से काम किया जा रहा है।

### बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की बहाली की जा रही :

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों के लिए पोशाक योजना की शुरूआत की गई। वर्ष 2009 से लड़कियों के लिए साइकिल योजना, वर्ष 2010 से लड़कों के लिए भी साइकिल योजना, बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की बहाली, स्कूल भवनों का निर्माण कराकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की बहाली की जा रही है। नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से सरकारी मान्यता प्रदान की जा रही है। पहले काफी कम संख्या में लड़कियां पढ़ने जाती थीं। लड़कियों को जब साइकिल दी गई तो वे स्कूल समय पर जाने लगीं और साथ ही शाम में अपने माता-पिता को भी बाजार ले जाती हैं। यह दृश्य काफी अच्छा लगता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माह में सिर्फ 39 मरीज इलाज कराने जाते थे। अब 1 माह में औसतन 11 हजार से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। पहले बिहार में सिर्फ 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। अब उनकी संख्या बढ़कर 11 हो गई है। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। हर घर नल का जल, हर घर पक्की गली एवं नाली का निर्माण, हर घर शौचालय, हर घर तक बिजली का कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक पहुंचा दी गई हैं।

### अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 तक हमलोगों ने 8 लाख लोगों को सरकारी नौकरी प्रदान कर दी थी। उसके बाद हमलोगों ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। अब तक 9 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे दी गई है। इसके अलावे 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्यनिर्धारित किया गया था। अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। वर्ष 2025 में 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा। हमलोगों ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है। मदरसों को सरकारी मान्यता दी गई है। हमलोगों ने बिहार में जाति आधारित गणना कराई जिसमें 94 लाख गरीब परिवारों को चिह्नित किया गया है, जो हर जाति से जुड़े हैं। ऐसे गरीब परिवारों को प्रति परिवार 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है ताकि वे अपना जीविकोपार्जन कर सकें।

### गड़बड़ करनेवाले लोगों पर नजर रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने आज ही गोपालगंज जिले में विभिन्न विकास कार्यों का स्थल पर जाकर जायजा लिया। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली। लोगों की समस्याएं सुनीं। इस बैठक में भी जनप्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं बताई हैं, उसका समाधान किया जाएगा। गोपालगंज जिले के विकास के लिए सभी कार्य किए जा रहे हैं। अगर कहीं कोई और समस्या होती है तो जानकारी दें उसका समाधान किया जाएगा। हमने जिलाधिकारी को कहा है कि किसी भी समस्या का तत्काल समाधान करें। गड़बड़ करनेवाले लोगों पर नजर रखें। हम सबके हित के लिए काम करते हैं किसी की उपेक्षा नहीं करते हैं। केंद्र सरकार भी राज्य के विकास के लिए सहयोग कर रही है। विभिन्न क्षेत्रों के लिए कई योजनाएं चलाकर बिहार को मदद कर रही है। हम लोगों के लिए शुरू से काम करते रहे हैं और करते रहेंगे। हमसब मिलकर बिहार के विकास के लिए काम करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने नववर्ष के अवसर पर सबको अपनी शुभकामनाएं भी दी।

### समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने की कई महत्वपूर्ण घोषणायें

गन्ना किसानों की मांग है कि उन्हें गन्ने के अच्छे दाम दिये जायें। हमने निर्णय लिया है कि गन्ने के दाम में 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की जायेगी। इसमें से 10 रु० प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की जा चुकी है। शेष 10 रु० प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी और की जायेगी जिसका खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। भ्रमण के दौरान उचकागांव प्रखंड के सलेमपट्टी गांव में लोगों ने आवागमन की समस्या के बारे में बताया। इसके निराकरण के लिए मीरगंज बाजार के बाईपास का निर्माण कराया जायेगा। इससे जिले के विजयीपुर, भोरे, कटेया, फुलवरिया एवं पंचदेवरी प्रखंडों के लगभग 10 लाख लोगों को जिला मुख्यालय आने-जाने में काफी सुविधा होगी। साथ ही मीरगंज बाजार में जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। भ्रमण के दौरान तुरकाहा गाँव में लोगों ने जाम की गंभीर समस्या बताई। इसके निराकरण के लिए एनएच- 27 से, ग्राम भोजपुरवा से तुरकाहा एन0एच0-531 तक गोपालगंज बाईपास का निर्माण कराया जायेगा। इसके निर्माण से गोपालगंज जिले का रिंग रोड पूरा हो जायेगा। किसानों द्वारा गन्ना ढुलाई के कारण उत्पन्न होनेवाली जाम की समस्या से निजात मिलेगी एवं अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों को भी सुविधा होगी। सारण तटबंध के बिन्दु 120 किमी से 152 किमी तक सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण किया जायेगा। इससे बाढ़ संबंधित सुरक्षात्मक कार्यों में सुविधा होगी। साथ ही लोगों को आवागमन में भी सुविधा होगी। 5हाल में कटेया औद्योगिक क्षेत्र में मैंने मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट का शिलान्यास किया था जहाँ वाहनों के आवागमन की समस्या है। इसके निराकरण के लिए कटेया औद्योगिकक्षेत्र के विकास हेतु चिन्हित स्थल को विजयीपुर देवरिया सड़क से जोड़ने हेतु बाईपास सड़क का निर्माण किया जायेगा। इससे बड़े वाहनों का परिचालन सुगम होगा एवं आमजनों को आवागमन में सुविधा होगी। माँ थावे मंदिर का विकास एवं सौंदर्याकरण किया जायेगा। यह काफी पुराना प्रसिद्ध मंदिर है। इसके निर्माण से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। गोपालगंज समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव जुड़े हुए थे।

# बेऊर जेल अधीक्षक के ठिकानों पर ईओयू की छापेमारी

## आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच के लिए पहुंचे अधिकारी

प्रात : किरण

पटना। बिहार के पटना स्थित बेऊर जेल के अधीक्षक के विभिन्न ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति मामले में शनिवार को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम ने छापेमारी की है। केंद्रीय कारा बेउर के अधीक्षक विधु कुमार के गांव स्थित पैतृक घर और जेल परिसर के पास स्थित सरकारी आवास पर आर्थिक अपराध इकाई ने शनिवार की सुबह धावा बोला। बताया जाता है कि आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारी आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच के लिए पहुंचे हैं। कुछ महीने पहले ही बिहार कारा सेवा के अधिकारी विधु कुमार की पटना के बेउर केंद्रीय कारागार में पदस्थापना हुई थी। इसके पहले वह मोतिहारी केंद्रीय कारा के अधीक्षक के पद पर तैनात थे। बताया जा रहा है कि आर्थिक अपराध थाना में इस मामले की एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रारंभिक रूप से इनके द्वारा आय से अधिक धर्नाजन से संबंधित साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस कार्रवाई में ईओयू द्वारा अधीक्षक की संपत्तियों और वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है। सूत्रों का दावा है कि अधीक्षक से जुड़ी संपत्तियों पर कई अहम दस्तावेज हाथ लगे। जांच टीम का दावा है कि करोड़ों रुपये की बेनामी संपत्ति का मामला उजागर हो सकता है। इधर, मोतिहारी के जमीन कारोबारी नीरज सिंह के ठिकानों पर भी शनिवार को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम ने छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, पटना से आई टीमें सुबह से ही इनके ठिकानों पर जांच कर रही है।

# हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता: बिजेन्द्र

प्रात : किरण

पटना। बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि वर्ष 2024 में राज्य के ऊर्जा प्रक्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियों हासिल की गयी तथा राज्य के लोगों को बिजली की बेहतर सेवा एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराने कि दिशा में कार्य किए गये। उन्होनें बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजनातर्गत राज्य के लोगों को अत्यंत सस्ती बिजली मुहैया करायी जा रही है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए कुल 15343 करोड़ रुपए की अनुदान की राशि स्वीकृत की गयी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि कृषि कार्य के लिए निर्धारित बिजली दर में राज्य सरकार द्वारा 92 प्रतिशत अनुदान दिए जाने के फलस्वरूप अब किसानों को मात्र 55 पैसे प्रति यूनिट बिजली का खर्च पड़ता है जिससे अब बिजली से सिंचाई करना डीजल तुलना में दस गुणा से भी अधिक सस्ता है। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत सम्बन्ध योजना के अंतर्गत राज्य के किसानों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कुल 1.50 लाख कृषि विद्युत सम्बन्ध के लक्ष्य को माह दिसम्बर 2024 में ही पूर्ण कर लिया गया है। श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुँचाना है। अतः किसानों को निःशुल्क कृषि सम्बंध दिये जाने के निर्धारित लक्ष्य को समय से पहले पूरा कर लेने हेतु रणनीति बनायी जा चुकी है। इसके साथ ही अलग कृषि फीडरों का निर्माण भी तेजी से किया जाना है। साथ ही कृषि फीडरों का सोलराईजेशन कार्य भी वर्ष 2025 के महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक है। उन्होंन बताया कि पिछले वर्ष कजरा में 254 मेगावाट आवर बैट्री एवं 185 मेगावाट का सौर परियोजना तथा देश की सबसे बड़ी बैटरी भंडारण परियोजना (254 मेगावाट आवर) का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। साथ ही पटना के बिक्रम में नहर किनारे दो मेगावाट की परियोजना के निर्माण एवं नवादा जिला के फुलवरिया जलाशय में 10 मेगावाट का फ्लोटिंग सोलर पावर परियोजना का कार्य प्रारंभ किया गया।

### 10433 सरकारी भवनों पर सोलर प्लांट का अधिष्ठापन :

जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत राज्य के सरकारी भवनों पर ग्रिड कनेक्टेड रूपटॉप सोलर परियोजना का अधिष्ठापन किया गया जा रहा है। जिसके तहत माह दिसम्बर 2024 तक कुल 10433 सरकारी भवनों पर 94.34 मेगावाट के तथा कुल 5683 निजी भवनों पर भी अबतक 21 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट का अधिष्ठापन किया जा चुका है। कृषि के लिए फीडर सोलरजाइजेशन योजना पीएमकुसुम के तहत राज्य के 1121 शक्ति उपकेन्द्रों से 3681 कृषि फीडर्स को सोलराईजेशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। मंत्री ने कजरा में 185 मेगावॉट के साथ 254 मेगावॉट आवर की बैटरी भण्डारण परियोजना को 2025 में ही पूरा करने का लक्ष्य बताया।

# सीएम ने गोलालगंज जिले में 72 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

प्रगति यात्रा

## सीएम नीतीश ने प्रगति यात्रा के दूसरे चरण की गोपालगंज जिले से की शुरूआत

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को गोपालगंज जिले से प्रगति यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत की। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने गोपालगंज जिले में लगभग 140 करोड़ रुपये की लागत से 72 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 7169.080 लाख रुपये की लागत से 61 योजनाओं का उद्घाटन तथा 6733.670 लाख रुपये की लागत से 11 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सात निश्चय के तहत 21.60 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिधवलिया गोपालगंज के प्रशासनिक भवन, कर्मशाला भवन, स्टाफ हॉस्टल, कैंटीन ब्लॉक, प्राचार्य आवास, उप प्राचार्य आवास, चाहरदीवारी, पहुंच पथ, स्थल विकास (वर्ष जल संचयन के



साथ), फर्नीचर एवं फर्निशिंग कार्य से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने वर्कशॉप का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने वर्कशॉप में हँड शीयरिंग मशीन, मेटल कटर मशीन, पिलर टाइप ड्रिल मशीन, सेंटर लेथ मशीन द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी ली। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोपालगंज के प्रांगण में मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के विकास योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास संबंधित शिलापट्टों का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी सुंदर भवन बन गया है। इसका नियमित रूप से रख-रखाव होना चाहिए। यहां स्टाफ के आवासन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि पठन-पाठन का कार्य स-समय होता रहे। यहां विद्यार्थियों के लिए भी हर प्रकार की व्यवस्था उपलब्ध करायी गई है। विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नई तकनीक संबंधित मशीनें लगाई गई हैं।

सीएम ने विकासात्मक योजनाओं का लिया जायजा

मुख्यमंत्री ने सिधवलिया प्रखंड के ग्राम पकड़ी के पोखरा टोला का भ्रमण कर कराए गए विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत जीर्णोद्धार कराए गए पकड़ी पोखर का मुआयना किया। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पकड़ी पोखर में सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं, ताकि आसानी से लोगों की पहुंच पोखर के जल तक हो सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पकड़ी पोखर के समीप पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने वर्ष 2019 में जल-जीवन-हरियाली अभियान को शुरू कराया। इसके तहत सभी सार्वजनिक कुओं, तालाबों, पोखरों आदि के जीर्णोद्धार का काम प्रारंभ कराया गया। पकड़ी पोखर भी अच्छे ढंग से बन गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पकड़ी पोखर में मछली का जीरा एवं बत्तखों को छोड़ा। मुख्यमंत्री ने वार्ड संख्या-8 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी जायजा लिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत गोपालगंज जिले के कुल1431 परिवारों को 4 करोड़ 31 लाख 11 हजार 755 रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने गोपालगंज जिले में जल-जीवन-हरियाली अभियान के सतह निर्मित 3 जलाशयों को विजयीपुर प्रखंड में जीविका संपोषित ग्राम संगठनों को अगले 5 वर्षों के लिए निःशुल्क आवंटन से संबंधित स्वीकृति पत्र जीविका दीदियों को प्रदान किया। 7050 जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 40280 जीविका दीदियों को बैंक लिंकेज के द्वारा आर्थिक सहयोग से संबंधित 141 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को प्रदान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विशेष सहायता योजना के लाभुकों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक प्रदान किया।

# संक्षिप्त खबरें

### हाई स्कूल में हुआ खेल प्रतियोगिता का आयोजन

फतुहा। शुक्रवार को बिहार सरकार शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग प्राधिकरण के तहत खेल सप्ताह कार्यक्रम समारोह के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय फतुहा में 60 मीटर,100 मीटर, 600मीटर और 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता को चयन किया गया। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित होने से बच्चों में छिपी खेल प्रतिभा में निखार आएगा। इस अवसर पर लिपिक ठाकुर दिनेश प्रसाद सिंह, बबीता गुप्ता सहित अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### रेलवे प्लैटफार्म से वृद्ध का शव बरामद किया गया

दानापुर खगौल। दानापुर रेलवे स्टेशन के प्लैटफार्म नंबर 3 के फुट ओवर ब्रिज के नीचे से संदिग्ध हालत में अज्ञात 70 वर्षीय वृद्ध का शव जीआरपी ने बरामद किया है। शव की पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली की एक 70 वर्षीय व्यक्ती प्लैटफार्म नंबर 3 पर मृत पड़ा है। अधिक उम्र, कुपोषण एवं ठंड लगने के कारण स्वाभाविक मृत्यु होना प्रतित हो रहा है। सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए सुरक्षित रखा दिया गया है।

### ऑटो पर पेड़ गिरने से ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त

दानापुर खगौल। रेलवे स्टेशन के समीप ऑटो स्टैंड पर मौजूद एक बड़ा गुल्लड़ का पेड़ उखड़कर ऑटो पर गिर गया। गनीमत रही कि पेड़ गिरते वक्त ऑटो पर कोई सवार नहीं था जिस कारण एक बड़ी घटना घटने से बच गई। ऑटो पर पेड़ गिरने से ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पेड़ के नीचे दब गया। खगौल के नवरत्नपुर का रहने वाला चालक रौशन कुमार ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह ऑटो स्टैंड स्थित पेड़ के नीचे अपना ऑटो खड़ा कर पास स्थित शौचलय चला गया था। ऑटो खाली था तभी जोर की आवाज के साथ पेड़ ऑटो पर जा गिरा

### दो वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

मसौढ़ी !पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न धाराओं में फरार दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया !गिरफ्तार आरोपी मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दूधिचक गांव निवासी शिव पासवान के पुत्र पितम्बर पासवान व रंजीत कुमार के नाम शामिल है !थाना अध्यक्ष विजय कुमार येदुवेंदु ने बताया कि इन सभी वारंटी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए थे, जिसके बाद न्यायालय की ओर से वारंट जारी किया गया था।

### अलग-अलग जगहों से दो शराबी गिरफ्तार

मसौढ़ी !पुलिस ने शुक्रवार की शाम अलग-अलग जगहों से शराब पीकर हंगामा कर रहे दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में मसौढ़ी भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मालिक प्रसाद के पुत्र शत्रुघन कुमार व बलईठा गांव निवासी विकास कुमार को गिरफ्तार किया है।

### मोबाइल चोरी कर भाग रहे चोर गिरफ्तार

मसौढ़ी !नगर मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति को मोबाइल चोरी कर भाग रहे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है !गिरफ्तार आरोपी पुनपुन थाना क्षेत्र के जोगापुर गांव निवासी रंजीत कुमार के पुत्र दीपक कुमार है !घटना के संबंध में पीड़ित व्यक्ति धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेड़ा गांव निवासी सत्यनारायण प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार की शाम मेरे पुत्र राहुल कुमार मसौढ़ी बाजार आया था !टेंपू स्टैंड के पास पैकेट से मोबाइल निकाल कर बात कर रहा था !उसी समय दो युवक आया और मेरे बेटे के हाथ से मोबाइल झपटा मारकर भागने लगा, स्थानीय लोगों के सहयोग राशि भाग रहे चोर को पकड़ पहले तो जमाकर धुनाई कर दी,उसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया !थानाध्यक्ष विजय कुमार येदुवेंदु ने बताया कि पकड़े गये कथित चोर मोबाइल स्वामी के द्वारा लिखित ब्यान के आधार गंगाचक मालिकाना मुहल्ले निवासी रौशन कुमार व उसके एक दीपक कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। दीपक कुमार को पूछताछ के बाद शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वही उसके साथ गंगाचक मालिकाना मुहल्ले निवासी रौशन कुमार फरार है।

# दशमेश पिता के प्रकाश पर्व पर निकली बड़ी प्रभातफेरी, नगर कीर्तन आज

● सजा कवि दरबार, तख्तश्री में रखा गया अखंड पाठ





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व पर शनिवार की अल सुबह तख्तश्री पटना साहिब से पंज प्यारों के नेतृत्व में झूलते निशान के साथ बड़ी प्रभातफेरी निकाली गई। यह हाजीगंज, पूरब दरवाजा, मोर्चा रोड से होते हुए पटना साहिब स्टेशन पहुंची। यहां चाय-नाश्ता करने के बाद फिर यहां से चौकशिकारपुर आरओबी से होते हुए गुरु गोविंद सिंह पथ, शहीद भगत सिंह चौक होते हुए वापस तख्तश्री पटना साहिब लौटी। प्रभातफेरी में बैंड बाजा के अलावा महिला पुरुषों के कीर्तन जत्था कीर्तन करते चल रहे थे। वहीं गतका पार्टी के द्वारा भी विभिन्न तरह के कलाबाजी पेश किया जा रहा था। प्रभातफेरी में सबसे आगे हाथी और ऊंट था। इसके बाद बैंड बाजा, कीर्तनी जत्था भी कीर्तन करते और जयकारा करते चल रहे थे। रास्ते में जगह-जगह प्रभातफेरी में शामिल पंज प्यारों और संगतों का स्वागत भी किया गया। इधर मुख्य प्रकाश पर्व को लेकर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में अपर मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में अखंड पाठ रखा गया। वहीं गुरुद्वारा गायघाट में चल रहे अखंड पाठ का समापन रविवार को होगा। इसके बाद वहां विशेष दीवान सजेगा, जहां कीर्तन और कथा होगी। इस दौरान अरदास के बाद दीवान की समाप्ति होगी। इसके बाद नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो अशोक राजपथ के विभिन्न रास्ते से होते हुए तख्तश्री पटना साहिब में आकर समाप्त होगा। दूसरी ओर जत्थेदार बलदेव सिंह की देखरेख में विशेष दीवान में दरबार साहिब के अंदर आशा दी वार भाई हरभजन सिंह व शबद कीर्तन भाई जोगिंदर सिंह ने की। इसके बाद अरदास, हुकुमनामा और कड़ाह प्रसाद का वितरण किया गया। सजे दीवान में कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह ने कथा कही। शबद कीर्तन में भाई कविंद्र सिंह, भाई जगत सिंह, भाई नरेंद्र सिंह और भाई विक्रम सिंह ने कीर्तन से संगतों को निहाल कराया। गुरमत समागम में सोदर चौकी रागी भाई देवेंद्र सिंह, रागी जत्था सोहलवाले ने की। इसके बाद रहिरास साहेब का पाठ, अरदास के बाद हुकुमनामा हुआ। आरती के बाद सालिस राय दीवान हॉल में गुरमत समागम में खोसा कोटला के संत ज्ञानी गुरमीत सिंह ने कथा कही। भाई देवेंद्र सिंह ने शबद कीर्तन किया। इसके बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत महंत करमजीत सिंह यमुनानगरवाले ने की। संचालन महासचिव इंद्रजीत सिंह और वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने किया। आयोजन में रछपाल सिंह पाल, जोगिंदर सिंह उमरानगर, बलवीर सिंह बल, कुलदीप सिंह दराजके, मलकीत सिंह निभाना, शुक्रगुजार सिंह, मनजीत कौर, जतिंदर कौर आनंदपुरी, बलवीर सिंह कवल, जमीर अली जमीर, अवतार सिंह तारी, चैन सिंह चक्रवर्ती, बीबी प्रीति कौर, करमजीत सिंह नूर, डॉ हरि सिंह जाचक, डॉ सतवीर सिह शाम, बाबा अवतार सिंह विद्यार्थी ने अपनी प्रस्तुति से संगतों के बीच समा बांध दिया। विदित हो कि दशमेश पिता भी कभी दरबार के शौकीन थे और वह कवियों और संगीतकारों को खासा तवज्जो दिया करते थे।

## सुदर्शन स्वामी के निर्वाणोत्सव पर निकला शोभायात्रा, चढ़ा निर्वाण लड्डू





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

ब्रह्मचर्य व्रत के अडिग साधक शील व्रतधारी महान जैन संत महामुनि श्री सुदर्शन स्वामी के निर्वाण दिवस पर शनिवार को शोभायात्रा निकाली गई। जैन समाज के द्वारा निकाला गया रथयात्रा हाजीगंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन गुरारा मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकली, जो चौक, मच्छरहटा, खाजेकलां, पश्चिम दरवाजा होते हुए सुदर्शन पथ के गुलजारबाग स्थित श्री कमलदह जी दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र पहुंची। मीडिया प्रभारी वीरेंद्र जैन एवं प्रवीण जैन ने बताया कि महामुनि सुदर्शन स्वामी की निर्वाण भूमि गुलजारबाग स्थित कमलदह जैन मंदिर में प्राचीन चरण पादुका स्थल पर भगवान का 108 कलशों से जलाभिषेक, महाशांतिधारा के बाद पूजा-अर्चना कर निर्माण लड्डू चढ़ाया गया। शोभायात्रा में जैन समाज की महिलाएं, पुरुष व बच्चे भजन कीर्तन करते चल रहे थे। सुदर्शन स्वामी की प्रतिमा से आलोकित फूल मालाओं से सुसज्जित रथ यात्रा से मार्ग का वातावरण भक्तिमय हो गया। सचिव तिलक जैन ने बताया कि शोभायात्रा के आगे श्रद्धालु जैन श्लोकों का बैनर शांति पताका लिए चल रहे थे। इसमें क्षमा और करुणा की प्रतिमूर्ति संत सुदर्शन स्वामी के उपदेशों के बैनर लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रहे थे। इस अवसर पर विजय कासलीवाल, सौभाग्यमल लुहाड़िया, कमल गंगवाल, धीरज सेठी, वीरेन्द्र जैन, प्रवीण जैन, तिलक जैन, विपिन जैन, पवन कुमार जैन, सुबोध जैन, अखिलेश जैन, प्रदीप छाबड़ा, दीपक कासलिवाल, सुनील जैन, पराग जैन, मंजू जैन, अंकित जैन, संजय जैन आदि श्रद्धालु शामिल हुए।

## गुरुद्वारा बाललीला में नवनिर्मित ने अस्थायी आवास संगतों को सौंपा

**संगतों के जीवन शैली के अनुरूप बनाए जा रहे गुरु घर के सराय**



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मौजूदा दौर में जिस तरह लोगों के रहन-सहन का तरीका बदल गया है, उसी तरह गुरु घर की सरायों में भी श्रद्धालु साफ-सफाई और आधुनिक सुविधाओं की उम्मीद करते हैं। यह विचार संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले ने गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में नवनिर्मित श्री गुरु नानकदेव यात्री निवास में पूर्ण हो चुके कमरे का दरवाजा खोलने और अस्थायी आवास प्रदान करते समय व्यक्त किए। बाबा भूरीवाले ने कहा कि बदलती जीवनशैली, भवन निर्माण की तकनीक और नई सुख सुविधाओं का उपयोग कर समय का मित्र बनना भी जरूरी है। शौचालय, आरामदायक बिस्तर, ड्रेसिंग टेबल के अलावा इन सुविधाओं से सुसज्जित नए सराय बनाए जा रहे हैं। इस अवसर पर संत बाबा अवतार सिंह जी सुरसिंहवाले को फैंसी लाइटें, दो कुर्सियां और एक मेज भी प्रदान की गई है। मौके पर सुमित सिंह कलसी, बाबा अवतार सिंह धतलांवाले, बाब सुखविंदर सिंह जी भूरीवाले, बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा गुरनाम सिंह, महंत गोपाल सिंह कोठारी, एडवोकेट मनजीत सिंह छीना, बाबा सिंह गुरमनपुरा, श्री सुखराज सिंह संधू, एस नवतेज सिंह वेरका, एस राम सिंह भिंडर, गोनी गुरपिंदर सिंह, एस हरसिमरन सिंह, एस कुलदीप सिंह पंडोरी, श्री मलिक सिंह, श्री परगट सिंह बटाला, नवदीप सिंह, सुखबीर सिंह सुल्तानविंड, मास्टर प्रदीप सिंह, हरमनप्रीत सिंह हुंदल, जसप्रीत सिंह जॉली, रविशेर सिंह शेरा, गुरजीत सिंह रंधावा, जगुराज सिंह, दिलबाग सिंह, बाबा रतन सिंह, बाबा मिंटा सिंह, बाबा राजन सिंह, बाबा सरवन सिंह, बाबा गुरबंत सिंह, राम सिंह और संगत उपस्थित थी।

**कैप्शनः**

श्री गुरु नानक देव जी यात्री निवास गुरुद्वारा बाब लीला मैनी संगत द्वारा नवनिर्मित कमरे का दरवाजा खोलते हुए संगत को अस्थायी आवास प्रदान करते हुए, संत बाबा सिंह जी कश्मीर सिंह जी भूरीवाले, उनके साथ एस. सुमीत सिंह कलसी, बाबा सुखविंदर सिंह जी हैं , बाबा गुरविंदर सिंह पटना, सारा राम सिंह भिंडर और अन्य।

गुरुद्वारा बाल लीला मैनी संगत में संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाला द्वारा तैयार श्री गुरु नानक देव जी यात्री निवास में पूर्ण अत्याधुनिक कमरे का एक दृश्य।

## जी डी गोयनका पटना में एनईपी 2020 के कार्यान्वयन की व्यवहारिक चुनौतियां व समाधान विषय पर दो दिवसीय सेमिनार

**एनईपी 2020 के सफल कार्यान्वयन हेतु एक राष्ट्र एक पाठ्यक्रम की लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य करना आवश्यक**

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर । गोपाल विद्यार्थी` स्थानीय आरकेपुरम कॉलोनी स्थित जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल पटना में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में व्यावहारिक चुनौतियां और समाधानह्न विषय पर शुक्रवार से आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला शनिवार को सम्पन्न हुआ। आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन सीओई पटना प्रमुख रवि प्रकाश, सेक्शन ऑफिसर राघवेंद्र कुमार व जीडी गोयनका पटना के प्राचार्य डॉ मधुकर झा ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किए। इसके पाश्चात्य छात्राओं ने गोयनका स्कूल गीत की प्रस्तुति दीं सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में आईएसटीएम दिल्ली के डिप्टी डायरेक्ट जितेन्द्र भट्टी, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल की प्राचार्या सह सीबीएसई रिसोर्स पर्सन मिताली मुखर्जी एवं यूसी जोशी मौजूद थे। सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे जीडी गोयनका के प्राचार्य डॉ मधुकर ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने राष्ट्रीय संगोष्ठी की विषय-वस्तु पर संक्षिप्त रूपरेखा भी प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता सह प्रसिद्ध विशेषज्ञ जितेन्द्र भट्टी समेत अन्य अतिथियों ने इस महत्वपूर्ण विषय पर कार्यशाला आयोजित करने के लिए विद्यालय प्रशासन को बधाई दी। श्री भट्टी ने अपने विशेषज्ञ नोट में ऑनलाइन डिजिटल दृष्टिकोण से संबंधित चुनौतियों पर बात की और इन चुनौतियों का समाधान भी प्रस्तुत किया। वहीं मिताली मुखर्जी ने एनईपी 2020 की सिफारिशों को व्यावहारिक रूप से लागू करने में आने वाली कठिनाइयों पर ध्यान केंद्रित किया और विशेष रूप से शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें दूर करने के लिए सुझाव भी दिए। वहीं यूसी जोशी ने एनईपी 2020 लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए जीवन कौशल शिक्षा पर बात की। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को सीखने और शिक्षा के साथ भी जोड़ा। वहीं उन्होंने जमीनी स्तर पर पाठ्यक्रम कार्यान्वयन से जुड़ी चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया। कार्यशाला के दूसरे दिन शनिवार को तीनों वक्ताओं ने एनईपी-2020 की खूबियों और भारतीय ज्ञान पर आधारित सही मायने में इसके कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर बात की। मूल्यांकन और परीक्षा प्रणाली में सुझावात्मक उपायों पर भी ध्यान केंद्रित किया। आयोजित कार्यशाला में पटना जिले के विभिन्न स्कूलो के 60 से अधिक प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल होकर एनईपी 2020 के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर बात कर समाधान के बारे में जानकारी हासिल किए । वहीं अतिथियों ने कार्यशाला की सफलता के लिए सबों को बधाई देते हुए कहा कि एनईपीः 2020 के सफल कार्यान्वयन के लिए, ह्यएक राष्ट्र, एक पाठ्यक्रमह्न के लक्ष्य को प्राप्त करने पर काम करना आवश्यक है। आयोजक सह जी डी गोयनका के प्राचार्य डॉ मधुकर झा ने बताया कि शिक्षकों को एनईपी 2020 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल के बारे में समुचित जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला अत्यंत प्रेरणादायी लाभदायक रहा। कार्यशाला का सफल समापन पर उन्होंने मौजूद अतिथियों व प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रति आभार जताया ।

## सुशील मोदी की स्मृति में किया गया कंबल का वितरण



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व बिहार भाजपा के मजबूत स्तंभ रहे स्व सुशील मोदी के स्मृति पर मालसलामी क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इसमें स्व सुशील मोदी की जीवन संगिनी जेस्सी मोदी भी मौजूद रहीं। भाजपा एनआरआई सेल के संयोजक मनीष सिन्हा ने बताया कि स्व मोदी की स्मृति में कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव के हाथों जरूरतमंदों को प्रदान किया गया। मनीष सिन्हा ने कहा कि स्व सुशील मोदी आजीवन गरीबों के लिए काम किए। वे सदन से लेकर सड़क तक गरीबों की आवाज उठाते रहे। आयोजन को सफल बनाने के लिए अखिल भारतीय वैश्य संगठन के सदस्यों का आभार प्रकट किया।

## न्यू एज इंटरनेशनल ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। प्रकाशन के क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय संसथान न्यू एज इंटरनेशनल प्रा.लि. ने ठंड से ठिठुरती पटना शहर में बेसहारा और गरीबों के बीच राहत कार्य के तहत कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत शहर के विभिन्न सड़कों पर घुम घुम कर वास्तविक रूप से जरूरतमंदों की पहचान कर उन्हें कंबल प्रदान किये गए। मौके पर संस्थान की निदेशक सौम्या गुप्ता,बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर जे.के द्विवेदी, मुख्य अतिथि प्रेम कुमार, जिला पार्षद अध्यक्ष और विशेष अतिथि के तौर पर बिहार की प्रसिद्ध साहित्यकार और लिट्रा पब्लिक स्कूल की निदेशक ममता मेहरोत्रा उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि प्रेम कुमार ने मौके पर कहा कि राजनीति में रहते हुए जनसेवा एक जिम्मेदारी है, लेकिन न्यू एज इंटरनेशनल द्वारा की जा रही जन सेवा निश्चित रूप से सराहनीय है और दूसरी व्यवसायिक कंपनियों को भी इसका अनुसरण करते हुए अपने सामर्थ्य के हिसाब से जरूरतमंदो की सेवा करनी चाहिए।

अपने वक्तव्य में ममता मेहरोत्रा ने कहा कि कड़ाके की ठंड में हमें जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। अगर ईश्वर ने थोड़ा भी सामर्थ्य दिया है तो हमें उसका उपयोग जनसहयोग में करना चाहिए। उन्होंने सामर्थ्यवान लोगों से अपील करते हुए कहा कि एक बार इस तरह की पहल करके तो देखिए कितनी खुशी मिलती है आपको। जब आप अपने दिये हुए कंबल पाकर पाने वाले की आंखों में खुशी देखेंगे तो आप भी खुद को खुश और गौरवान्वित महसूस करेंगे। संस्थान की निदेशक सौम्या गुप्ता ने कहा कि हम मुख्य रूप से प्रकाशन का काम करते हैं। लेकिन जरूरत पड़ने पर संस्थान के सामर्थ्य के अनुसार जन सेवा भी करते हैं। कंबल वितरण का यह कार्य इसी का एक हिस्सा है। मौके पर संस्थान के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर जे.के द्विवेदी ने कहा हमारी संस्था बिजनेस तो करती ही है, लेकिन संस्थान प्रमुख की दिलचस्पी जन सेवा में भी है। यही वजह है कि हमने सड़कों पर जीवन व्यतीत करने वालों को कंबल देकर थोड़ा राहत पहुंचाने की कोशिश की है।

## चमडोरिया से चौक मोड़ के बीच रास्ता को किया वन-वे



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दशमेश पिता के प्रकाश पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा अनेक निर्णय लिए गए हैं। इस दौरान अशोक राजपथ के शहीद भगत सिंह चौक से पूरब चमडोरिया मोड़ के बीच आवागमन को वन-वे कर दिया गया है। इस दौरान चमडोरिया की ओर से चौक की ओर केवल वाहनों का आना होगा, जबकि भगत सिंह चौक से चमडोरिया की ओर केवल दोपहिया वाहनों को जाने की अनुमति दी जा रही है। ऐसे में बाहर से ऑटो और ई-रिक्शा से तख्तश्री पटना साहिब जा रहे संगतों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त वाहन के चालक आगे नहीं जाने देने की बात कह कर उन्हें मारवाड़ी हाई स्कूल के पास ही उतार दे रहे हैं। हालांकि जब पुलिस के जवानों की नजर वाहन सवार सिख परिवार की ओर जाती है, तो ऐसे वाहन को आगे जाने की अनुमति दी जाती है। वहीं उक्त दूरी में वाहनों का परिचालन एकतरफा कर दिए जाने से खासकर रामबाग की कपड़ा थोक मंडी एवं अन्य लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करण कि इस दूरी में रहने वाले और कारोबार करने वालों को वाहनों को नहीं जाने देने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति कम से कम आगे दो दिन और रहने की संभावना है।

## पटना के सौ से अधिक मंदिरों में होगा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री राम लला के 500 वर्षों के पश्चात विगत वर्ष अयोध्या में विराजमान हुए श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर 11 जनवरी को शहर में सौ से अधिक मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय बिस्कोमान गोलंबर स्थित अजेय रामदूत फाउंडेशन के प्रधान कार्यालय में आयोजित बैठक में लिया गया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि सनातन परंपरा में मयार्दा पुरुषोत्तम कहे गए श्री राम का संपूर्ण जीवन मानव को जीने की कला सिखाता है। जीवन के हर क्षेत्र का ज्ञान हमें भगवान श्री राम के जीवन दर्शन से प्राप्त होता है। इस ज्ञान को हमारी अगली पीढ़ी भी जानकर आत्मसात करे, इसी के उद्देश्य से पुनः इस वर्ष भी उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मंदिरों में दीपोत्सव, हनुमान चालीसा पाठ, आरती, झांकी आदि की व्यवस्था की गई है। डॉ प्रकाश ने यह भी बताया कि अजेय रामदूत फाउंडेशन, राजाओं के राजा विघ्नहर्ता सेवा समिति, श्री राम सनातन सेना, दिनकर सेवा समिति, श्री राम लला मंच, श्री राम जानकी विवाह समिति आदि संगठन के पदाधिकारी अब से सक्रिय भूमिका में रहेंगे। सभी स्थानों पर हनुमान चालीसा के साथ प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। बैठक में डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, वीणा प्रकाश, डॉक्टर एचपी सिंह, विकास कुमार मौड़ीवाल, डॉ कुमार अंजनेयम, डॉ टीएल मौर्या, मनीष कुमार, प्रियंका रॉय, विशाल कुमार गुप्ता आदि ने अपना विचार रखा। श्रुति कुमारी, जितेंद्र कुमार, कामिनी कुमारी, सोनी देवी का सहयोग सराहनीय रहा।

## कांग्रेसी नेता दशरथ केसरी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



कसेरा पंचायत भवन खाजेकलां में वरिष्ठ कांग्रेसी एवं समाजसेवी स्व दशरथ केसरी के निधन के बाद श्रद्धांजलि सभा वरिष्ठ कांग्रेसी सुजीत कुमार कसेरा की अध्यक्षता एवं सीपीई नेता देव रतन प्रसाद के संचालन में हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष निर्मलेंदु वर्मा रहे। धन्यवाद ज्ञापन राजद नेता मो साबिर अली ने किया। स्व केसरी का पिछले दिनों 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वे एक जुझारू, निष्ठावान कांग्रेस पार्टी के सिपाही थे। वह कांग्रेस के अलावा समाजसेवी भी थे। इन्होंने अपने परिवार में छह बच्चों के पिता के कारण व्यापार ठप होने पर परेशान थे। उस कारण इन्होंने 1995 से हम दो हमारे दो (छोटा परिवार सुखी परिवार) के लिए इन्होंने अपनी साइकिल से पटना से दिल्ली तक की यात्रा की थी। इस अभियान के लिए स्व केसरी हजारों किलोमीटर साइकिल यात्रा किए। उस जागरूक यात्रा से प्रभावित होकर बिहार सरकार ने भी सराहना कर सम्मानित किया था। स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार ने बीस हजार का किसान विकास पत्र देकर प्रोत्साहित किया था। इनके निधन से कांग्रेस पार्टी के अलावा सभी क्षेत्र के लोग दुखी हैं। श्रद्धांजलि सभा में उनके तस्वीर पर फूल माला पहनाकर पुष्पांजलि दी गई। आयोजन में मो हनीफ शेख, शमीम अख्तर, अशोक यादव, रवि गोल्डेन, मृणाल अनामय, जगजीत सिंह, फिरोज हसन, राजद नेता मो जावेद, इकबाल अहमद, विकाश गुप्ता, शम्भू सिंह, फैजुल रहमान, सत्यनारायण मिश्रा, प्रदीप यादव, उषा देवी, रेखा केसरी आदि शामिल थे।

## अंतर ज्योति बालिका विद्यालय में मनाई गई लुई ब्रेल की जयंती

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार नेत्रहीन परिषद द्वारा दो दिवसीय लुई ब्रेल जयंती कार्यक्रम का आयोजन कुम्हरार स्थित अंतर ज्योति बालिका विद्यालय परिसर में किया गया। ब्रेल लेखन एवं पठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम लुई ब्रेल की प्रतिमा पर परिषद के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा माल्यार्पण किया गया। अतिथियों का स्वागत परिषद के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ आरएन सिंह ने किया। स्वागत भाषण में उन्होंने लुई ब्रेल को लाखों दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए प्रेरक बताया। परिषद के सचिव लखन पंडित ने परिषद की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बिहार सरकार से बिहार के सरकारी नेत्रहीन विद्यालयों की जर्जर अवस्था को ठीक करने और विद्यालयों में रिक्त शिक्षक पदों को भरने की मांग की। इस अवसर पर परिषद के महासचिव रवींद्र प्रसाद सिंह व पूर्व सचिव रमेश प्रसाद सिंह ने वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में जुड़ कर अपने उद्बोधन में लुई ब्रेल को महात्मा की संज्ञा देते हुए विश्व में लाखों दृष्टिबाधितों को रोजगार प्रदान करने, आर्थिक रूप से मजबूत करने व स्वाबलंबी बनाने में सहयोग प्रदान किया। पटना में एक सड़क का नाम लुई ब्रेल के नाम पर करने की सरकार से मांग की गई। व्यवसायी मनीष कुमार ने अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में अंतर्ज्योति बालिका विद्यालय की छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए अपनी ओर से सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुखसागर प्रसाद ने ब्रेल लेखन पाठन के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ब्रेल लेखन -पठन प्रतियोगिता नियमित रूप से होना चाहिए, ताकि छात्राओं में ब्रेल के प्रति रुझान बना रहे। इसके बाद अतिथियों व पदाधिकारी द्वारा लेखन पाठन प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों तमन्ना भारती, दुर्गावती, मीनू, आरुषि, अंशु, रश्मि, तनीषा, नव्या, लवली, पुष्पा, रागिनी कुमारी आदि को पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन परिषद की उपाध्यक्ष अनुराधा सिंह और मंच संचालन उपाध्यक्ष प्रो आनंदमूर्ति ने किया।

# 11 लाख सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का लक्ष्य : मंत्री

## राज्य की अधिकतम बिजली आपूर्ति 8005 मेगावाट तक की गयी



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि वर्ष 2024 में राज्य के ऊर्जा प्रक्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की गयी तथा राज्य के लोगों को बिजली की बेहतर सेवा एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराने कि दिशा में कार्य किए गये। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट के अन्तर्गत सभी पंचायतों में वर्ष 2024 में 4.60 लाख सोलर स्ट्रीट लगाये जा चुके हैं तथा इस वर्ष निर्धारित कुल 11.00 लाख सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया गया कि पिछले वर्ष 2024 रिवैम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम योजना के तहत कुल 465 डेडिकेटेड कृषि फीडर बनाये गये तथा 35098 सर्किट किलोमीटर वितरण लाईन का रिकन्डक्टरिंग किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-2024 में पहली बार राज्य की दोनों वितरण कम्पनियां वित्तीय रूप से आत्म निर्भर हो गयी हैं जिसके तहत वितरण कम्पनियों द्वारा पहली बार वित्तीय मुनाफे के साथ रिकॉर्ड राजस्व संग्रहण किया गया है। वितरण कम्पनियों के आत्म निर्भर होने से उपभोक्ताओं को 15 पैसे सस्ती बिजली उपलब्ध होगी। वर्ष 2024 में अभी तक की राज्य की अधिकतम बिजली आपूर्ति 8005 मेगावाट तक की गयी है। पिछले वर्ष में वितरण कम्पनियों की व्यवसायिक एवं तकनीकी हानि 9.91 प्रतिशत पहुँच गयी है, जो वर्ष 2005 में 59 प्रतिशत थी।

### 2024 में 07 ग्रिड उपकेन्द्रों का किया गया ऊर्जान्वित

ऊर्जा मंत्री द्वारा जानकारी दी गयी कि वर्ष 2024 में कुल 07 ग्रिड उपकेन्द्रों का ऊर्जान्वित किया गया, अब राज्य में ग्रिड उपकेन्द्रों की संख्या 170 हो गई है। राज्य की संचरण कम्पनी द्वारा पहली बार गैस इन्सुलेटेड स्विचगियर तकनीकी पर आधारित पटना में तीन ग्रिड उपकेन्द्रों (दीघा, मीठापुर एवं बोर्ड कॉलोनी) को ऊर्जान्वित किया गया। संचरण प्रणाली सुदृढीकरण एवं विस्तार की योजनाओं के पूर्ण होने से वर्ष 2024 में संचरण विद्युत निकासी 14928 मेगावाट हो गयी है। अगले वर्ष राज्य के संचरण कम्पनी का पहला 400 के0वी0 स्तर का ग्रिड उपकेन्द्र, बख्तियारपुर को ऊर्जान्वित किये जाने का लक्ष्य है। ऊर्जा मंत्री द्वारा बताया गया कि गत वर्ष पटना में आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 में राज्य के अंतर्गत सबसे अधिक निवेश के इकरारनामा नवीन एवं नवीकरणय ऊर्जा प्रक्षेत्र के लिए किया गया। उन्होंने पम्प स्टोरेज पावर प्रणाली एवं ग्रीन हाईड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र इस वर्ष नयी परियोजनाओं को लगाये जाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग निवेशकों को इस कार्य हेतु सभी प्रकार के आवश्यक सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य के लोगों को सस्ती, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली के साथ-साथ उन्हें उत्कृष्ट सेवा एवं सुविधाएँ मिले इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के दूरदर्शी सोच एवं प्रतिबद्धता को मूर्त रूप देने के लिए ऊर्जा विभाग तथा राज्य की विद्युत कम्पनियों सतत प्रयत्नशील है।

# प्रगति यात्रा : मुख्यमंत्री ने गोपालगंज जिले में निर्माण कार्य का किया अवलोकन



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के दौरान गोपालगंज जिला के उचकागांव प्रखंड के सलेमपुर ग्राम में प्रस्तावित मीरगंज बाईपास के प्रारंभिक बिंदु का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को गोपालगंज जिला के हथुआ अनुमंडल अंतर्गत प्रस्तावित योजनाओं का मार्ग आरेखन विधि से अधिकारियों ने जानकारी दी। इसके अंतर्गत मुख्यमंत्री को बताया गया कि मीरगंज बाईपास पथ की कुल लंबाई 3 किमी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने मीरगंज बाईपास से विजयीपुर प्रखंड के पगड़ा (यूपी बॉर्डर) तक संपूर्ण सड़क की चौड़ीकरण कार्य की भी जानकारी ली। इसके तहत मीरगंज बाईपास होते हुए भोरे-विजयीपुर-पगड़ा पथ की प्रस्तावित कुल लंबाई 47 किमी है। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि बैरिया बाईपास पथ की प्रस्तावित कुल लंबाई 5.7 किमी है तथा उचकागांव से दही नदी पर बननेवाले एचएल ब्रिज की कुल लंबाई 60 मीटर की होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने चौरांव पंचायत के तुरकहां गांव में प्रस्तावित गोपालगंज बाईपास के अंतिम छोर का भी अवलोकन किया जहां अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इसकी प्रस्तावित कुल लंबाई 12.65 किमी है। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान, विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय, विधान पार्षद राजीव कुमार, पूर्व मंत्री रामसेवक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय कुंदन कृष्णन, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक, गोपालगंज जिला के जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## तेजस्वी का कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम का छठा चरण आज से



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम का छठा चरण 05 जनवरी से प्रारंभ हो रहा है। तेजस्वी यादव शनिवार को अपने पटना स्थित आवास से सड़क मार्ग से मोतिहारी के लिए प्रस्थान किए। उक्त जानकारी देते हुए राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने बताया कि छठा चरण में 05 जनवरी से 13 जनवरी तक वे कुल 07 जिला संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे। तेजस्वी यादव जी दिनांक 05 जनवरी को पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) एवं संगठन जिला मधुबन, 07 जनवरी को कैमूर, 08 जनवरी को बक्सर, 11 जनवरी को पुलिस जिला बगहा, 12 जनवरी को पश्चिमी चंपारण (बेतिया), 13 जनवरी को गोपालगंज में आयोजित कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करेंगे। राजद प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव के हस्ताक्षर से जारी किये गये नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के कार्यक्रम की सूचना सभी जिला अध्यक्ष को भेज दी गई है। पार्टी के मार्गदर्शन अनुसार कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी जिला जिलाध्यक्ष और सभी जिला प्रभारी अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में तैयारी में जुटे हुए हैं। राजद प्रवक्ता ने बताया कि आगे की कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम की घोषणा भी जल्द हीं किया जाएगा।

# नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से तेज होगी विकास की गति : उमेश

## नीतीश कुमार ने देश-दुनिया में पेश किया सुशासन का सर्वोत्तम उदाहरण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से प्रदेश में न्याय के साथ सवार्गीण विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान और उन तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की सुगमता के साथ पहुँच सुनिश्चित करना नीतीश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के साथ ही बहन-बेटियों और महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर शानदार कार्य हो रहे हैं। दीर्घकालिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ कर गांवों को भी विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास जारी है। नीतीश सरकार का व्यापक लक्ष्य वंचित-शोषित और कमजोर वर्गों को सशक्त और सबल बनाना है।

श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता के प्रति हमेशा से बेहद संवेदनशील रहे हैं। जनता के बीच में जाना, उनसे सीधा संवाद स्थापित करना और उनकी समस्याओं से रूबरू होना हमारे नेता की कार्यशैली का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान श्री नीतीश कुमार कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी कर रहे हैं जिससे आम जनता के जीवन में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

आगे उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में बिहार की बागडोर संभालने के बाद से हमारे नेता नीतीश कुमार ने देश-दुनिया में सुशासन का सर्वोत्तम उदारहण पेश किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारा बिहार विकास की लंबी और ऊंची छलांग लगाने के लिए अब तैयार है। हमारे नेता की दूरदर्शिता और आसाधारण कार्यक्षमता से हर कोई प्रभावित है। आने वाला समय विकास के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा और विकसित बिहार बनाने के लक्ष्य को हम निश्चित प्राप्त करेंगे।

# बिहार को पुलिस राज में बदलना बंद करे सरकार: भाकपा माले

पटना। भाकपा माले के राज्य सचिव कुणाल ने कल बीपीएससी अभ्यर्थियों के मसले पर छात्र-युवा संगठनों द्वारा आयोजित आंदोलन का समर्थन करने पहुंचे माले, कांग्रेस और सीपीआईएम के विधायकों पर दर्ज किए गए मुकदमों और आज गोपालगंज में मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान माले नेताओं को हाउस अरेस्ट करने की तीखी निंदा की। उन्होंने कहा कि बिहार में दमन की इन कार्रवाइयों ने साफ कर दिया है कि सरकार लोकतांत्रिक आंदोलनों को दबाने के लिए पुलिस राज की स्थापना करना चाहती है। भाकपा माले इसका हर स्तर पर विरोध करेगी। कुणाल ने कहा कि बीपीएससी परीक्षा में हुई धांधली और भ्रष्टाचार के खिलाफ छात्र-युवा संगठनों द्वारा उठाई गई मांगें पूरी तरह जायज हैं। लेकिन सरकार उनसे वार्ता करने के बजाय दमनकारी रवैया अपना रही है। शांतिपूर्ण आंदोलनों को कुचलने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल और विधायकों पर मुकदमे दर्ज करना लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इस तानाशाही रवैये को देख रही है और इसका संगठित व सशक्त जवाब देगी। कुणाल ने बताया कि गोपालगंज में मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान पार्टी के नेताओं को निशाना बनाया गया। राज्य कमिटी सदस्य और आरवाईए के राज्य अध्यक्ष जितेंद्र पासवान, जिला कमिटी सदस्य अजातशत्रु और कमलेश प्रसाद को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। वहीं, जिला कमिटी सदस्य राघव प्रसाद और राज्य कमिटी सदस्य रवींद्र सिंह को थाना में बैठा दिया गया। यह कार्रवाई न केवल राजनीतिक प्रतिशोध है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन भी है। भाकपा माले ने साफ किया कि आंदोलनकारियों की आवाज को दबाने की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। पार्टी हर स्तर पर जनता के मुद्दों को उठाने और तानाशाही के खिलाफ संघर्ष तेज करेगी। सरकार अगर अपने रवैये में बदलाव नहीं लाती है, तो इसका जवाब बिहार की जनता लोकतांत्रिक और जन आंदोलन के माध्यम से देगी।

# कृषि विभाग को समय पर मिली योजना की राशि : मंगल

**भारत सरकार से प्राप्त सभी राशि का शत-प्रतिशत हुआ व्यय**

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बिहार सरकार के कृषि मंत्री मंगल पांडेय की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कृषि भवन में एक बैठक हुई। जिसमें किसान कल्याण हेतु कार्ययोजना एवं आगामी बजट पर चर्चा की गयी। उसी क्रम में बिहार सरकार के कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को को धन्यवाद देते हुए कहा कि बिहार को अगले वित्तीय वर्ष में ससमय विभिन्न योजनाओं का आवंटन दे दिया गया है। इससे हम लोग इस वर्ष बेहतर योजना बना पाएंगे और समय पर क्रियान्वयन कर पाएंगे। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार बिहार सरकार के पदाधिकारी भारत सरकार के पदाधिकारियों से समन्वय कर सभी योजनाओं का त्वरित कार्यान्वयन कर रहे हैं, इस कारण प्रदेश में भारत सरकार से प्राप्त सभी राशि का शत -प्रतिशत व्यय कर दिया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में कृषि विज्ञान केंद्र को पहले के मुकाबले और सुदृढ़ करने की दिशा में प्रयास जारी है, ताकि किसानों को उनका लाभ बेहतर तरीके से मिल सके। बिहार की जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान पिछले वर्ष लगभग 20 प्रतिशत रहा है। केंद्र से मिल रही सहयोग के बाद आने वाले समय में बिहार की जीडीपी में कृषि का योगदान पहले के मुकाबले और बढ़ेगा। आदरणीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में कृषि एवं उसकी सहयोगी संस्थाओं का बहुमूल्य योगदान देष की जीडीपी को बढ़ाने में आगामी वर्ष भी जारी रहेगा। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के छोटे व सीमांत किसानों को सशक्त बनाने के लिए कृषक उत्पादक संगठन को एक आंदोलन के रूप में विकसित करने की योजना है। वहीं छोटे किसानों को केंद्र की ओर से दी जा रही सब्सिडी के लिए केंद्र सरकार बधाई के पात्र हैं। जब छोटे किसानों की आय बढ़ेगी तो वे विनिर्मित वस्तुओं की मांग करेंगे, जिससे विनिर्माण क्षेत्र में बदलाव आएगा। बिहार जैसे प्रदेश में भूमिहीन किसानों व छोटे सीमांत किसानों की आर्थिक तरक्की केंद्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से हो रही है। इस बैठक में कृषि सचिव संजय अग्रवाल एवं प्रबंध निदेशक बिहार राज्य बीज निगम के आलोक रंजन घोष भी सम्मिलित थें।

## बिहार में पिट चुकी है पीके की राजनीति : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में आंदोलन करने वाले विपक्षी दलों के नेताओं पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि बीपीएससी पुनर्परीक्षा शनिवार को 22 केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। पुनर्परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए। श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार की राजनीति का व्यवसायीकरण करनेवाले प्रशांत किशोर की चालबाजी का पदार्फाश हो चुका है। ये बीपीएससी अभ्यर्थियों को भड़काकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रहे थे। प्रशांत किशोर की राजनीति बिहार में चलने वाली नहीं है। बिहार की राजनीति जनसेवा से चलती है, राजनीति में कारोबार की कोई जगह नहीं होती। मुनाफे के लिए राजनीति करनेवाले प्रशांत किशोर की सियासत का अब पटाक्षेप होनेवाला है। श्री मिश्र ने कहा कि अनशन करने की नौटंकी करनेवाले प्रशांत किशोर की नौटंकी अब ज्यादा देर नहीं चलने वाली है। रद्द हुई बीपीएससी की परीक्षा शनिवार को संपन्न हो गयी। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी री- एग्जाम में शामिल हुए, तो फिर किस बात का अब आंदोलन ? श्री मिश्र ने कहा कि राज्य सरकार की नीति के आगे विपक्ष की राजनीति पूरी तरह फ्लॉप हो चुकी है। अभ्यर्थी पूरे उत्साह के साथ परीक्षा में शामिल हुए। फूट डालो और राज करो की विपक्ष की राजनीति नहीं चलनेवाली। पीके की राजनीति बिहार में पूरी तरह पिट चुकी है। बिहार की जनता के सामने पीके एक्सपोज हो चुकी है। इनका राजनीतिक खेल अब खत्म हो चुका है।

# सीएम नीतीश के चलते बिहार के लोगों की बढ़ रही आय : निहोरा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोशिशों के चलते आज बिहार विकास की बुलंदियां छू रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की कोशिशों चलते राज्य के लोगों की जिंदगी बेहतर हुई है और साल दर साल लगातार बिहार में प्रति व्यक्ति आय में इजाफा हो रहा है।

पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि ताजा आंकड़ों के मुताबिक बिहार की प्रति व्यक्ति आय 66 हजार 828 रुपए हो गई है जो कि पिछले साल की तुलना में 7 हजार 584 रुपए अधिक है। एक साल के दौरान इसमें 12.8 फीसदी का इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार की विकास दर 14.47 फीसदी हो गयी है। यह राष्ट्रीय विकास दर से लगभग 5 प्रतिशत अधिक है। विकास दर के मामले में बिहार देशभर के बड़े राज्यों में पहले स्थान पर है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में राज्य में सतत रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं साथ ही उद्योगों का विकास हो रहा है जिससे राज्य विकास के पैमाने पर कई राज्यों से आगे है। हकीकत ये है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार विकास के हर पायदान पर आगे है और सदा आगे बढ़ रहा है।

# पूर्वी चम्पारण : चकिया प्रखंड के सीताकुंड का होगा पुनर्विकास

## पुनर्विकास हेतु 13,10,44,400 की मिली प्रशासनिक स्वीकृति



पटना। बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चकिया प्रखंड के सीताकुंड का पुनर्विकास किया जाएगा। इस हेतु 13,10,44,400 (तेरह करोड़ दस लाख चौवालिस हजार चार सौ रुपए) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रथम किस्त के रूप में राशि 6,55,22,200 (छः करोड़ पचपन लाख बाईस हजार दो सौ रुपए) की निकासी एवं व्यय की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत इस स्थल पर कैफेटेरिया, प्रवेश-द्वार, चाहरदिवारी, शौचालय ब्लॉक तथा दुकानों का निर्माण एवं साईट के विकास संबंधित अन्य कार्य किया जायेगा। इस योजना की कार्यकारी एजेंसी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम है। योजना को औपचारिक प्रक्रियाओं के उपरांत आगामी 18 माह में पूर्ण किया जायेगा।

## मोदी सरकार में गरीबी बढ़ी है: भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में गरीबी बढ़ी है। सरकार अपनी पीठ थपथपाने के लिए अलग-अलग रिपोर्ट प्रकाशित कर गरीबी कम करने का दावा करती है ताकि कल्याणकारी योजनाओं को बंद किया जा सके। एसबीआई की ताजा रिपोर्ट भी सरकार को खुश करने वाला है। भाकपा राज्य सचिव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि एसबीआई की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण इलाकों में गरीबी में तेजी से कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक गरीबी की अनुपात पांच फीसद से नीचे 4.86 फीसद पर आ गई है जबकि 2023 में 7.2 फीसदी थी। ग्रमीण इलाकों में नई गरीबी रेखा प्रति माह 1632 और शहरी इलाकों में 1944 रुपये है। सरकार ग्रामीण इलाकों में 1632 रुपये महिने से ज्यादा खर्च करनेवाले व्यक्ति को

# जन नायक के सपनों को पूरा कर रहे नीतीश कुमार : राजीव

## अति पिछड़ा समुदाय का बढ़ाया सम्मान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया में जारी एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा समुदाय की बेहतरी के लिए अनेकों काम किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के लोगों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का पता इस बात से चलता है कि वित्तीय वर्ष 2008-09 में इस विभाग का वार्षिक योजना बजट जहां 42.17 करोड़ रुपया था, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 1878.53 करोड़ रुपया हो गया। इस प्रकार विभाग का योजना आकार पंद्रह वर्षों में बढ़कर लगभग 44 गुणा हो गया।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की कोशिशों के चलते ही राज्य में जाति आधारित गणना का काम सफलता पूर्वक हो सका। इसके आंकड़ों के मुताबिक राज्य सरकार की सेवाओं तथा राज्य सरकार को पूर्णतः या अंशतः सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन हेतु पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग को पूर्व में दिए जा रहे आरक्षण को क्रमशः 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत तथा 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानमंडल से बिहार पंचायती अधिनियम, 2006 पारित होने के बाद बिहार पूरे देश में ऐसा पहला राज्य बना, जिसने अति पिछड़े वर्ग के लिए पंचायतों में 20 प्रतिशत तक का आरक्षण दिया। इसके बाद वर्ष 2007 में त्रिस्तरीय पंचायों की तरह नगर निगमों एवं नगर निकायों के सभी कोटि के पदों पर अति पिछड़े वर्ग के लोगों को 20 प्रतिशत तक का आरक्षण प्रदान कर उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया। वर्ष 2006-07 में पिछड़े वर्ग के लिए राज्य आयोग तथा अति पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग का गठन किया गया।

मुख्यमंत्री ने राज्य के अत्यंत पिछड़ा वर्ग के वैसे अभ्यर्थी, जो सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा पास करते हैं उन्हें मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार की तैयारी हेतु राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता देने के मकसद से वित्तीय वर्ष 2018-19 में ह्यमुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजनाह्न लागू की। इस योजना के अतंर्गत बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर अभ्यर्थियों को आगे की तैयारी हेतु एकमुश्त 50 हजार तथा संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर एकमुश्त 1 लाख रुपए की राशि दी जाती है। आज इस योजना का लाभ इस समुदाय से जुड़े हजारों छात्रों को मिल रहा है।

# बागवानी महोत्सव : 25 लाख रुपए की उपकरण व उत्पाद की बिक्री

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की अपर सचिव ने बागवानी महोत्सव का किया भ्रमण

प्रात : किरण संवाददाता







पटना। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की अपर सचिव शुभा ठाकुर ने बागवानी महोत्सव का भ्रमण किया और इस आयोजन को सराहा। देशी एवं विदेशी फूलों एवं पौधों की विभिन्न प्रकार के प्रजातियों एवं प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में फल एवं सब्जी के प्रदर्शों के साथ किसानों की इतनी बड़ी भागीदारी देख काफी प्रभावित हुई। कृषि विभाग के सचिव, ने महोत्सव का भ्रमण किया। सचिव ने बताया कि कृषकों के ज्ञानवर्द्धन के लिए कई तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया, जो कि उद्यमिता विकास एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादन के लिए लाभप्रद साबित होगा। साथ ही बच्चों में रचनात्मकता गुण के विकास एवं बागवानी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कई आयोजन किये गये। सचिव ने बताया कि प्रदर्शनी में बहुत ऐसे फल, सब्जी एवं फूल के प्रदर्श रखे गए हैं, जिसके अध्ययन के लिए उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय के वैज्ञानिक, अंतिम वर्ष के छात्र एवं एटीएम/बीटीएम को लगाया गया है, ताकि उत्पादन के इस तकनीक को अन्य किसानों तक पहूँचाया जा सके।

चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पटना के कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया। कुल 150 से अधिक बच्चों ने तीन विषयों ह्यबागवानी से बदलता भारत , मिट्टी से स्वास्थ्य एवं मेरे सपनों का बगीचा (फल, फूल, सब्जी) पर चित्रकारी की। प्रथम पुस्कार अन्वी शर्मा, कक्षा - 7, दिल्ली पब्लिक स्कूल, पटना, द्वितीय पुरस्कार आराध्या कुमारी, कक्षा - 6, किलकारी बिहार बाल भवन, पटना तथा तृतीया पुरस्कार अभिनयन सिंह, कक्षा - 9, टी. रजा हाई स्कूल, पटना को प्राप्त हुआ। सभी प्रतिभागी बच्चों को चित्रकारी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सर्टिफिकेट दिया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. राखी कुमारी, प्राचार्य, कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स, पटना, डॉ. रशमी कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स, पटना तथा डॉ. चंद्रभूषण श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स, पटना द्वारा किया गया। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य किसानों का नई एवं अच्छी कृषि प्रणालियों में ज्ञानवर्द्धन करना है।

### श्रृंखला में कई तकनीकी सत्र आयोजित किये गये :

औषधीय एवं सगंधीय पौधों की वैज्ञानिक खेती पर चर्चा।
फूलों की वैज्ञानिक खेती पर चर्चा।
फूलों की समेकित खेती एवं रोग प्रबंधन पर जानकारी।
आलू उत्पादन, मूल्य संवर्धन और विपणन पर चर्चा।
सब्जी बीज उत्पादनह्न पर जानकारी।
मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण तकनीक पर चर्चा।
किसानों एवं वैज्ञानिकों के बीच खुली वातार्लाप का आयोजन।
बागवानी महोत्सव में आगंतुकों के मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हर्षप्रीत कौर (वॉइस ऑफ पंजाब) एवं अलोक चैबे ने सबका मनोरंजन किया।

### महोत्सव का मुख्य बिंदु

कड़ाके की ठंढ के बावजूद भी बागवानी महोत्सव 2025 के दूसरे दिन पटनावासियों ने बड़ी संख्या में महोत्सव का आनन्द लिया।
महोत्सव में करीब 25 लाख रुपए की बागवानी उपकरण, बीज, पौधे, शोभाकारी पौधे, गमले, शहद, मखाना एवं अन्य प्रसंस्कृत उत्पाद की बिक्री हुई।
महोत्सव में लगे नर्सरी में फल, फूल एवं अन्य शोभाकारी पौधे को खरीदने के लिए लगी लंबी कतार।
एक ही पौधा में बैगन एवं टमाटर ब्रोमैटो ने किया दर्शकों को अचंभित।
झोपड़ी एवं छिद्रदार बाल्टी में मशरूम उगाने के तरीके को जानने के लिए दर्शकों ने जिज्ञासा दिखाई।
कम लागत में छोटे-छोटे शेडनेट एवं पॉलीहाउस बनाकर किसान कर सकते हैं अधिक मूल्य वाले फूलों एवं सब्जियों की खेती।

# राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 18 जनवरी को



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के निर्देश पर 18 जनवरी को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पटना में बुलाई गई है। बैठक में कार्यकारिणी से जुड़े सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। राजद के प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि पटना के होटल मौर्य अशोक हॉल (लोकनायक जयप्रकाश नारायण सभागार) में बैठक होगी। बैठक में पार्टी की भविष्य की दिशा और चुनावी रणनीतियों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। साथ ही आगामी बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर विचार किया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ आने के खुले ऑफर दिए जाने के बाद बिहार की सियासत गरमा गई है। दरअसल राजद के अध्यक्ष ने बीते दिनों कहा था कि सीएम नीतीश कुमार के लिए दरवाजे खुले हुए हैं। वह साथ में आएं और काम करें। वह अगर महागठबंधन के साथ आना चाहते हैं तो आ जाएं। लालू यादव के इस बयान को लेकर प्रदेश की सियासत में चर्चा का बाजार गरम है। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिन पहले तेजस्वी यादव ने कहा था कि नीतीश कुमार के लिए राजद और महागठबंधन के दरवाजे बंद हैं। हमने पहले भी कह दिया है कि नीतीश चाचा की विदाई तय है। वह 20 साल से मुख्यमंत्री हैं और काम करते-करते थक गए हैं। अगर खेत में एक ही बीज 20 साल तक बोया जाए तो फसल नहीं होती है। बिहार में नए बीज की सरकार नए साल में बनाई जाएगी, यह तय है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

**ई—निविदा सूचना संख्या: RP/ECR/DNR/EL/HS/160KMPH/AFL/01** **दिनांक — 02.01.2025**

**(1) कार्य का नाम व स्थान :** Supply, Installation, testing and commissioning of automatic fault locator (AFL) for 2 x 25KV AC traction system of latest RDSO Specification in Pradhankhanta - Manpur GC section of Dhanbad Division and Manpur - Deendayal Upadhyay GC Section of Deendayal Upadhyay Divison under Railway project Danapur of East Central Railway. **(2) कार्य का अनुमानित लागत :** रूपये 9,11,70,000.00/—, **(3) निविदा फार्म की किमत :** रूपये 0.00, **(4) आवश्यक बयाना राशि :** रूपये — Rs. 6,05,900.00/—, **(5) निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक — 10.01.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय — दिनांक 24.01.2025 को 15:00 बजे। **(6) वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। **(7) पता एवं अन्य जानकारी :** मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट — खगौल, जिला — पटना, पिन — 801105.

**उप मुख्य विद्युत अभियंता, रेल परियोजना, दानापुर**

**पीआर/1849/आरपी/ईएलईसी/टी/24—25/48**

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने मुकतापुर मोईन का किया निरीक्षण

कल्याणपुर, आगामी 13 जनवरी को बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर प्रखंड में आगमन को लेकर डीएम रोशन कुशवाहा जिले के अन्य आला अधिकारियों के साथ दोनों स्थलों के शिलान्यास के लिए जायजा लिया। बता दें कि मुक्तापुर मोईन जल जीवन हरियाली व बासुदेवपुर में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा को लेकर बनाई जा रही हेलीपैड वासुदेव पुर सिक्स लाईन के समीप नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के समीप स्थल आदि का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी श्री कुशवाहा ने स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, अंचल पदाधिकारी शशि रंजन कुमार आदि को कई आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। मौके पर एडीएम अजय कुमार तिवारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय महतो दो सहित जिले के कई आलाधिकारी मौजूद थे।

### दुर्घटना में क्षतिग्रस्त गाड़ी को पुलिस ने किया जब्त

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य पथ के रामपुरा मोड़ के समीप शुक्रवार की देर रात समस्तीपुर की ओर से आ रही पेट्रोल टैंकर के पीछे से साइड लेने के दौरान कार कि टक्कर पेट्रोल टैंकर से हो गयी। जिसमें कार टक्कर होने के बाद क्षतिग्रस्त हो गया। वही चालक कार छोड़ कर मौके से फरार हो गया। वहीं कार में सवार एक व्यक्ति घायल होने की बात बताया गयी। जिसकी पहचान मुजफ्फरपुर के उत्कर्श कुमार 30 वर्षीय बतायी गयी। सुचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को जप्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वही अपर थाना अध्यक्ष दीपक झा ने बताया कि दुर्घटना में क्षतिग्रस्त गाड़ी को थाना पर जब्त कर लिया गया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने की बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कल्याणपुर के सभागार में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हैदर के द्वारा बैठक किया गया। वहीं सीएचओ की बैठक में बताया गया कि 151 तरह की दवा उपलब्ध है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर ने उपस्थित सीएचओ को स्वास्थ्य उप केंद्र सहित पदस्थापित जगह पर उपलब्ध रहने का निर्देश दिया। जिससे किसी भी पोषक क्षेत्र के रोगियों को कठिनाई ना हो। शिकायत मिलने पर चेतावनी देते हुए कहा कि विधि सम्मत कार्रवाई हो सकती है। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार यूनीसेफ प्रखंड प्रतिनिधि शंकर सुमन सीएचओ नंदलाल सैन, शिवनारायण ज्यानी, आयुष कुमार, अमित राज स्वेता कुमारी, सुरभी कमल, अभिलाषा कुमारी, शुभम शर्मा सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

दरभंगा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला दण्डाधिकारी राजीव रौशन एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दरभंगा, समाहरणालय परिसर अवस्थित ईवीएम,वीवीपैट वेयर हाउस गोदाम की स्थिति का अवलोकन व निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा बहादुरपुर प्रखण्ड स्थित वीवीपैट वेयर हाउस का भी बाहरी निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क श्री सत्येंद्र प्रसाद तथा निर्वाचन शाखा के कर्मी गण आदि उपस्थित थे।

### क्राइम पर नियंत्रण को लेकर मधुबनी एसपी ने सभी थाना अध्यक्षों को दिया टिप्स

मधुबनी पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने योगदान के बाद जिला के सभी थाना अध्यक्ष एसडीपीओ के साथ समाहरणालय के पुलिस कार्यालय कक्ष में बैठक करके सभी थाना अध्यक्षो को क्राइम अनुसंधान एवं अपराधियो की धर पकड़ को लेकर नए-नए टिप्स दिए साथ ही संभावित मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा को लेकर के भी सुरक्षा की व्यवस्था होगी।

# वरीय अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का किया मुआयना, आज आएंगे सीएम

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। सीएम नीतीशकुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के सिलसिले में मुजफ्फरपुर आने वाले हैं। उनका मुख्य कार्यक्रम मुशहरी प्रखंड के नरौली में होना है। इसी के मद्देनजर प्रमंडलीय आयुक्त सरवणन एम एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक चंदन कुमार कुशवाहा , जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सहित जिलास्तरीय अधिकारियों की टीम ने शुक्रवार को नरौली का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा की तैयारी का जायजा लिया। इस क्रम में मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था, ड्राप गेट, बैरिकेडिंग, वाहनों का मूवमेंट एवं पार्किंग की व्यवस्था, दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति तथा पंचायत सरकार भवन एवं बृहद आश्रय गृह में होनेवाले कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री सर्वप्रथम बृहद आश्रय गृह पहुंचेंगे जहां विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन एवं कार्यारंभ का कार्यक्रम निर्धारित है। आयुक्त ने भ्रमण कर संपूर्ण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात आयुक्त ने नरौली स्थित पंचायत सरकार भवन तथा उसके परिसर स्थित जीविका भवन, मनरेगा पार्क, आंगनबाड़ी केंद्र, हेल्थ वेलनेस सेंटर, आरटीपीएस काउंटर आदि की तैयारी एवं गतिविधि की जानकारी प्राप्त की। आयुक्त एवं डीआईजी ने जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ शहर के अन्य स्थलों का भी भ्रमण कर आवश्यक तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही समाहरणालय सभागार में होनेवाली समीक्षा बैठक की तैयारी के बारे में भी पूछताछ की। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने पंचायत सरकार भवन से बृहद आश्रय गृह तक की ढाई किमी की पैदल यात्रा कर मार्ग में लोगों का हालचाल जाना तथा अपेक्षित आवश्यक सहयोग प्रदान किया। स्थानीय जनता अपने बीच डीएम,एसएसपी को पाकर तथा लोगों की समस्यायों का समाधान करते देख अत्यंत उत्साहित एवं भावुक थे।

पंचायत सरकार भवन में सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना पार्ट वन एवं पार्ट टू का उल्लेख किया गया है तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के महान वचन के रूप में उल्लिखित सात पाप कर्म तथा उनके महान विचारों एवं कथनों को उद्धृत किया गया है। पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचायत कर्मियों के कक्ष को भी स्पष्ट किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की मौलिक गतिविधियों को बहुत ही सुंदर एवं सुव्यवस्थित रूप में चित्रित किया गया है।

## महादलित टोलो में पदाधिकारियों की उपस्थिति में टोला बुजुर्ग करेगे झंडोतोलन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई।जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के सफल आयोजन को लेकर संबधित अधिकारियो कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वाटसन स्कूल के मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होने मैदान की तैयारी एवं मंच सज्जा के लिए कार्यपालक अभियंता भवन को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन कार्यक्रम प्रातः 09 बजे आरंभ होगा। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अवसर पर जिले के स्वतंत्रता सेनानियो को भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्य समारोह में बिहार पुलिस एसएसबी होम गार्ड एनसीसी स्काउट गाइड आदि की टुकड़िया परेड में शामिल होगी। उन्होने कहा कि परेड की तैयारी के लिए अच्छी तरह से पूर्वाभ्यास किया जाए। सभी महत्वपूर्ण विभागो द्वारा आकर्षक झांकी निकालने को लेकर जिलाधिकारी द्वारा संबधित अधिकारियो को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। उत्कृष्ट झाकियो को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियो को सम्मानित किया जाएगा इसको लेकर सभी प्रभारी पदाधिकारी नियमानुसार अपनी अनुशंसा भेजे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नगर में साफ सफाई के पर्याप्त इंतजाम किए जाए। महापुरषो की मूर्तियो एवं स्मारको की साफ-सफाई का भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। सभी विद्यालयो के पोषक क्षेत्र में प्रभातफेरी निकाली जाएगी इसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को कई निर्देश भी दिए गए। जिले के महादलित टोलो में पदाधिकारियो की उपस्थिति में टोला बुजुर्ग झंडोतोलन करेगे,इसको लेकर जिलाधिकारी ने संबधित पदाधिकारियो को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए ।उक्त बैठक में डीडीसी दीपेश कुमार एडीएम शैलेश कुमार,नगर आयुक्त अनिल चौधरी,विशेष कार्य पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता आपदा संतोष कुमार,एडीएम विभागीय जाच नीरज कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,परिमल कुमार, वरीय उपसमाहर्ता सुजीत वर्णवाल,मयंक सिंह,शशि कुमार सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नगर विधानसभा के खराब सड़कों को चिन्हित कर किया जा रहा नवनिर्माण : संजय सरावगी

**रानीपुर, कबीरचक एवं सारामोहम्मद पंचायत में 6.7 करोड़ की राशि से सड़कों का किया शिलान्यास**




प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। नगर विधानसभा के रानीपुर पंचायत में कंगवा गुमटी पुराना एनएच 57 से रानीपुर नंदलाल चौधरी टोला जानेवाली सड़क की अब सूरत बदल जायेगी। 2.49 करोड़ की राशि से जर्जर सड़क के स्थान पर नया आरसीसी सड़क का निर्माण होगा। ये बाते भाजपा के वरिष्ठ नेता, विस में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह नगर विधायक संजय सरावगी ने रानीपुर पंचायत में उक्त सड़क के शिलान्यास के दौरान कही। उन्होंने बताया कि नगर विधानसभा के सभी खराब सड़कों को चिन्हित कर नवनिर्माण किया जा रहा है। कबीरचक पंचायत के पोषणपुरा में एमएमजीएसवाई मुख्य पथ होते हुए बैंकर्स कॉलोनी तक सड़क का निर्माण होगा। यहां शिलान्यास के बाद विधायक श्री सरावगी ने बताया कि 77.12 लाख की लागत से जर्जर पथ के स्थान पर नये सड़क का निर्माण होगा। इसकी लम्बाई 0.5 किमी होगी। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन में कोई समस्या नहीं होगी। यातायात सुगम होगा और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। सारामोहम्मद पंचायत में 98.30 लाख की लागत से पंचायत द्वार से गंगवारा क्रांति चौक जाने वाली 1.82 करोड़ की लागत से तांत्रिक बाबा चौक से मुस्लिम टोला होते हुए चैतन्य टोला तक की सड़क का भी नगर विधायक ने शिलान्यास किया। क्रांति चौक एवं तांत्रिक बाबा चौक के निकट ग्रामीणों ने नाला निर्माण की भी बात कही, जिस पर नगर विधायक ने तत्क्षण विभाग के अभियंता को नाला निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। कार्यक्रम में सदर प्रखंड प्रमुख उदय सहनी, मंडल अध्यक्ष रतन पासवान, मुखिया विमल देवी, राजकुमार दास, राजकुमार तिवारी, जितेंद्र ठाकुर, सुनील साह, रविकांत झा, आरती कुमारी, कौशल सहनी, भगवान लाल पासवान, ब्रम्हदेव पासवान, लक्ष्मी सहनी, महादेव यादव, अनील सहनी, शशिभूषण चौधरी, दीपक पासवान, राजन पासवान, अशोक पासवान, टून पासवान, सरोज मिश्रा, धीरज पासवान, राहुल पासवान आदि उपस्थित थे।

## एसडीपीओ के सेवानिवृत होने पर अभियोजन कार्यालय ने किया विदाई समारोह का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी बेनीपट्टी व्यवहार न्यायालय परिसर मे अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी राजदेव तिवारी के कार्यकाल से सेवा निवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रंजीत कुमार सोनू उपस्थित हुए एवं अन्य अतिथियो में मुंसिफ सह न्यायिक दंडाधिकारी मो0 सोएब न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम मनीष रंजन न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन अभियोजन पदाधिकारी दिव्यांश पाण्डेय द्वारा किया गया।अभियोजन पदाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं न्यायकर्मी की उपस्थिति मे मिथिला के रीति रिवाज के अनुसार पाग दोपटा व फूल माला से सेवा निवृत एसडीपीओ राजदेव तिवारी का विदाई समारोह किया गया। विदाई समारोह में औसी थानाध्यक्ष विकास कुमार साहरघाट थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार माधवापुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार अपर थानाध्यक्ष बेनीपट्टी कंदन बास्की के साथ अन्य थाना के पुलिस पदाधिकारियों ने उनके अच्छे कार्यों की सराहना की । सम्मान समारोह मे आये पुलिस पदाधिकारीयों ने कहा कि इनके कार्यकाल में हम लोगों को बहुत सहूलियत मिला कठिन से कठिन परिस्थितिओ मे आगे की मार्ग दिखाने मे मदद मिलता था. हम लोगो को बहुत कुछ सर से सीखने को मिला। वहीं अभियोजन पदाधिकारी दिव्यांश पाण्डेय ने कहा की दो महीने ही सर के साथ काम करने का मौका मिला, दो महीने मे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला।अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी राजदेव तिवारी ने कहा की 26 वर्षो की कार्यकाल मे 19 वर्ष मिथिला के पावन धरती मधुबनी जिलेमें मुझे कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यहां के लोग काफी अच्छे है। यहां पर न्यायिक पदाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य कर्मियों का भरपूर सहयोग मिला। मुझे पता नहीं चला की कब 19 साल बीत गया। उन्होंने यह भी कहा की अभियोजन पदाधिकारी बेनीपट्टी,पुलिस पदाधिकारी को यह कहना चाहता हूं कि न्यायहित मे जितना संभव हो कमजोर लाचार व पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करें इंसान विशेष परिस्थिति मे दो ही लोगों को याद करते पुलिस और डॉक्टर तथा उन्होंने यह भी कहा की मिथिलांचल की धरती स्वच्छ वातावरण की धरती है माता उच्चैठ की धरती है।

## तीन सदस्य जांच दल ने पीएचसी पहुंचकर बिल भुगतान संबंधित शुरू की जांच

प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।डीएम राजीव रौशन के आदेश पर शनिवार को तीन सदस्य जांच दल बहेड़ा पीएचसी पहुंचकर कथित फर्जी जनरेटर बिल भुगतान मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच दल में अलीनगर पीएचसी के प्रभारी डॉक्टर विमलेश प्रसाद,जिला के डॉक्टर सत्यम कुमार मिश्रा, बिरौल पीएचसी के अकाउंटेंट संजय कुमार झा ने करीब 2 घंटे तक बहेड़ा पीएचसी अस्पताल में जेनरेटर संचालन से जुड़े आवश्यक कागजात की मांग की। जानकार सूत्रों के मुताबिक बहेड़ा पीएचसी में जेनरेटर संचालन लॉग बुक आदि आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने को बहेड़ा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार चौधरी से जांच दल ने कहा। आवेदक विनय कुमार झा ने कहा कि एक ही जेनरेटर संचालक अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर बहेड़ा पीएचसी,महीनाम एवं रंमौली एपीएचसी तथा एएनएम कॉलेज बेनीपुर में कुछ घंटा जेनरेटर चलाकर 24 घंटे का फर्जी का भुगतान लिया है। उन्होंने कहा कि जिस तारीख को 24 घंटा जेनरेटर चलाने का लॉग बुक में दर्ज है उसे तिथि को बेनीपुर में 22-23 घंटा बिजली उपलब्ध था। जांच दल को अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर, महीनाम एवं रंमौली एपीएचसी तथा एएनएम कॉलेज में जेनरेटर संचालन के कार्य का भी जांच करना चाहिए लेकिन बहेड़ा पीएचसी में जांच दल पहुंच कर जेनरेटर संचालन से संबंधित कागजात मांग कर चला गया है। आवेदक ने कहा कि आवेदन में अन्य अस्पताल एवं कॉलेज में जेनरेटर चलाकर फर्जी बिल भुगतान की शिकायत की गई है। जेनरेटर संचालक को बचाने के लिए अन्य अस्पताल की जांच नहीं कराया जा रहा है। जो कि अनुमंडल क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## आग में झुलस कर महिला की मौत

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र अंतर्गत पतैलिया दियानतपुर वार्ड 16 में शुक्रवार संध्या अलाव से एक महिला झुलस गई। स्वजनों व आसपास के लोगों ने बचाव कार्य करने का प्रयास किया और उसे स्थानीय स्तर पर उपचार करवाने का प्रयास किया। मगर, यह असफल प्रयास के दौर में महिला की हालत गंभीर होती गई। तत्पश्चात शनिवार सुबह स्वजनों व ग्रामीणों ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विभूतिपुर लाया। जहां आन ड्यूटी चिकित्सक ने उसे मृत बता दिया। मृतका गांव के हीं राम बहादूर सहनी की पत्नी अहिल्या देवी (49) बताई गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अधिक ठंड के कारण महिला जल रहे अलाव के पास बैठी थी। इस दौरान लपटों से उसके अंगवस्त्र में आग पकड़ ली और कपड़े तेजी से जलने लगे। लोगों ने मशक्कत के बाद कपड़े में लगी आग को बुझाया। तब तक उसके पूरे बदन पर जले के निशान बन गए थे। घटना की सूचना पर पुलिस पदाधिकारी कुणाल केशव ने अस्पताल परिसर के समक्ष इन्क्वेस्ट दर्ज कर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने इसकी पुष्टि की। पूर्व मुखिया रामबालक सहनी ने बताया कि स्वजनों द्वारा एक लिखित आवेदन प्रशासन को प्राप्त करवाई जा रही है। इधर, पूछे जाने पर अंचलाधिकारी रंधीर रमण ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। आश्रितों को सरकारी लाभ संबंधी प्रविधान की जानकारी ली जा रही है। तत्पश्चात अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## पंचायत समिति की बैठक में ढाई करोड़ के करीब की योजना पारित



विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

प्रखंड पंचायत समिति की सामान्य बैठक शनिवार को प्रखंड पंचायत समिति सभागार में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने की। संचालन कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ चंद्रमोहन पासवान ने की। बैठक में ढाई करोड़ के करीब योजनाओं का चयन किया गया। बैठक में आसीडीएस, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, आरटीपीएस, अंचल कार्यालय आदि के कार्यों की समीक्षा की गयी। पंचायत में राजस्व कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने, अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित चिकित्सक का प्रतिनियोजन समाप्त करने, अंचल कार्यालय में आरटीपीएस के आवेदकों को राजस्व कर्मचारियों की अनुपस्थिति में राजस्व अधिकारी के द्वारा आवेदन पर हस्ताक्षर करने, आसीडीएस कार्यालय में दो माह के पोषाहार वितरण को मात्र एक माह का वितरित किये जाने की जांच को लेकर 5 सदस्यीय कमिटी गठित करने तथा आशा बहु चयन की प्रकिया से संबंधित दस्तावेज व सीडी प्रमुख कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। मौके पर सीओ रणधीर रमण, बीपीआरओ चंदन कुमार, पीओ जितेंद्र कुमार, मुखिया भोला शंकर दास, मनोज यादव, रणजीत महतो, प्रभात प्रसून, राज कुमार शर्मा, राम प्रवेश राय, चन्द्रमणि सिंह, उप प्रमुख सुजीत कुमार चौधरी, पूर्व प्रमुख निर्मला किशोर एवं कृष्णा कुमारी, पूर्व उपप्रमुख राम नाथ राय एवं निरंजन कुमार मुकेश, डॉ लालबाबू पंडित, मिथिलेश कुमार सिंह, सत्यभामा देवी, बबीना देवी, जितेंद्र कुमार, प्रभात कुमार आदि मौजूद थे।

## अगले दो दिनों तक ठंड और कुहासे से राहत की सम्भावना नहीं

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में लोगों को अगले दो दिनों तक ठौढ से राहत मिलने की सम्भावना नहीं है। वातावरण में हल्की नमी और पछिया हवा चलने के कारण ठंड का प्रकोप जारी रहने का अनुमान है।मौसम सम्बन्धी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 4से 9 जनवरी तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान में दी गई है। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार, पिछले तीन दिना का तापमान क्रमशः 18.2 एवं 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 97 प्रतिशत प्रतिशत, हवा की औसत गति 12.4 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पण 1.4 मि० औसतन 2.7 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि 14.2 एवं दोपहर में 21.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मध्यम कुहासा देखा गया। पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों के आसमान में कहीं कहीं हल्के बादल आ सकते का अनुमान है। वातावरण में अधिक नमी तथा पछिया हवा चलने के कारण पिछले दो हुई है। अगले दो दिनों तक पछिया हवा चलने के कारण ठण्ड का प्रकोप जारी रहने तथा सामान्य से कम तापमान के प्रभाव से उत्तर बिहार के अधिकांश स्थानों में सुबह में कुहासा छाया रहा सकता है। अधिकतम तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 7 से 10 डिग्री अनुमान है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 4 से 6 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से अगले दो दिनों संभावना है। उसके बाद के पूवार्नुमानित अवधि में पुरवा हवा चलने की सम्भावना है। किसानों को सलाह दी गई है किआलू, मटर, टमाटर, धनियाँ, लहसून एवं अन्य रबी फसलो में कृषक भाई झुलसा रोग की निगरानी करें। बदल यह बीमारी फसलों में काफी तेजी से फैलती है। इस रोग में फसलों की पत्तियों के किनारे व सिरे से झुलन झुलस जाता है। इस रोग के लक्षण दिखने पर २.५ ग्राम डाई-इथेन एम० ४५ फफूंदनाशक दवा का प्रति लीट से फसल पर २-३ छिड़काव 10 दिनों के अन्तराल पर करें। नवम्बर माह के शुरू में बोयी गई रबी मक्का की फसल जो 55 से 60 दिनों की अवस्था में है। इन फसलों कर मिट्टी चढ़ावें। मक्का की फसल में तना बेधक कीट की निगरानी करें। इसकी सूंडिया कोमल पत्तियों को ख घुसकर तने में पहुँच जाती है। तने के गुद्दे को खाती हुई जड़ की तरफ बढ़ती हुई सुरंग बनाती है। जिससे में सुख जाती है। एक ही पौधे में कई सूंडिया मिलकर पीर्थे को खाती है। इस प्रकार फसल को यह काफी फोरेट 10जी० या कार्बोफ्यूरान 3 जी० का 7-8 दाना प्रति गाभा प्रति पौधा दें। फसल में अधिक नुकसान प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। गेहूँ की 30 से 35 दिनों (पहली सिंचाई के बाद) की अवस्था जिसमें कई प्रकार के खर-पतवार गेंहूँ में उग तेजी से होता है और ये गेहूं की बढ़वार को अत्यधिक प्रभावित करती है। जिससे उपज में कमी आती है। इसके लिए सल्फोसल्फयुरॉन 33ग्राम प्रति हेक्टर एवं मेटसल्फयुरॉन 20 ग्राम प्रति हेक्टर दवा 500 लीटर पानी में मिला कर छिड़काव करें।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार बनते ही बिहार में चहुओर विकास हुआ है : मदन सहनी



प्रात: किरण संवाददाता

बिरौल(दरभंगा)। जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के माध्यम से कपूर्री रथ यात्रा पटना से चलकर समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने बिरौल पहुँचे। उन्होंने सबसे पहले रथ के साथ डुमरी,सोनपुर पधारी एवं कहुआ पहुँचे। इस दौरान मंत्री श्री सहनी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार के कोने कोने गांव,कस्बे में किये गये विकास कार्य को गिनाया। उन्होंने कहा कि बिहार में 15 वर्ष पूर्व बिहार की क्या स्थिति थी,जो आप सभी से नहीं छुपा हुआ है। सड़के बदहाल था, बिजली के लिये लोग तरसते थे। शिक्षा व्यवस्था चौपट थी, अपराधियों की डर शाम होते ही लोग अपने घरों से नहीं निकलते थे। आज स्थिति बदल गयी है। आज निर्भीक होकर अपने घरों से लोग निकल रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार बनते ही, बिहार में चहुओर विकास हुआ है। सड़के,बिजली,पानी, शिक्षा स्थिति बेहतर हुई है। ग्रामीण सड़को को मुख्य सड़क से जोड़ा गया। घर घर बिजली मिल रही है। मुख्यमंत्री सात निश्चित योजना के तहत घरो में नल जल, शुद्ध पेयजल लोगो को मिल रही है। आज बेटी शिक्षा में लड़कों से कोई कम नहीं है, शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। लड़कियों के लिये साईकिल, छात्र,छात्राओ को पोषक मिल रही है। लोगो को आवासीय,जाति, आधार कार्ड अन्य कार्य के लिये प्रखंड का चक्कर नही लगाना पड़े, इसके लिये मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन का निर्माण करने का कार्य की है। मंत्री श्री सहनी ने अन्य विकास कार्य की गिणती कराते हुए उन्होंने आगामी 2025 में होने वाली विधानसभा की चुनाव में एनडीए प्रत्यासियों को अपना मत देकर फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाये जाने का अपील किया। इस दौरान मंत्री श्री सहनी के कपूर्री रथ यात्रा के दौरान एनडीए कार्यकर्ताओ ने गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया। मौके पर जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ट प्रदेश अध्यक्ष अमर नाथ चन्द्रवंशी, श्रवण चन्द्रवंशी, मोहन प्रसाद राजभर, जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल मंडल, महिला प्रकोष्ट ललिता झा,भोला नाथ महतों, भरत सहनी, शिवनंद सिंह, नित्यानंद मंडल, कमरान खान समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीएम के मुजफ्फरपुर आगमन पर भाकपा माले दिखाएगा काला झंडा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भाकपा-माले नगर सचिव सूरज कुमार, आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम, इंसाफ मंच मुजफ्फरपुर के जिलाध्यक्ष फहद जमां और एजाज अहमद ने सयुंक्त रूप से कहा है कि बीपीएससी अभ्यर्थियों व भूमिहीन गरीबों के साथ अन्याय करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुजफ्फरपुर आगमन पर उन्हे कल शहर के विभिन्न मार्गों पर काला झंडा दिखाया जाएगा। यह जानकारी पार्टी की ओर से जारी एक प्रेस रिलीज में दी गई है।आफताब आलम ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार और बीपीएससी परीक्षा में हुई धांधली पर पर्दा डालने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने कहा है कि यह सरकार युवा विरोधी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली है।छात्र-युवा अब इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और बिहार की जनता इस बार सत्ता से इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी।फहद जमां ने कहा कि बीपीएससी परीक्षा में हुई धांधली और भ्रष्टाचार के खिलाफ छात्र-युवा संगठनों द्वारा उठाई गई मांगें पूरी तरह जायज हैं। लेकिन सरकार उनसे वार्ता करने के बजाय दमनकारी रवैया अपना रही है। शांतिपूर्ण आंदोलनों को कुचलने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल और विधायकों पर मुकदमे दर्ज करना लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इस तानाशाही रवैये को देख रही है और इसका संगठित व सशक्त जवाब देगी।माले नगर सचिव सूरज कुमार सिंह ने कहा है कि बिहार में सामाजिक सर्वे के बाद पिछले साल आपने घोषणा की थी कि सभी गरीबों को जिनकी वार्षिक आमदनी 72हजार रुपये से कम है उनको 2लाख रुपये की सहायता दी जायेगी ताकि वे कुछ अपना काम शुरू कर पाएं। लेकिन गरीबों को आय प्रमाण-पत्र बनवाने का अड़ंगा लगा दिया गया है और हजारों-हजार गरीब अंचल कार्यालय पर बार-बार प्रदर्शन कर आय प्रमाण- पत्र के लिए आवेदन दिए हैं, लेकिन उनको आय प्रमाण-पत्र नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए आप और आप की सरकार जिम्मेवार है इसपर आप क्या कहेंगे? गरीबों को कबतक 2 लाख की सहायता मिलेगी?

## सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर ने 660 बोतल नेपाली शराब किया जब्त

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा चौकी डिगयाटोल के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है । हरेन्द्र सिंह कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी के कुशल नेतृत्व में सीमा चौकी डिगयाटोल के जवानो ने गुप्त सूचना के आधार पर भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 288 से लगभग 200 मीटर दूर भारतीय क्षेत्र में नाका लगाया हुआ था । रात्रि 20:30 बजे कुछ लोग नेपाल से नदी के रास्ते बार्डर पार कर सिर पर कुछ सामान लेकर भारतीय क्षेत्र की और आ रहे थे । एसएसबी के जवानो ने उन्हे रुकने को कहा तो वें सामान को गिराकर भागने लगे एसएसबी जवानो द्वारा उनका पीछा किया गया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वो नेपाल भाग गए । उसके बाद सामान खोलकर देखा गया तो उसमें देशी नेपाली शराब की 660 बोतल पायी गयी । जब्त की गयी मदिरा को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियो को रोका जाएगा । हरेन्द्र सिंह, कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधो की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियो को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियो पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

## आत्मबोध व विज्ञान विषय पर परिचर्चा आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।दरभंगा सेंट्रल स्कूल, कृष्णा विहार, वासुदेवपुर में इस्कॉन मंदिर दरभंगा के संतों द्वारा आत्मबोध एवं विज्ञान विषय पर परिचर्चा आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजर ए के कश्यप ने आत्मबोध की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण पूर्ण ब्रह्म परमेश्वर हैं। उनकी कृपा से ही जीवो की मुक्ति होती है। बच्चों के द्वारा संतो को मलयार्पित किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुरूआत हुआ। इस्कॉन मंदिर के प्रधान संत-लक्ष्मण प्रभु जी ने हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे के मंत्रों से भक्ति की गंगा बहाई। स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर के के एस मुरथी ने आत्मबोध एवं विज्ञान विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण की भक्ति से ही जीवों की मुक्ति होती है। कलयुग में नाम संकीर्तन करने से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। संतो ने संकीर्तन एवं नृत्य के द्वारा छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मियों को भक्ति रूपी गंगा में स्नान कराया।

# गिद्धौर में आयोजित हो रहे ऑल इंडिया गुलाब रावत मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 06 जनवरी को करेंगे उदघाटन

## पूर्व मंत्री दामोदर रावत सहित कई एनडीए कार्यकर्ता नेतागण पदाधिकारी उदघाटन समारोह में रहेंगे मौजूद

- गिद्धौर पहुंचकर कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम में टूनार्मेंट का करेंगे उदघाटन
- 06 जनवरी को होगा टूनार्मेंट का उदघाटन मैच
- 13 जनवरी को होगा ऑल इंडिया टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला



प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। जिले के कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम गिद्धौर में 06 जनवरी से आयोजित हो रहे ऑल इंडिया गुलाब रावत मेमोरियल फुटबॉल टुनार्मेंट का उदघाटन बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किया जाएगा।इस आशय की जानकारी जदयू प्रदेश युवा नेता राजीव रावत ने दी। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 06 जनवरी को निर्धारित कार्यक्रम के तहत वायु मार्ग से गिद्धौर के महाराजा चंद्रचूड़ विद्या मंदिर गिद्धौर के खेल मैदान में 1:25 बजे अपराहन उनका आगमन होगा। वहीं टूनार्मेंट के उदघाटन में 1:35 अपराहन बजे उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भाग लेंगे।वहीं उनके गिद्धौर आगमन पर स्वागत को लेकर पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक दामोदर रावत सहित एनडीए के कई कार्यकर्ता पदाधिकारी महाराजा चंद्रचूड़ विद्या मंदिर खेल मैदान में उनके गिद्धौर आगमन पर स्वागत को ले मौजूद रहेंगे, वहीं 2:45 बजे

वो पटना के लिए रवाना होंगे। जदयू प्रदेश युवा नेता राजीव रावत ने टूनार्मेंट को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि बीते कई वर्षों से गिद्धौर का यह इलाका फुटबॉल खेल एवं खेल प्रेमियों के लिए जाना जाता रहा है। यहां के लोगों का फुटबॉल खेल के प्रति गहरा लगाव रहा है, आम अवाम,खेल प्रेमी,युवा खिलाड़ियों के फुटबाल के प्रति लगाव को देखते हुए मेरे दादा समाजसेवी स्व. गुलाब रावत की स्मृति में यहां यह टूनार्मेंट इस वर्ष भी आयोजित करवाया जा रहा है। आयोजन समिति युवक क्लब गिद्धौर के देखरेख में आयोजित हो रहे इस ऑल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेंट में नेपाल के अलावा देश के पांच राज्यों की नामचीन फुटबॉल टीमें टूनार्मेंट में अपनी फुटबॉल खेल का जौहर दिखाएंगी। इधर टूनार्मेंट को लेकर आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि टूनार्मेंट में युथ एकेडमी वीरगंज नेपाल, बी बाई एम ए एफ सी वाराणसी, जग्गा यूनाईटेड भुवनेश्वर उड़ीसा, एफसी गिद्धौर बिहार, एफसी युनाईटेड राजस्थान, नॉदर्न रेलवे नई दिल्ली, एस एस बी सिलीगुड़ी, दुमहानी एलेवन आसनसोल बंगाल की फुटबॉल टीम इस टूनार्मेंट में भाग लेंगी। 06 जनवरी को ग्रुप ए का क्वार्टर मुकाबला युथ एकेडमी वीरगंज नेपाल बनाम बी बाई एम ए एफ सी वाराणसी फुटबॉल क्लब उत्तरप्रदेश के बीच होगा।दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला जग्गा यूनाईटेड भुवनेश्वर उड़ीसा और एफसी गिद्धौर बिहार के बीच होगा। इन दोनों के विनर टीम के बीच सेमीफाइनल मुकाबले 08 जनवरी को आयोजित होगा। वहीं 09 जनवरी को ग्रुप बी के लिए क्वार्टर मुकाबला एफसी युनाईटेड राजस्थान और नादर्न रेलवे नई दिल्ली के बीच आयोजित होगा। वहीं ग्रुप बी का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला एस एस बी सिलीगुड़ी बनाम दुमहानी एलेवन स्पोर्ट्स आसनसोल बंगाल के बीच खेला जाएगा।

इन दोनों के विनर टीम के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच 11 जनवरी को आयोजित होगा।वहीं 12 जनवरी को एक महिला फुटबॉल शो मैच का आयोजन होगा। वहीं सेमीफाइनल में पहुंचे दोनों टीम के बीच फाइनल मुकाबला 13 जनवरी को आयोजित होगा।इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार,सचिव सुजीत सक्सेना,देवेन्द्र रावत,गुरूदत्त प्रसाद, अशोक केशरी,संतोष रावत,जासीम खान,कैप्टन कुमार,नीतीश कुमार, सोनू कुमार,राजेश कुमार,संजय सिंह,उदय कुमार,श्याम सुंदर रावत, नियाज खान सहित कई सदस्य टूनार्मेंट के तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑटो की टक्कर से युवक जख्मी इलाज के लिए लाया गया पीएचसी

मुंगेर ।धरहरा थाना क्षेत्र के पचरूखी मोड़ के पास ऑटो के धक्का से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान धरहरा थाना क्षेत्र के ईटवा निवासी रामप्रवेश सिंह का 20 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार उर्फ रॉकी के रूप में किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो धरहरा से दशरथपुर की ओर एक ऑटो आ रहा था सामने से आता मोटरसाइकिल को देख चालक के द्वारा लहेरिया कट ऑटो चलाने के कारण उक्त युवक ऑटो की चपेट में आ गया। जिससे युवक का सिर बुरी तरह से फट गया। वहीं परिजन एवं धरहरा थाना पुलिस की मदद से जख्मी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरहरा में भर्ती करवाया गया। जहां उसके सिर के जख्म की स्थिति देख सिर की पट्टी कर उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मुंगेर रेफर कर दिया गया। हालांकि इस दौरान जख्मी के परिजन सीएचसी की कछुए की चाल वाली व्यवस्था देख काफी हो-हल्ला मचाया। जिसके बाद चिकित्सक आनन - फानन में जख्मी का पट्टी कर उसे रेफर कर दिया।

# मृत चारों युवकों के पीड़ित परिवार से पूर्व प्रत्याशी ने मिलकर दिया ढांढस



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बीते गुरुवार की शाम को झाझा नारगंजो मुख्य मार्ग स्थित चिरैया पुल के पास डीजे बंधा पिकअप वाहन पलटने से सतीघाट के चार युवकों की हुई मौत पर शनिवार को झाझा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी आबिद कौशर सतीघाट पहुंचा और चारो मृत युवकों के घर पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दुखद बेला में हिम्मत बांधने की ढांढस दिया। पीड़ित परिवार से पूर्व प्रत्याशी ने कहा कि सरकार की ओर से जो भी आर्थिक सहायता दी जाती है उसे दिलवाया जाएगा। घटना के बाद गांव में कोई भी जनप्रतिनिधि या कोई भी अधिकारी न पहुंचने पर उन्होंने इसे दुखद बात बताते हुए कहा कि गुरुवार की घटना क्षेत्र की बड़ी घटना जिसमे किसी ने बेटा खोया किसी ने पति खोया लेकिन अब तक कोई अधिकारी या कोई जनप्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार से मिलकर उनका दुख बांटा है। वही चारों मृत युवकों के घरवालों को कबीर अंत्योष्टि की मिलने वाली राशि भी नही मिलने पर चिंता जताई। बड़ी घटना को लेकर उन्होंने जिलाधिकारी जमुई अभिलाषा शर्मा, बिहार सरकार के मंत्री सुमित सिंह, झाझा अंचल की प्रभारी सीओ आरती भूषण से भी सम्पर्क साध कर पीड़ित परिवार की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। जिसपर डीएम, मंत्री ने भरोषा देते हुए कहा कि सरकार की ओर जो भी आर्थिक सहायता है वह पीड़ित परिवार को दिया जाएगा। वही ग्रामीणों ने शोकसभा भी करते हुए निर्णय लिया कि जिस डीजे की वजह से गांव के चार युवकों की मौत हुई है

# यातायात नियम का पालन कराने को लेकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



- 13 वाहनों से वसूला गया 18 हजार रुपए

जमुई [ झाझा ] पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी मदन कुमार आनंद के द्वारा यातायात नियमों का पालन करवाने को लेकर दिए गए निर्देश पर झाझा पुलिस ने एनएच 333 स्थित कपूरी चौक पर देर शाम को संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चार घण्टे तक चले वाहन चेकिंग अभियान में 13 वाहनों से 18 हजार रुपए जुमार्ना राशि वसूला गया। चेकिंग अभियान के दौरान दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहनों को पुलिस रुकवाते हुए गाड़ी के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस की जांच के अलावे हेलमेट की जांच कर रहे थे और जिन चालकों के पास हेलमेट या कागजात में त्रुटि पाया गया वैसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे जुमार्ना वसूला गया। इस दौरान एसडीपीओ राजेश कुमार स्वयं मौजूद होकर एसएचओ संजय कुमार, पुअनि नंदन राय के साथ सड़को पर नियमों की धज्जियां उड़ाकर चल रहे वाहनों को जब्त कर उसपर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगा रहे थे। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसडीपीओ ने एसएचओ को बढ़ती ठंड में रास्ता सुनसान हो जाने के कारण राहगीरों के साथ किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो इसको ध्यान में रखते हुए संध्या गश्ती को बढाने के लिए भी कहा।

# दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी, कुल 12 लोग बने नामजद

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] करहरा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में दोनो पक्षों की ओर से थाना में मारपीट, छिनतई की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसमे दोनो पक्षों से कुल 12 लोगों को नामजद बनाया गया है। एक पक्ष से इनिया देवी ने दर्ज आवेदन में बताया कि घर मे मैं कुछ काम रही थी कि तभी अजय यादव, अमित यादव, उर्मिला देवी, हेमा देवी, संगीता देवी, मालती देवी, करीना कुमारी में घर मे घुसकर गाली गलौज करने लगा जब मैने विरोध किया तो अजय, अमित ने लाठी से मारपीट कर मुझे घायल कर दिया और जब मेरे पति जागेश्वर यादव, ससुर मनेजर यादव बचाव के लिए आया तो उनदोनो के साथ भी मारपीट किया। इसके अलावे नामजद महिलाएं मेरे कानबाली, चैन छीनकर घर का सारा सामान बर्बाद कर दिया। दूसरे पक्ष से उर्मिला देवी ने दर्ज आवेदन में बताया कि मै अपने पोता अमित को लेकर खेतपर मवेशी की देखरेख के लिए बनाए बथान पर गई तो देखा कि बथान टूटा हुआ है उसमें लगा एक हजार ईट भी गायब है जिसमें जानकारी मिला कि दूसरे पक्ष के जागेश्वर यादव,मनेजर यादव, इनिया देवी, सीमा कुमारी, धवा देवी मेरे जमीन पर आकर घटना को अंजाम दिया था जब उनलोगों से पूछने गई तो जागेश्वर ने रॉड से मेरे पोते को मारकर घायल करने के बाद मेरे साथ मारपीट करने लगा। हल्ला सुनकर जब मेरा बेटा अजय यादव आया तो उसे भी उनलोगों ने मारना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान इनिया देवी, सीमा कुमारी ने हाथ मे पहने चांदी का बाला और गले से चांदी की सिकड़ी छीन लिया। दोनो पक्षों की ओर से दर्ज आवेदन पर थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

# बीएससी अभ्यर्थी के पक्ष में उतरी सपा, फूंका पुतला

## पक्ष विपक्ष के इस बड़े स्कैम से छात्रों का भविष्य अधर में : पप्पू

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। 70 बीएससी अभ्यर्थियों के चल रहे आंदोलन के समर्थन में समाजवादी पार्टी ने शनिवार को जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गो पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला फूंका और पीटी एग्जाम रद्द करने व छात्रों पर हुए मुकदमें वापस लेने की मांग की। सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में दर्जनों सपाई पार्टी के अस्थायी कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए राजीव गांधी चौक पहुंचा और मुख्यमंत्री के पुतले को आग में झोंक सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की इस दौरान सपाई छात्र हीत का हनन हुआ तो खून बहेगा सड़कों पर, 70 वी बीपीएससी परीक्षा रद्द करो, आंदोलनकारीयों पर लाठी चटकाना बंद करो, नीतीश कुमार मुदार्बाद, बीजेपी जदयू गठजोड़ हाय हाय आदि नारे लगा रहे थे। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने 70 वीं बीपएससी अभ्यर्थी के आंदोलन के समर्थन में थप्पड़ मारने वाले डीएम और लाठी बरसाने वाले अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग करते हुए कहा कि बिहार में जिस तरह से छात्रों के हितों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इसमें बड़े स्कैम की बू आ रही है श्री यादव ने कहा कि ऐसे बड़े एग्जाम में सत्ता पक्ष और विपक्ष की बड़ी भूमिका होती है और यही कारण है कि सत्ता पक्ष के विकास पुरुष का मुंह नहीं खुल रहा है और विपक्ष महज खाना पूर्ति कर रही है और छात्र पुलिस और प्रशासनिक जुल्म का शिकार हो रहा है, जो कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। वही लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा व पार्टी के जिला प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर ने कहा कि भाजपा जदयू गठबंधन के नीतीश कुमार की सरकार की तानाशाही चरम पर है जिस तरह से बीपीएससी अभ्यर्थियों पर प्रशासनिक व पुलिसिया जुल्म किया जा रहा है इससे ऐसा प्रतीत होता है सरकार अपनी नाकामियां छुपाने के लिए पुरे राज्य को आंदोलन में झोक अपना उल्लू सीधा करना चाहती है जिसका हम सपाई पुरजोर विरोध करेगे प्रर्दशन में उपाध्यक्ष रामनाथ राय महासचिव मिथिलेश यादव अशोक भारत प्रवक्ता गणेश पोद्दार मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति सचिव संजय यादव गोपाल वर्मा मथुरी यादव छडपन मंडल रामानंद यादव देवन यादव दिनेश साहू सत्यजीत पासवान अशोक शर्मा बीरेंद्र दास राज कुमार रणवीर यादव चंदन साहू जानी पासवान सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# सोनो प्रखंड के चहुंओर घिरे पहाड़ों से निकली बर्फीली हवायों ने बढ़ाई ठंड

जमुई / सोनो : पहाड़ी छेत्रों से घिरा सोनो प्रखंड के चारों ओर तैज शितलहर का प्रकोप लगातार जारी है । घने पेड़ पौधों से भरा इन पहाड़ियों से निकली बर्फीली हवायों के कारण मौसम तेजी से बदला ओर शितलहर तैज हो गई है । पिछले तीन दिनों पुर्व से लगातार दोपहर 12 बजे तक भगवान भास्कर सुर्य की किरणें जमीन पर नहीं पड़ने की वजह से ठंड काफी ज्यादा बढ़ गई है । दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह से मौसम के करवट बदलते ही लोग ठंड से काफी परेसान हो गये हैं ।तीन दिनों पुर्व से लगातार आकाश में बादलों का परिभ्रमण ओर पछुआ हवा के झोंके का असर मौसम में पड़ रही है । सुबह से ही नम पछुआ हवा के कारण लोगों को चोक चौराहों पर ठंड से ठिठुरते नजर आ रहें हैं । लेकिन इस भीषण ठंड के बावजूद भी प्रशासन की ओर से अभी तक कहीं पर ना तो अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है और ना ही गर्म वस्त्र वितरण करने की । बटिया बाजार स्थित एक नेता द्वारा लोगों को ठिठुरन से बचने के लिए जलावन की व्यवस्था कर अलाव की व्यवस्था की गई ।

# 11 वर्षीय करांटे क्वीन जुही सावित्री बाई फुले सम्मान से हुई सम्मानित के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मिला मौका




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई / सोनो : जमुई जिला अंतर्गत झाझा प्रखंड के सिमुलतला की 11 वर्षीय बेटी करांटे क्वीन जूही कुमारी को राजस्थान प्रदेश के जयपुर में भारतीय दलित साहित्य अकादमी और एकल महिला मंच संगठन द्वारा आयोजित सावित्री बाई फुले सम्मान एवं फातिमा शेख सम्मान समारोह में सम्मानित हुई । करांटे क्वीन जूही कुमारी को ये सम्मान मार्शल आर्ट द्वारा अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेल में उत्कृष्ट योगदान हेतु दिया गया है । ज्ञात हो कि इससे पुर्व भी जूही नारी रत्न अवार्ड और नारी शक्ति वंदन अवार्ड से सम्मानित हो चुकी है । कार्यक्रम में संयोजक के रुप में राजस्थान के हेमलता कांसोटिया अकादमी के बाबूलाल जी एवं निर्देशक डॉ० पूजा तथा समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ० अर्चना शर्मा ने संयुक्त रूप से सर्टिफिकेट और अवॉर्ड भेंट करते हुए जुही का हौसला बढाया । ज्ञात हो कि जूही जयपुर स्थित दा पैलेस स्कूल में छठी क्लास की छात्रा है । जूही के कोच निर्मल बोहरा और मोहन श्रेष्ठ तथा स्कूल के प्रधानाध्यापक उर्वशी वर्मन ने जूही को बधाई दी है ।

# पुलिस अधीक्षक के दिशा- निर्देश में गिद्धौर थाना पुलिस ने रात्रि 07 बजे से 10 बजे तक चलाया वाहन जांच अभियान

## दो पहिये एवं चार पहिये वाहनों की गई जांच,हजारों रुपए का लगाया गया जुमार्ना



प्रात : किरण संवाददाता

- यातायात नियमों की अनदेखी पर वसूला गया जुमार्ना

गिद्धौर। जिला पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर शुक्रवार की संध्या 07 बजे से रात्रि 10 बजे तक गिद्धौर थाना के समीप एवं गिद्धौर बाजार में गिद्धौर थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया,चार पहिया वाहनों को आते जाते रोककर उनके डिक्की, टूल बॉक्स एवं वाहन के कागजातों आदि की सघनता से जांच की गयी। वहीं जांच के क्रम में कई दो पहिया एवं चार पहिये वाहन चालकों को रोक कर यातायात नियमों की अनदेखी पर जुमार्ना वसूला गया साथ ही साथ सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से वाहन चलाते समय यातायात के नियमों के पालन का भी निर्देश थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार द्वारा दिया गया। वाहन जांच के दौरान दोपहिया चार पहिया वाहनों के कागजातों की जांच की गयी। वहीं जांच के दौरान कई वाहनों से बतौर जुमार्ना 17 हजार रुपया वसूला गया। इस वाहन जांच अभियान में पुलिस निरीक्षक प्रताप सिंह,थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार, अवर निरीक्षक अनुज कुमार,राजेश्वर साह के अलावे कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# बाकाया वेतन भुगतान की मॉग को लेकर स्वक्षता कर्मचारियों ने किया प्रर्दशन



प्रात : किरण सवाददाता

मुंगेर। प्रखंड कार्यालय बरियारपुर में स्वक्षता कर्मचारियों ने अपने 24 माह के बकाया वेतन को लेकर जोरदार प्रर्दशन किया। इसके बाद स्वछता कमी ने बरियारपुर हटीया सेड पर सेकडों सर्मथकों के साथ बैठक आहुत किया। अपने एक सुत्री मॉगो को लेकर बरियारपुर हटीया चौक से पैदल चल कर प्रखंड कार्यालय पहुंचे। प्रखंड सुक्षता ग्रहणी सारिका से लंम्बी अंतराल तक संगठन सचिव पवन कुमार ने बार्ता कर आबेदन पत्र देकर कहॉ 15 जनवरी को मुख्यमंत्री आ रहे है हम स्वक्षता कर्मी उनका घेराव करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन कुमार सिंह ने किया । मौके पर सोपाल दास,फुल कुमारी, बेबी देवी ललिता देवी,बेबी कुमारी, उषा देवी, नीलु देवी, राधा देवी,सुनीता देवी, सन्नी देवी,खुशवु देवी मौजूद थे।

# जागरूकता: कभी गैस सिलेंडर से आग लगे तो बहुत ज्यादा घबराने की जरूरत नही है

प्रात : किरण संवाददाता



लक्ष्मीपुर। प्रखंड के मड़ैया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विधालय पथलघट्टा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं को आग पर काबू पाने के तरीके बताये गये। उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया गया कि कभी गैस सिलेंडर से आग लगे तो बहुत ज्यादा घबराने की जरूरत नही है।ऐसी स्थिति में धैर्य से काम लें।क्योंकि जब तक गैस सिलेंडर पूरी तरह गर्म नही होता है तब तक उसमें ब्लास्ट नही होगा। सिलेंडर ब्लास्ट करने में कम से कम आधा घंटा का समय लगता है।ऐसे में हमारे पास आग पर काबू पाने के लिए पर्याप्त समय होता है। आधे घंटे के भीतर आग पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। छात्र-छात्राओं को नाटक के मध्यम से बताया गया कि बाघ से ज्यादा खतरनाक आग है। खासकर रसोई गैस से खाना बनाने के दौरान हमेशा सजग और होशियार रहना चाहिए। इस अवसर मॉक ड्रिल के माध्यम से भी छात्र-छात्राओ को आग लगने की स्थिति में इस पर काबू पाए जाने के तरीके और आग नही लगे इसके लिए बरती जा सकने वाली जरूरी सावधानी के बारे में भी छात्र-छात्राओं को बताया गया। इस तरह पाएं आग पर काबू छात्र-छात्राओं को बताया गया कि यदि किसी भी कारण स्व गैस सिलेंडर में आग लग जाता है तो सूती कपड़ा को पानी में भिगोंकर गैस सिलिंडर को पूरी तरह से ढंक देने से आग पर काबू पाना बहुत आसान होता है। आग लगने की स्थिति में नर्वस न होकर इस आग पर काबू पाने के तरीके आजमाने चाहिए। इस अवसर पर अग्निशमन पदाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि लापरवाही ही आग लगने का मुख्य कारण है। ऐसे किसी भी चीज को सही तरीके से रख रखाव करना चाहिए,जो आग लगने का कारण बन सकता है।थोड़ी सी लापरवाही भी काफी महंगी पड़ सकती है। वही जागरूकता के तहत पम्पलेट का वितरण भी किया गया।समा प्रवीण,जय प्रकाश कुमार अग्नि सिपाही ने अपने-अपने कला से छात्र-छात्राओं को आग बुझाने का कई महत्वपूर्ण तरीके सिखाए। इस मौके पर उत्क्रमित मध्य विधालय पथलघट्टा के प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार,शेखर कुमार,प्रिती कुमारी,शिक्षा सेवक दिलीप रविदास सहित सैकेड़ो छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

# डीएम ने तीन विकास मित्रों को चयन पत्र देकर पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य निर्वहन करने को कहा




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । शनिवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में तीन विकास मित्रों को चयन पत्र जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा दिया गया। इस मौके पर उन्होंने तीनों विकास मित्रों को नवचयनित स्थल पर योगदान देते हुए पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का निर्देश दिए। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने बताया कि आज तीनों विकास मित्रों को चयन पत्र वितरित किया गया हैं जिसमें धरहरा प्रखंड के बंगलवा पंचायत में विदेशी कुमार एवं धरहरा प्रखंड के ही धरहरा दक्षिणी पंचायत में प्रिंस कुमार राज को चयनित कर चयन पत्र दिया गया है, जबकि नगर निगम मुंगेर क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 एवं 13 में श्रेया रावत पिता बबलू कुमार राउत को चयन पत्र दिया गया। जिलाधिकारी ने तीनों नवचयनित विकास मित्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने कर्तव्य के प्रति सजग एवं जागरूक रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर ही सभी कार्य करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दास्त नहीं की जाएगी। लापरवाही अथवा अनियमितता बरतने वाले कर्मियों को दोषी पाए जाने पर किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# 13 दिवसीय उद्यमी कृषि प्रशिक्षण का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर। शनिवार को जीविका ऑफिस टेटिया बम्बर में यूको बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से 13 दिवसीय कृषि उद्यमी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आर सेटी के संकाय देवेंद्र कुमार , जॉब मनेजर जीविका रूपेश कुमार एवं गौतम कुमार प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक जीवीका टेटिया बम्बर ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की। आर सेटी के संकाय देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे शुरू किए गए इस प्रशिक्षण मे टेटिया बम्बर प्रखंड के 35 प्रशिक्षु भाग ले रहे है जिनहे कृषि से संबंधित नई नई तकनीक की जानकारी प्रदान की जायेगी,मिट्टी की पहचान, मानसून पैटर्न, मिट्टी की जॉंच एवं उपचार, जैविक कृषि, उन्नत किस्म के बीज, बीजों के उपचार, क्रॉप प्लानिंग एवं अधिक मुनाफे कमाने के तरीके के साथ साथ सरकार द्वारा इस वय्वसाय को चलाने के लिए बैंक से दिये जाने वाले ऋण के बारे मे भी जानकारी दिए जायेंगे।

संकाय देवेन्द्र कुमार जी द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण लेकर एवं बैंक की मदद लेकर व्यवसाय को बड़े स्तर पर शुरूआत करने की सलाह दी एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। यह ट्रेनिंग अतिथि संकाय आकाश कुमार के द्वारा दिया जा रहा है 'इस अवसर पर संस्थान के, संकाय देवेंद्र कुमार कार्यलय सहायक आदित्य एवं सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे । यह प्रशिक्षण 13 दिनों तक चलेगा ।

# पुलिस ने चोरी के मामले में दो युवक को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। गत शुक्रवार को धरहरा थाना पुलिस ने बकरी चोरी करने के मामले में धरहरा थाना क्षेत्र के महरना गांव से दो युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों युवक के विरुद्ध धरहरा थाना में चोरी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। धरहरा थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार पाठक ने बताया कि 31 दिसंबर की रात महरना गांव से बकरी चोरी का मामला आया था। जिस मामले में दानी यादव का पुत्र चंदन कुमार एवं प्रमोद यादव का पुत्र सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

# मुंगेर की बेटी का फिर से कमाल जिओ स्टार एवं विकसित भारत लीडरशिप अवार्ड के लिए नॉमिनेट

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। श्रीजा सेनगुप्ता का चयन जियो स्टार के स्टार जलसा में एक सीरियल में हुआ है साथ ही श्रीजा को विकसित भारत लीडरशिप अवार्ड के लिए भी नामित किया गया है एवं 23 मार्च को पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोबिंद के अध्यक्षता में दिल्ली के भारत मंडपम में उसे इस पुरुस्कार के लिए नवाजा जाएगा ।ब्रांड एंबेसडर एवम इलेक्शन आइकन के रूप में लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में श्रीजा की अहम भूमिका रही है ।चुनाव में श्रीजा मुंगेर में नक्सलाइट क्षेत्र में जाकर लोगों को प्रेरित करने के कारण एवम खासकर महिलाओं एवम युवाओं को जागरूक करने के कारण भारत इकोनॉमिक फोरम में श्रीजा का चयन किया गया है। श्रीजा को मिस इंडिया इंटरनेशनल के लिए भी चयनित किया गया है और इसे जीतकर फिर से बिहार एक वार फिर से मुंगेर का नाम रोशन करना चाहती है ।मालूम हो की श्रीजा 2023 में फॉरएवर मिस इंडिया का खिताब जीतने के साथ साथ बेस्ट मॉडल की अवार्ड भी ले चुकी है जिसे पद्मश्री हेमा मालिनी द्वारा प्रदान किया गया था।श्रीजा को अंग विभूषित सम्मान एवम कोहिनूर ऑफ भारत के सम्मान से भी नबाजा गया है। इस बहुमुखी प्रतिभा शाली बिहार के नूर श्रीजा आई. आई. टी.पटना की द्वितीय वर्ष की छात्रा है तथा पढ़ाई में भी हमेशा अब्बल रही है। श्रीजा इसके अलावा एक अच्छी गायिका भी है।उनके मधुर गीत सुनते ही लोग झूम उठते हैं।

# पीएम आवास योजना: लाभुकों का नाम जोड़ने के लिए गांवों में 10 जनवरी से सर्वे होगा

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। राज्य में पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास विहीन लोगों का नाम जोड़ने के लिए सर्वे शुरू होगा।यह सर्वे 10 जनवरी से 31 मार्च तक होगा।आवास विहीन एवं कच्चे घर में रहने वाले परिवार सर्वेक्षण में भाग लेकर अपना नाम योजना की सूची में दर्ज करा सकते है।ग्रामीण विकास मंत्रालय के द्वारा यह जानकारी दी।गरीब परिवारों को आवास का लाभ देने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार से योग्य लाभुकों के सर्वेक्षण के अनुमति की मांग की गई है।पत्र में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2018-19 के बाद से बिहार में सर्वे नही हुआ है।उसके बाद से अबतक कई नए परिवार बने।जरूरतमंदों को योजना का लाभ देने के लिए सर्वे से पहले सर्वेक्षणकर्ता का निबंधन एवं ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है।राजस्व ग्राम की पंचायत के साथ आवास सॉफ्ट पर मैपिंग का कार्य पूरा होने को है।इन कार्यों को पूरा करते हुए सर्वेक्षण शुरू किया जा रहा है।यह सर्वे ग्रामीण आवास सहायक करेंगे।जिन पंचायतों में ग्रामीण आवास सहायक नही है,वहां पंचायत रोजगार सेवक सर्वे करेंगे।जिन पंचायतों में ग्रामीण आवास सहायक एवं पंचायत रोजगार सेवक नही है,वहां पंचायत सचिव सर्वे करेंगे।राज्य के सभी पंचायतों में सर्वेक्षण होगा।इसके लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आवास एप-2024 लॉन्च किया है।

सम्पादकीय

## दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सावित्रीबाई फुले अवार्ड कालिंदी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर मीना चिरांदा को

अन्तरराष्ट्रीय माता सावित्रीबाई फुले शोध संस्थान जनवरी 2025 के अंतिम सप्ताह में शिक्षा की क्रांति ज्योति जलाने वाली , राष्ट्रमाता, भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती के अवसर पर शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य और उल्लेखनीय योगदान देने वाली 25 विशिष्ठ विभूतियों को माता सावित्रीबाई फुले अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित करेगा। यह जानकारी शनिवार को माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन तथा महासचिव प्रो. के.पी. सिंह ने दी है । उन्होंने बताया है कि इस सम्मान के लिए ज्यूरी बोर्ड बनाया गया है। प्रोफेसर पी.ड़ी. सहारे को ज्यूरी बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। संस्थान के पास 100 से अधिक विशिष्ट महिलाओं व पुरुषों के आवेदन आ चुके हैं जिसकी जल्द ही घोषणा ज्यूरी बोर्ड द्वारा कर दी जाएगी। संस्थान के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि संस्थान की ओर से 25 महिलाओं व पुरुषों को सम्मानित किया जाएगा। इस बार ज्यूरी बोर्ड ने निर्णय लिया है कि दूसरा माता सावित्रीबाई फुले अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड कालिंदी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर मीना चिरांदा को दिया जाएगा। प्रोफेसर मीना चिरांदा ने बालिकाओं की शिक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सम्मान स्वरूप उन्हें प्रशस्ति पत्र, शाल, स्मृति चिह्न और ग्यारह हजार रुपये की धनराशि भेंट की जाएगी। इसके अतिरिक्त सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने वाली विशिष्ट महिलाओं व पुरुषों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसमें विवेकानंद कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर पिंकी मौर्य , डिप्टी डीन प्रोफेसर गीता सहारे , प्रोफेसर अरुण चौधरी , के. योगेश , डॉ.बलवान सिंह बिबयान , गाँधी भवन के निदेशक प्रोफेसर के .पी. सिंह , डॉ. मनोज वर्मा ( लोकसभा टीवी एंकर ) केंसर विशेषज्ञ डॉ.विष्णु मूर्ति को इस वर्ष का सावित्रीबाई फुले अवार्ड दिया जाएगा । बाकी नामों की सूचना भी जल्दी ही ज्यूरी आगामी बैठक में घोषित करेगी। डॉ. सुमन ने बताया है कि माता सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका थीं। उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा ज़िले के नायगाँव में हुआ था। सावित्रीबाई फुले एक समाज सुधारक, शिक्षिका और कवयित्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन को एक मिशन बना दिया था। उनका उद्देश्य था कि विधवाओं का विवाह हो, छुआछूत खत्म हो, महिलाओं को अपनी उन्नति के लिए आजादी मिले। दलित महिलाओं को शिक्षा का अधिकार मिले। सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर सन 1848 में पुणे के भिड़ेवाड़ा में लड़कियों के लिए पहला आधुनिक भारतीय स्कूल खोला था। यद्यपि माता सावित्रीबाई फुले के इस कार्य में सवर्ण समाज काफी व्यवधान डाला था। उन्हें गालियाँ दी जाती थीं, पत्थर मारे जाते थे, उन पर कीचड़, गोबर और मानव-मल फेंका जाता था। वे अपने साथ दो कपड़े लेकर जाती थीं। जिससे कि गंदे किए गए कपड़े बदल सकें। इतने विरोध के बावजूद वे स्त्रियों के अधिकारों और उनकी शिक्षा के लिए संघर्ष करती रहीं। उनका उद्देश्य था कि स्त्रियों को समाज में बराबर का दर्जा मिले पुरुषों के समान उन्हें भी शिक्षा और स्वावलंबन का अधिकार मिले। डॉ.सुमन ने बताया है कि बालिकाओं की शिक्षा के लिए अलग विद्यालय खोलना यह विश्व इतिहास की पहली घटना थी। आजादी के बाद भारत में बालिकाओं के लिए अलग विद्यालय और विश्वविद्यालय की योजना माता सावित्रीबाई फुले की ही देन है। माता सावित्रीबाई फुले ने समाज में जाति और लिंग के आधार पर होने वाले भेदभाव और अन्याय को खत्म करने के लिए काम किया था। उन्होंने अपने घर का कुआँ दलितों को पानी लेने के लिए खोल दिया था। उस समय सवर्ण समाज ने दलितों को सार्वजनिक तालाबों और कुओं से पानी लेने पर पाबंदी लगाई थी। माता सावित्रीबाई फुले ने विधवाओं के लिए आश्रम खोला था। यह व्यवस्था पहली बार भारतीय परिवेश में की जा रही थी। उन्होंने आगे बताया कि अनेक कठिनाइयों और समाज के प्रबल विरोध के बावजूद महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने व उन्हें शिक्षित तथा रूढ़िमुक्त करने में सावित्रीबाई फुले के कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है।







# क्यों वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज खुलने से क्यों खफा है कांग्रेस?

**इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है। वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्णा वर्मा द्वारा स्थापित ह्यइंडिया हाउसह्व में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने ह्यअभिनव भारतह्व नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की।**





**डॉ० आर.के. सिन्हा**

**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं**

वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देश भर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए। पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा ही चिढ़ रहा है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के एक ही अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं। काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपने महान नेत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिये 11 हजार रुपये का अंशदान भी किया था। श्रीमती इंदिरा गांधी ने सावरकर को ह्व रिमार्केबल सन ऑफ इंडियाह्व कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, ह्लस्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारकह्व के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में इंदिरा गांधी ने लिखा है, ह्यमुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।ह्व मशहूर लेखक वैभव पुरंदरे ने अपनी किताब ह्यद ट्रू स्टोरी ऑफ फादर ऑफ हिंदुत्वह्व में लिखा है कि इंदिरा गांधी का लिखा पत्र सत्य है। किताब में लिखा है कि इंदिरा गांधी ने 1966 में सावरकर के निधन पर गहरा शोक भी जताया था। इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है। वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित ह्यइंडिया हाउसह्व में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने ह्यअभिनव भारतह्व नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। उन्होंने ह्य1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्रामह्व नामक एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया। इस पुस्तक को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। सावरकर ने इटली के क्रांतिकारी नेता गिउसेप्पे मैजिनी से प्रेरणा ली और उनकी क्रांतिकारी विचारधारा को भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। 1910 में, सावरकर को नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जैक्सन की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।उन्हें दोषी ठहराया गया और 50 साल की कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित सेलुलर जेल में भेजा गया, जहाँ उन्होंने कई वर्षों तक कठोर यातनाएं सहीं। काला पानी में उन्होंने एकांत कारावास, कठोर श्रम और अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया।कोल्हू में बेल की तरह जोतकर उनसे सूखे नारियल से तेल निकलवाया जाता था । सावरकर ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया और अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई। सावरकर हिंदू राष्ट्रवाद के एक प्रमुख पैरोकार थे। उन्होंने एक मजबूत और एकजुट हिंदू राष्ट्र की वकालत की। सावरकर ने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने हिंदू समाज में सुधार लाने के लिए कई आंदोलन चलाए। वे एक कुशल वक्ता और लेखक थे। उनके भाषणों और लेखों ने लोगों को प्रेरित किया और उनमें देशभक्ति की भावना जगाई। सावरकर के गृह राज्य महाराष्ट्र में कई संगठन और संस्थान हैं जो उनके विचारों और कार्यों को बढ़ावा देते हैं। वीर सावरकर महाराष्ट्र में एक सम्मानित और प्रभावशाली व्यक्ति हैं, और उन्हें कई लोगों द्वारा एक महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक के रूप में याद किया जाता है। वीर सावरकर का एक शानदार चित्र पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ था। उनके चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था। जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब भी कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। तब कांग्रेसी भूल गए थे कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीति व स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग व समर्पण को देखते हुए केन्द्रीय कक्ष में उनका चित्र स्थापित कर सम्मान दिया गया। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर पर गैर- जरूरी टिप्पणी अपमानजनक की थी। उनकी बयानबाजी से शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे भी नाराज हो गए थे। उनहोंने तब कहा था ह्लहम स्वातंत्र्यवीर सावरकर के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से सहमत नहीं हैं। हमारे मन में सावरकर के लिए सम्मान है।ह्व आपको कोई पसंद नहीं तो ठीक है। खैर, वीर सावरकर कॉलेज खुलने से राजधानी में उस महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर महत्वपूर्ण प्रतीक स्थापित हो जाएगा। देर से ही सही राजधानी दिल्ली में अब वीर सावरकर का एक अहम प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।

# मणिपुर में माफी कोरा दिखावा न होकर सार्थक बदलाव करें

**ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस माफी की पहल को विश्वसनीय बनाया जाये एवं ऐसे उपयोगी एवं जरूरी कदम उठाए जाये ताकि मणिपुर राज्य में मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में कुकी जनजातीय समुदायों के बीच चला आ रहा टकराव विराम पा जाये। जरूरी है कि केंद्र और राज्य की सरकार मुख्यमंत्री की इस पहल से उपजे सद्भाव को स्थायित्व देने की कोशिशें अविलंब शुरू कर दें। 2023 के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में मणिपुर के हालात बेहतर रहे, संघर्ष की स्थितियां कम देखने को मिली।**





**ललित गर्ग**

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

मणिपुर में जातीय संघर्ष, व्यापक हिंसा एवं अराजक माहौल के लिए पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बीते साल के आखिरी दिन शांति की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए ह्यमाफीह्व मांगी है, इस माफी को लेकर राजनीति के गलियारों में व्यापक चर्चा है। क्योंकि इस हिंसा में मई 2023 से 250 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों लोग बेघर हो गए है। लम्बे समय से यह प्रांत अस्थिरता, असंतोष एवं अशांति की आग में जल रहा है। एन बीरेन सिंह ने माफी मांगते हुए हिंसा के इस लंबे कालखण्ड एवं सिलसिले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सभी समुदायों से अपील की कि पिछली गलतियों को भुलाकर वे शांति और सौहार्द कायम करें। हालांकि मुख्यमंत्री की इस अपील के अपने मतलब निकाले जा रहे है। कुछ लोगों का कहना है कि यह माफी बहुत पहले मांगी जानी चाहिए थी। कुछ का यह मानना है कि माफी ऐसे समय आई है जब मुख्यमंत्री चौतरफा दबाव में है। विरोधी तो बहुत पहले से उनका इस्तीफा मांग रहे हैं, पिछले कुछ समय से खुद उनके विधायकों और सहयोगियों ने इस माफी को उनकी मजबूरी का परिणाम बताया है। निश्चित ही बीरेन सिंह के लिये माफी मांगना काफी नहीं है, अगर वह मानते हैं कि स्थिति को संभालने में नाकाम रहे तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था या केन्द्र को राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए था। अफसोसनाक यह है कि इस मसले पर अक्सर विवाद उभरते रहे और राजनीतिक शख्सियतों के बीच आरोप-प्रत्यारोप अक्सर बेलगाम बोल में तब्दील ही होते रहे, कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया, जो गैरजिम्मेदाराना राजनीति को दशार्ता है। मणिपुर में 3 मई 2023 से ही बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच आरक्षण और आर्थिक लाभ को लेकर जो हिंसा शुरू हुई वह अभी थमने का नाम नहीं ले रही। कभी अपनी सांस्कृतिक सद्भावना के लिए जाना जाने वाला राज्य अब गहराते विभाजन एवं जातीय संघर्ष का सामना कर रहा है और लोग लगातार भय में जी रहे हैं। तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा। शांति एवं सद्भावना की तलाश अभी भी जारी है। मणिपु में जब चंद दरिंदें दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ बर्बरतापूर्ण हरकत करते नजर आए तो पूरा प्रांत आक्रोश में आ गया। जनमानस की प्रतिक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत महत्व रखती है। न तो राज्य सरकार ने और न ही केन्द्र सरकार ने हिंसा को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय किए और न ही शांति स्थापित करने के कोई प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार डेढ़ साल से ज्यादा समय से खेमों में बंटती राजनीतिक उलझन में फंसी रही। सभी दल, नेता एवं सरकार नामुमकिन निशानों की ओर कौमों को दौड़ती रही। यह कौमों के साथ नाइंसाफी होने के साथ अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा थी। क्योंकि ऐसी दौड़ जहां पहुंचाती है, वहां कामयाबी की मंजिल नहीं, बल्कि मायूसी का गहरा गड्ढा होता है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वीकारोक्ति कि ह्यह्यमैं राज्य में जो कुछ हुआ उसके लिए खेद व्यक्त करना चाहता हूं। कई लोगों ने अपनों को खो दिया और कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। लेकिन पिछले तीन-चार महीनों में अपेक्षाकृत शांति देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में स्थिति सामान्य हो जाएगी। ह्लह्ल प्रश्न है कि मुख्यमंत्री 18 माह के खून-खराबे के बाद अब क्यों माफी मांग रहे हैं? वे क्या संदेश देना चाहते हैं? अगर वह स्थिति को संभालने में नाकाम रहे थे तो उन्हें बहुत पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। ताकि स्थितियों लगातार इतनी विकराल नहीं होती, इतनी अधिक जनहानि नहीं होती। देश के नेताओं को गाल बजाने की बजाय आम आदमी को परेशान करने वाली सामाजिक असुरक्षा, जातीय संघर्ष तथा हिंसा जैसे मुद्दों से निबटने के लिये दूरगामी नीतियों के क्रियान्वयन के प्रयास करने चाहिए। यूं तो मणिपुर हिंसा में इतने मासूमों की मौत के बाद मुख्यमंत्री के माफी मांगने का कोई औचित्य नजर नहीं आ रहा। इसीलिये विपक्ष दल एवं कांग्रेस उन पर और केन्द्र सरकार पर हमलावर है। 19 महीनों में एन.बीरेन असंवेदनशील बने रहे और वर्ष के अंत में उन्होंने माफी मांगकर किस संवेदनशीलता का परिचय दिया है? अब सवाल यह है कि त्रासदी का अंत कैसे हो? कैसे शांति स्थापित हो? जरूरत है मनुष्य को बांटे नहीं, सत्य को ढंके नहीं। बड़ा सवाल यह है कि राज्य द्वारा माफी मांगना केवल दिखावा है और राजनीतिक अपयश निवारण और क्षतिपूर्ति की आवश्यकता मात्र है या किसी सार्थक बदलाव की बुनियाद। हालांकि इस तरह की राजनीतिक माफी अक्सर संदेहास्पद ही होती है क्योंकि माफी में इससे कहीं अधिक की क्षमता होती है। सार्वजनिक रूप से माफी मांगने वाले नेताओं की संख्या में वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय एवं चिन्तनीय रही है। माफी मांगना एक ऐसी युक्ति है जिसका इस्तेमाल नेता अब अक्सर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये करते हैं, ताकि वे कम से कम लागत पर अपनी गलतियों को पीछे छोड़ सकें या उनसे पीछा छूडा सके। लेकिन बीरेन सिंह की माफी की अच्छी बात यह है कि तमाम दबावों के बाद ही सही, राजनीति और समाज के हर प्रमुख हिस्से ने उनकी माफी को सकारात्मक कदम माना है।

# लफंगा कौन, कुमार या सैफ अली?

**राकेश अचल**

मै लेखक हूँ इसलिए मुझे हर पक्ष पर लिखने की आजादी है। यदि मै नेताओं, न्यायाधीशों, अभिनेताओं, खिलाडियों पर लिख सकता हूँ तो लफंगों पर भी लिख सकता हूँ, हालांकि लफंगे इस काबिल नहीं होते की उनके बारे में कुछ लिखा जाये। लफंगे आखिर लफंगे होते हैं, लेकिन लफंगों की पहचान करना आसान काम नहीं है। लफंगे किस रूप में मिल जाएँ, कोई नहीं जानता ?लफंगा संज्ञा है या सर्वनाम, क्रिया है विशेषण ये आप तय करें, मै तो इतना जानता हूँ कि ये शब्द चुभने वाला है। लफंगा शब्द का इस्तेमाल अक्सर लंपट, व्यभिचारी, दुश्चरित्र, शोहदा, आवारा, और कुमार्गी के लिए कुमार्गी के लिए किया जाता है। आम बोलचाल का शब्द है लफंगा। इस शब्द का इस्तेमाल पहले संसद में भी हो चुका है, किन्तु अब इसे असंसदीय घोषित कर दिया गया है, इसलिए ये शब्द संसद में सुनाई नहीं देता। सड़क पर इस शब्द का इस्तेमाल सरे-आम किया जाता है और आम आदमी ही इसका इस्तेमाल करता है। खास आदमी इस शब्द को अपनी जबान पर भी नहीं लाते। लफंगा शब्द मुझे भी चुभता है इसलिए मै भी किंचित इसका इस्तेमाल नहीं करता, किन्तु मुझे मजबूर कर दिया है एक प्रोफेसर ने, एक कवि ने, एक प्रवचनकर्ता ने कि मै इस शब्द पर लिखूं। लफंगे शब्द का इस्तेमाल करने वाले महापुरुष का नाम है कुमार विश्वास। कुमार विश्वास को अपने ही नाम पर विश्वास नहीं था इसलिए उसने अपना मूल नाम विश्वास कुमार शर्मा को बदलकर कुमार विश्वास कर लिया। कुमार विश्वास के पिता चंद्रपाल शर्मा चूंकि व्याख्याता थे सो कुमार भी इंजीनियर बनने के बजाय व्यख्याता बन गए। वे क्या बनना चाहते थे, ये उन्हें भी पता नहीं, लेकिन आजकल वे किसी को भी लफंगा कहने लगे हैं। कुमार कवि बने, फिल्मी गीतकार बने, अभिनेता बने, किन्तु टिके नहीं रह पाए। उनकी आत्मा भटकते हुए आम आदमी पार्टी में आ गयी । वे केजरीवाल बनना चाहते थे, लेकिन वे कुछ भी नहीं बन पाए। कविता के मंच पर श्रृंगार के नाम पर फूहड़ता परोसने वाले कुमार जब कविता से ऊब गए तो आसाराम पथ पर चलते हुए धर्म प्रवाचक बन गये। हिन्दू बन गए और यहीं से उन्होंने देश के एक ख्यातिनाम अभिनेता के बेटे के नाम को लेकर लफंगा शब्द का इस्तेमाल करते हुए अपनी टीआरपी बढ़ाने की नाकाम कोशिश की। वे मुरादाबाद के एक कवि सम्मेलन में कविता पढ़ने गए थे और वहां उन्होंने कविता पढ़ने के बजाय सैफ-करीना के बेटे तैमूर के नाम को लेकर अपनी भड़ास निकाल दी। कुमार की देह में शायद किसी हिन्दू उग्रवादी नेता की आत्मा ने प्रवेश किया और कुमार बोल उठे-तुम्हे हीरो-हीरोइन बनाएं हम और तुम शादी कर जो बच्चे पैदा करो उनका नाम किसी विदेशी आक्रमणकारी के नाम पर रखोगे तो ये सब नहीं चलेगा। कुमार को तैमूर के नाम से नफरत है। उनका कहना है कि नए भारत में आप किसी बच्चे का नाम उस लफंगे के नाम पर नहीं रख सकते। अब भारत जाग गया है। लगता है कि कुमार की अंतरात्मा भी 55 साल बाद जगी है। कुमार को मै भी पसंद नहीं करता लेकिन मैंने कभी उन्हें लफंगा नहीं कहा, क्योंकि ये मेरे संस्कारों का हिस्सा नहीं है। मै किसी को लफंगा कहकर या लिखकर सुर्खियां बटोरना नहीं चाहता। कुमार ऐसा कर रहे है। वे कुछ भी कर सकते हैं, क्योंकि उनकी आत्मा भटक रही है। आपको पता है कि कुमार विश्वास आमतौर पर सॉफ्ट हिंदुत्व वाली लाइन लेकर ही चलते रहे हैं. उनके भाजपा में जाने की चचाएं होती रही हैं पर वो कभी नेहरू या इंदिरा गांधी के खिलाफ नहीं बोलते हैं। राहुल गांधी को भी एक अच्छा व्यक्ति मानते हैं। मौका पड़ने पर बीजेपी-आरएसस की भी चुटकी ले चुके हैं। पर अब उन्होंने कट्टर हिंदुत्व वाला रास्ता पकड़ लिया है। उन्हें लगता है कि वे प्रवीण तोगड़िया या साध्वी ऋतम्भरा की तरह मुसलमानों पर आक्रमण कर हीरो बन जायेंगे। किन्तु वे भूल जाते हैं कि इन अग्निमुखी हिन्दू नेताओं का आज नामलेवा भी कोई नहीं है। कुमार जाने-अनजाने हिंदी कविता के मंच को राजनीति का, हिंदुव का अखाड़ा बनाना चाहते हैं। लेकिन ऐसा हो नहीं पायेगा। देश एक दिन उन्हें भी खारिज कर देगा, क्योंकि देश जानता है कि असली लफंगा कौन है ?हिंदी के महा लफंगे कवि कुमार विश्वास ने पीएचडी की उपाधि तो हासिल कर ली किन्तु वे तैमूर का अर्थ नहीं जान पाए। जान भी गए होंगे तो वे इससे जानबूझकर अनजान बने हुए हैं। उन्हें जानना चाहिए कि तैमूर शब्द नाम का मतलब बहादुर मजबूत, एक प्रसिद्ध राजा, आयरन होता है। और हर कोई अपनी संतान को बहादुर तथामजबूत देखना चाहता है। अब कुमार को ऐसा करना पसंद नहीं है तो कोई क्या कर सकता है ?वे चाहें तो अपने बच्चों का नाम लंगूर रख लें। उन्हें किसी ने क्या, ईश्वर ने भी इतनी ताकत नहीं दी कि वे सैफ-करीना के बेटे तैमूर का नाम बदलकर कुछ और रख दें। मै ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि वे कुमार विश्वास को सद्बुद्धि दें ताकि वे तंगदिली से बाहर निकल आएं। मै सैफ और करीना से भी दरख्वास्त करूंगा कि वे कुमार की टिप्पणी को दिल पार न लें क्योंकि लफंगा ही लफंगे की भाषा समझ सकता है। सैफ और करीना नहीं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 05 जनवरी, 2025



संक्षिप्त खबरें

## 09 जनवरी को फरोग-ए-उर्दू सेमिनार एवं मुशायरा का होगा आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार के अंतर्गत उर्दू भाषा निदेशालय तत्वावधान में जिला उर्दू भाषा कोषांग, सारण के सौजन्य से एक दिवसीय फरोग-ए-उर्दू सेमिनार एवं मुशायरा का आयोजन 09 जनवरी, को डीआरडीए सभागार, छपरा में पूर्वाह्न 10:30 बजे से किया जाएगा। द्वितीय राजकीय भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त उर्दू भाषा के विकास एवं प्रचार प्रसार के उद्देश्य से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। कोई भी उर्दू भाषा प्रेमी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

## ठंड में विद्यालय जाने से कतरा रहे हैं बच्चे

लहलादपुरः विषम शीतलहरी एवं हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड होने के कारण बच्चे विद्यालय जाने से कतरा रहे हैं तथा अभिभावक भी अपने बच्चे-बच्चियों को विद्यालय भेजने से परहेज कर रहे हैं. कुछ अभिभावकों का कहना है कि जानलेवा ठंड को मद्देनजर रखते हुए छोटे-छोटे बच्चों वाले विद्यालय में शीतकालीन अवकाश दे देनी चाहिए. विद्यालय जाने के क्रम में ठंड लग जाने से बहुत सारे बच्चे सर्दी-जुकाम से ग्रसित हो जा रहे हैं. विदित हो कि जहां सरकारी विद्यालयों में दस बजे से पढ़ाई शुरू होती है, वहीं अधिकांश प्राइवेट विद्यालयों में सुबह साढ़े आठ या नौ बजे से ही पढ़ाई होने लगती है. जबकि सुबह से ही शीतलहर एवं ठंड का प्रभाव पड़ने लगता है. ऐसी स्थिति में बच्चों का बीमार पड़ने की संभावना बनी रहती है.

## विशेष अभियान में 29 अभियुक्त गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण/परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 29 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-10, शराब सेवन-08, वारंट में-09, पॉक्सो में-01 एवं चोरी में-01 अभियुक्त शामिल हैं जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल-153 वाहनों से 3,17,000 रु0 जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-103 ली0, विदेशी शराब-16.89 ली0, स्प्रीट-20 ली०, मोटरसाइकिल-02, ट्रैक्टर-01, लोहे का रड-01, चाकू-01, कटर-01 एवं टेस्टर-01 बरामद किया गया है।

## सुल्तान इदरीसी ने की डीएम से शिक्षण संस्थान बंद करने की मांग

छपरा । न्याय फाइटिंग फॉर द पीपुल के संस्थापक महासचिव मो सुल्तान हुसैन इदरीसी ने सारण डीएम से कुहासे और ठंड को देखते हुवे आवेदन देकर स्कूल बंद करने की मांग की है । अपने दिए गए आवेदन में मो इदरीसी ने कहा है कि सुबह से ही कुहासे और ठंडी हवा के वजह से ठंड का प्रकोप बढ़ जा रहा है, जिसमें छोटे स्कूली बच्चों को स्कूल जाने के काफी कठिनाई का सामान करना पड़ रहा है,और ठिठुरन वाली ठंडी के साथ से बच्चों के बीमार पड़ने का डर बना हुआ है ' ऐसी स्थिति में सारण में शिक्षण संस्थान बंद करना आवश्यक है ।

## मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नही : आचार्य शुभम

बनियापुर । मनुष्य जब सामर्थ रखे तब परहीत मे कार्य करे,मानव सेवा से बढ़कर कोई बड़ा धर्म नही है - यह बाते बनियापुर के चेतन छपरा मॉड पर चल रहे रामचरित्र मानस नवाह पाठ मे आगत भारी संख्या श्रद्धालू भक्तो को संबोधित कर अयोध्या धाम से आए आचार्य शुभम जी महाराज ने कही,उन्होंने कहा कि परहीत सरिस धरम नाहि भाई,कह कहा कि दुसरो की मदद करे ईश्वर ने अगर सामर्थ दिया है,इंसान वही जो औरो के काम आए,इस प्रकार स्वय को सुख की प्राप्ति होती है ।जहा नित्य कार्यक्रम मे भक्तो की भीड़ जुट रही है।

## स्ट्रीट लाइट की हुई चोरी, मामला दर्ज

बनियापुर ।सहाजितपुर थाना क्षेत्र के सिसई पंचायत के घुमावन मॉड के समीप अज्ञात चोरो द्वारा अधिष्ठापीत स्ट्रीट लाइट की चोरी कर लिया है। घटना की प्राथमिकी स्थानीय मुखिया उपेन्द् ' राय द्वारा दर्ज कराई गयी है,जिसमे मुखिया द्वारा बताया गया है ।सड़क के किनारे लगे स्ट्रीट लाइट की चोरी कर ली गयी है।

# डीसी और एसपी ने नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### जिले के गाँवों, हाट-बाजारों में जाकर नशामुक्ति का संदेश देगा जागरूकता अभियान रथ




प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया (घनश्याम)। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय एवं बेतिया पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने संयुक्त रूप से नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से रवाना किया।नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान रथ जिले के गाँवों, हाट-बाजार सहित अन्य सार्वजनिक जगहों पर जाकर आमजन को नशामुक्ति के लिए जागरूक एवं प्रेरित करेगा।

ज्ञातव्य हो कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू किये 08 साल हो गए हैं। शराब बंदी के बाद लोगों के जीवन में काफी प्रगति हुई है। सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा मद्य निषेध एवं नशामुक्ति को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है ताकि लोग नशामुक्ति के लाभों से अवगत हो सके ।इस अवसर पर विधायक वाल्मीकिनगर धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने मैनाटॉड प्रखंड कार्यालय परिसर में जरूरतमंदों को ओढ़ाया कंबल



बेतिया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने शनिवार को मैनाटॉड़ प्रखंड कार्यालय परिसर में दर्जनों जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ाया। कंबल पाकर लोगों को बड़ी राहत मिली। उन्होंने जिलाधिकारी को बहुत-बहुत साधुवाद दिया। जिलाधिकारी ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को निदेश दिया कि रात के समय भ्रमण कर जरूरतमंदों को ठंड से बचाव की सामग्री का वितरण किया जाय। इसके ।साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नरकटियागंज अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी बेबी कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नगमा तबस्सुम सहित अन्य स्थानीय अधिकारी एवं माननीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आवश्वासन मानक का राज्यस्तरीय प्रमाण पत्र

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।सारण जिले के शाहपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आवश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र को प्राप्त किया है। इस प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र को सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, डीपीएम अरविन्द कुमार, डीपीसी रमेशचंद्र कुमार और सीएचओ रंजन कुमार को सौंपा। आयुष्मान आरोग्य मंदिर 2025 में एनक्यूएएस का राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला पहला केंद्र बन गया है। इस केंद्र ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आवश्वासन मानक की रैंकिंग में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि यह प्रमाण पत्र क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार का प्रतीक है। शाहपुर का आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने से इस केंद्र की सेवाओं और व्यवस्थाओं में और भी सुधार की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, आरपीएम प्रशांत कुमार, डीपीएम अरविन्द कुमार, प्रभारी डॉ. पुनम, डीपीसी सह नोडल पदाधिकारी रमेशचंद्र कुमार, सीएचओ रंजन कुमार, एएनएम शीला कुमारी, एएनएम आकंक्षा, बीएचएम ओमप्रकाश समेत अन्य मौजूद थे। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 151 प्रकार का दवा, 14 प्रकार के जाँच की सुविधाएं, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जाँच, परिवार नियोजन की सेवा, ओपीडी, संचारी रोग, गैर संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, पीने का पानी, हर्बल गार्डन, शौचालय, अग्निशमन यंत्र के साथ स्वच्छ वातावरण में गुणवत्ता पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रहीं हैं। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार स्वास्थ्य कर्मियों के कंधों पर गुणवत्ता के उच्च मानकों को बनाए रखने और लोगों के लिए सेवाओं में सुधार करने की अधिक जिम्मेदारी लाएगा।

# बिहार डीजीपी बदलते ही पुलिस आई एक्शन मॉड में, बगहा एसपी का रात के अंधेरे में औचक निरीक्षण

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बिहार में डीजीपी बदलते हीं पुलिस एक्शन मॉड में है, लिहाजा मुख्यालय के निर्देश पर नेपाल और उतर प्रदेश की सीमा पर स्थित बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज के भी अंदाज बदल गए हैं और यहीं वजह है की एसपी ताबड़तोड़ अभियान चला रहें हैं। नए साल के दूसरे और तीसरे दिन एक ओर साईकिल चलाकर एसपी सड़कों पर सरपट पुलिसिंग करते नजर आये तो वहीं रात के अंधेरे में अचानक जिले के पुलिस नियंत्रण कक्ष का एसपी ने निरीक्षण कर पुलिस अधिकारीयों और जवानों को चौंका दिया। एसपी ने बिना किसी पूर्व सूचना के मध्यरात्रि में वायरलेस के माध्यम से चौतरवा थाना के डायल-112 और पुलिस की अन्य गतिविधियों की जानकारी ली । इस दौरान एसपी ने पाया कि जिला नियंत्रण कक्ष में तैनात दरोगा और सिपाही ड्यूटी से ही बीना बताये गायब थे।

इन गायब पुलिसकर्मियों में पु.अ.नि मनोज प्रसाद और सोशल मीडिया कक्ष में तैनात दो जवान श्रवण कुमार और सिपाही रंजन कुमार भी शामिल हैं, जिन्हें एसपी ने कर्तव्य में लापरवाही को गंभीरता से लिया और तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है । इसके अलावा एसपी ने देर रात पुलिस की गश्ती लोकेशन का भी निरीक्षण किया।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर महिला सम्मान समारोह का हुआ आयोजन,सैकड़ों महिलाओं को किया गया सम्मानित

प्रातः किरण, संवाददाता



दिघवारा नगर। सोनपुर प्रखंड अंतर्गत नयागांव स्थित गोगल सिंह हाई स्कुल के प्रांगण में शुक्रवार को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका व नारी सशक्तिकरण की प्रतिक सावित्रिबाई फुले के 194वें जन्मदिवस के अवसर पर समाज में महिला सशक्तिकरण व जागरूकता की दिशा में उत्कृष्ठ कार्य कर रही महिलाओं के सम्मान में ह्ल महिला सम्मान समारोह ह्ल का आयोजन हुआ ।यह आयोजन क्षेत्र के जाने माने हड्डी रोग विशेषज्ञ और युवा समाजसेवी डॉ पंकज सिंह के सौजन्य से आयोजित हुआ। इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महिला विकास मंच की राष्ट्रीय संरक्षक वीणा मानवी ने शिरकत किया ।वहीं अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मढ़ौरा जिला पार्षद मीना अरुण, विशिष्ठ अतिथि के रूप में महिला विकास मंच दरभंगा की जिला अध्यक्षा प्रियंका झा उपस्थित रहीं ।वही इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध चिकत्सक डॉ रितंभरा सिंह गौतम ने की ।बता दें की इस कार्यक्रम में क्षेत्र के तकरीबन 150 से अधिक महिलाओं को अपने समाज के प्रति बेहतरीन योगदान देने के लिए उन्हें अंग वस्त्र,प्रशस्ति पत्र तथा एक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर उनका मान बढ़ाया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की सभी को इन सभी सम्मानित महिलाओं से प्रेरणा लेने की जरूरत है ताकि हम अपने समाज का सही मायने में सर्वांगीण विकास कर पाएं।

कार्यक्रम में जनसुराज के महिला जिलाध्यक्ष अमिता सहनी, जदयू महासचिव कंचन सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# बदलो बिहार महाजुटान में इंसाफ मंच का होगी ऐतिहासिक भागिदारीः अखतर इमाम

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया । भाकपा माले कार्यालय बेतिया मे इंसाफ मंच के जिला कमिटी की बैठक संपन्न हुआ. इंसाफ मंच की इस बैठक मे सिकटा विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता मौजूद थे. गाजा जनसंहार मे मारे गये फिलिस्तीनीयों सहित देश के विभिन्न हिस्सों मे इंसाफ के संघर्ष मे शहीद लोगों, तथा संभल हत्या काण्ड मे मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी. इंसाफ मंच की इस बैठक मे देश के मौजूदा हालात पर गौर व फिक्र किया गया तथा देश के मौजूदा फासीवादी निजाम की कार गुजारियो पर गहरी चिंता प्रकट की गयी. इंसाफ मंच जिला उपाध्यक्ष अफसर इमाम ने कहा कि भाजपा, आरएसएस देश के हर मस्जिदों, दरगाहों मे मंदिर खोजने की साजिश कर रहीं हैं जिसका यह बैठक पुरजोर मुखालफत करता है तथा पूजा स्थल अधिनियम 1991को देश भर मे लागू करने की मांग करता है. इंसाफ मंच जिला सचिव फरहान राजा ने वक्फ बोर्ड मुद्दे को समझते हुए कहा कि किसानों ने जैसे अपनी लड़ाई लड़ी थी उसी तरह मजबूती के साथ हम सभी को वक्फ बोर्ड आंदोलन को लड़ना होगा. इंसाफ मंच जिला अध्यक्ष अखतर इमाम ने कहा कि इंसाफ मंच 9 मार्च 2025 को पटना मे होने वाले बदलो बिहार महाजुटान मे मुस्लिम समुदाय की ऐतिहासिक गोलबंदी के साथ हिस्सा लेगा. इसके लिए सिकटा, मैनाटाड, नरकटियागंज, रामनगर, बगहा, बेतिया, नौतन बैरिया आदि प्रखण्डो मे विशेष प्रयास चलाया जाएगा. बदलो बिहार महाजुटान के लिए इंसाफ मंच उर्दू, हिन्दी मे पर्चा निकालेगा. पश्चिम चम्पारण के विभिन्न प्रखंडों मे 15 जनवरी 2025 तक प्रखण्ड कंवेंशन व बैठक करने का निर्णय लिया है. इंसाफ मंच महाजुटान के लिए जिला मे अपना प्रचार यात्रा भी निकालेगा तथा मोतिहारी में आयोजित महासमागम मे भी भाग लेगा. बदलो बिहार महाजुटान मे जन गोलबंदी बढाने के लिए जनता को पटना ले जाने हेतु अपना संसाधन जुटाने की भी तैयारी करेगा.भाकपा माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बिहार बदलाव के मुहाने पर खड़ा है।

छात्र नौजवान, आशा कार्यकर्ता, आंगन वाडी, रसोईया, कर्मचारी आदि लोगों के साथ मुस्लिम समाज भी जुडकर बिहार को बदलने की मुहिम में कंधे से कंधे मिला कर बदलो बिहार महाजुटान में भाग लेगा और ऐतिहासिक बनाऐगा. सभी नेताओं को अभी से पुरजोर तैयारी मे जुट जाना होगा. इनके अलावा डाक्टर मोजीबुरहमान साहब, फिरोज साहब, महम्मद चांद साहब, मोतीउरहमान, गौसूल आजम, मौलाना रिजवान, महम्मद मसीहा, नजमुन होदा, जुलकर नैन, ईदमहम्द, एकराम शेख, मुस्तफा अंसारी, नेसार मुखिया, रूसतम अली आदि थे।

# दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो बाइक सवार की मौत, आधा दर्जन लोग घायल, दो रेफर

प्रातः किरण, संवाददाता




बगहा। बगहा में दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हों गईं है जबकि आधा दर्जन लोग बुरी तरह जख़्मी हुए हैं। घायलों में एक रामनगर से तो दूसरा बगहा से जीएमसीएच बेतिया रेफर किये गए हैं । दरअसल घने कोहरे के बीच रफ़्तार के कारण बगहा समेत रामनगर में भीषण सड़क हादसे हुए हैं,पहली घटना रामनगर थाना क्षेत्र के रामनगर - लौरीया मुख्य सड़क के बिच बैंकुठवा मोड़ के पास की है जहाँ दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में एक शख़्स की मौत हो गई है जबकी दो अन्य गंभीर रूप से जख्मी बताये गए हैं। मृतक की पहचान लौरीया थाना क्षेत्र के पणडा पट्टी निवासी विक्कु पाण्डेय के रुप में हुई है ।जबकि दूसरी घटना बगहा टाउन थाना क्षेत्र के चखनी रजवटिया मार्ग की है जहाँ अनियंत्रित बाइक के पेड़ से टकराने से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई वहीं बाइक सवार दूसरा गंभीर रूप से जख्मी है जिसे जीएमसीएच बेतिया रेफर किया गया है। मृतक की पहचान भितहा थाना के हथूअहवा निवासी सीता राम कुशवाहा के 30 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार कुशवाहा के रूप मे हुई है। बतादें की बाइक सवार बगहा कोर्ट से देर शाम घर लौट रहें थे । रामनगर में सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने करीब आधा दर्जन लोगों के जख़्मी होने और एक शख़्स के मौत की पुष्टि किया है, जबकि बगहा अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी ने एक युवक की मौत और दूसरे के जख़्मी होने की जानकारी दीं है। इधर मृतकों के परिजनों और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्त्ता सुरेंद्र कुशवाहा ने सरकार और प्रशासन से मृतकों के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग की है ताकि उनके परिवार का भरण पोषण हों सकें ।

## गर्भवती महिला ने की आत्महत्या

बेतिया । जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गर्भवती महिला की फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की खबर है। इस संबंध में एसडीपीओ - 2 रजनीकांत ने बताया कि 03 जनवरी 25 को जगदीशपुर थाना अंतर्गत कठैया विशुनपुरा गांव में एक 25 वर्षीय गर्भवती महिला द्वारा अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना संध्या 8 बजे जगदीशपुर थानाध्यक्ष को मिली ।थानाध्यक्ष जगदीशपुर द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर ऋछ की टीम को बुलाया गया तथा आवश्यक कार्रवाई की गई। तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच भेजा गया।

## 9 जनवरी 2025 को एक दिवसीय नियोजन कैम्प का होगा आयोजन

छपरा कार्यालय। सहायक निदेशक (नियोजन) अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा के द्वारा 09 जनवरी को एक दिवसीय नियोजन कैम्प का आयोजन नियोजन कार्यालय , छपरा में किया जाएगा। इस नियोजन कैम्प में स्वतंत्र माइक्रो फाइनांस प्राइवेट लिमिटेड, गोपालगंज द्वारा एसएफओ के 45 वैकेंसी के विरुद्ध पात्र लोगों का चयन किया जायेगा।

रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी इस नियोजन कैम्प में भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। नियोजन कैम्प में भाग लेने हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण रखा गया है। वेतन 11000+10000 रुपये तक इंसेंटिव होगा । जॉब लोकेशन छपरा, सिवान, गोपालगंज, होगा। नियोजन कैम्प में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है कि उनका निबंधन नियोजनालय में हो ।नियोजनालय में निबंधन की प्रक्रिया ऑनलाईन कर दी गयी है जो कि भारत सरकार के पोर्टल (६६६.ल्लू२ॅङ्क५.ल्ल) के माध्यम से होता है। कोई भी अभ्यर्थी घर बैठे अपना निबंधन इस पोर्टल के माध्यम से कर सकता है। साथ ही अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा कार्यालय में भी ऑनलाईन निबंधन हेतु संपर्क किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपना नियोजनालय निबंधन इस पोर्टल पर आवश्यक रूप से करा लेंगे। नियोजन कैम्प में भी ऑनलाईन नियोजनालय निबंधन की व्यवस्था रहेगी।

## ओएचएम की बैठक में होम्योपैथिक को जन जन तक पहुचानें को हुई चर्चा



प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया ।नगर के एक निजी होटल में जिले के होमियोपैथिक डॉक्टरों की मासिक बैठक शनिवार को संपन्न हुई ।बैठक में आगेर्नाइजेशन फॉर होमियो मिशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने सभी चिकित्सकों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए ओएचएम के कार्यों की चर्चा की ।वही जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम ने होमियोपैथी को जन जन तक पहुचाने की चर्चा की ।सचिव डॉ कामेश्वर कुमार प्रसाद ने सदस्यता को आगे बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने के लिए जिला में और यूनिट का निर्माण करने की चर्चा की ।बैठक में प्रत्येक माह के पहले शनिवार को नियमित मासिक बैठक का आयोजन,जटिल बीमारियों में होमियो दवा का चुनाव आदि पर विस्तृत चर्चा की गई ।बैठक में ओएचएम के कोषाध्यक्ष डॉ मोहम्मद परवेज,डॉ संतोष कुमार,डॉ ओमप्रकाश कुमार,डॉ आम्रपाली, डॉ नीतु पाल,डॉ सत्यम कुमार,डॉ विपिन कुमार,डॉ वेणु प्रकाश,डॉ अक्षय कुमार,डॉ सत्येंद्र कुमार,डॉ पी के मिश्रा आदि उपस्थित रहें।

# दर्जनभर सड़कों का सांसद व विधायक ने किया उद्घाटन व शिलान्यास



प्रातः किरण, संवाददाता

चनपटिया। चनपटिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों को जिला मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय को जोडने वाले प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनने वाले दर्जन भर सड़क का उद्घाटन व शिलान्यास भाजपा सांसद डॉ,संजय जयसवाल एव चनपटिया के भाजपा विधायक ,उमाकांत सिंह ने संयुक्त रुप फिता काटकर व नारियल फोड़कर किया। इन सड़कों को बनने को लेकर ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल कायम है। पहले सांसद व विधायक ने गुरवलिया हनुमान मंदिर से शिवालय जाने वाले सड़क का फीता काट कर उद्घघाटन किया। वहीं 727 से ,रुदल साह के घर के तरफ जाने वाली सड़क, गुरुवालिया शिवा मंदिर से दुबे टोला जाने वाली सड़क ,गुरवलिया कुटी से हरिजन टोला जाने वाली सड़क ,तुरहा पट्टी तड़वा टोला से पतिहा टोला जाने वाली सड़क ,एवं चारगाह सहित दर्जनों सड़क का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया ।इस मौके पर, संवेदक विजय कुमार तिवारी , सुरज कुमार कुशवाहा,मुखिया सह भाजपा महामंत्री दिनेश्वर उर्फ मुन्ना तिवारी, मुखिया शिवम कुमार उर्फ राजा बाबू,मुखिया प्रियंका देवी ,शिवा बालक महतो , नीरज कुमार मिश्र, संजय राय,लालबाबू राय, विश्वनाथ कुशवाहा,समेत दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। गौरतलब हो कि कुल ग्यारह सड़कों की अनुमानित राशि करीब बारह करोड़ है।

## पूर्व छात्र रह चुके शक्ति सिंह को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

छपरा कार्यालय ।स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में स्कूल की तरफ से राष्ट्रीय खिलाड़ी शक्ति सिंह को प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के सचिव डॉ .सुरेश सिंह एवम शिक्षिकाओं की तरफ से स्कूल में बच्चों के बीच शाल एवं नारियल देखकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर सारण जिला वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव एवं बिहार वेटलिफ्टिंग संगठन के अध्यक्ष सारण जिला खेल संघ के डॉ .सुरेश सिंह की तरफ से भी शक्ति सिंह को सम्मानित किया गया शक्ति सिंह बिहार सरकार में खेल के कोटे से उन्हें सरकारी नौकरी भी मिली है खेल के प्रति समर्पण एवं जुनून के लिए इस अवसर पर शक्ति सिंह द्वारा भी विद्यालय के बच्चों एवं बच्चियों को मोटिवेट किया गया और कहा कि आज के परिवेश में छात्रों को अपने पढाई पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यक्ता है और मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया से दूरी रखनी होगी ताकि पढाई अच्छी तरह से हो सके और उन्होंने ये भी कहा कि पढ़ाई के साथ साथ अपने इच्छा अनुसार खेल भी जरूरी है। वही इस अवसर में विद्यालय के शिक्षक सहित कई गणमान्य लोग उपस्तित रहे।

# राजनीति, विमानन, शिक्षा और वकालत के प्रतीकः राजीव प्रताप रुडी की प्रेरणादायक यात्रा

## सांसद पायलट रुडी ने एविएशन में 15 वर्षों की शानदार यात्रा पूरी की, अद्वितीय पहचान बनाई है

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।लोकसभा सांसद, वाणिज्यिक पायलट, अधिवक्ता और प्राध्यापक राजीव प्रताप रुडी ने अपने जीवन में विविध क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कर न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। राजनीति, विमानन सेवाओं, विधि और शिक्षा जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में उनकी सक्रियता ने युवाओं के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत प्रदान किया है । श्री रुडी की यह गौरवशाली यात्रा उनकी मेहनत, साहस और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है। उनके योगदान ने न केवल एविएशन इंडस्ट्री, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को भी मजबूत किया है। श्री रुडी दुनिया के पहले और एकमात्र सांसद हैं, जो ए-320 विमान के कप्तान हैं। वे लगभग 5000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव रखते हैं और विदेश में विदेश में अब्बू धाबी, सिंगापूर माले, श्रीलंका और फुकेट, दुबई इत्यादि अंतरराष्ट्रीय उड़ान समेत देश के पटना, श्रीनगर और जम्मू जैसे चुनौतीपूर्ण हवाई अड्डों पर भी सफलतापूर्वक विमान उड़ाया और उतारा है । बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला श्री लालकृष्ण आडवाणी, श्रीमती निर्मला सीतारमण, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्राचूड़, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, रविशंकर प्रसाद समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्री रुडी की कप्तानी में विमान में यात्री के रूप में यात्रा कर चूके हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री रुडी की पायलट बनने की यात्रा संघर्ष और धैर्य का एक अद्वितीय उदाहरण है। 1978 में एनसीसी के एयर विंग से जुड़कर उन्होंने पायलट बनने का सपना देखा। गवर्नमेंट कॉलेज, चंडीगढ़ में पढ़ाई के दौरान पटियाला फ्लाइंग क्लब में प्रशिक्षण लेते समय हेलिकॉप्टर का एक दुर्घटना के कारण फ्लाइंग क्लब बंद हो गया और उनका सपना अधूरा रह गया। 1990 में विधायक बनने के बाद उन्होंने बिहार फ्लाइंग क्लब में दाखिले के लिए आवेदन किया, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली सरकार ने अनुमति नहीं दी। 1996 में सांसद बनने और 2001 में नागरिक विमानन मंत्री बनने के बावजूद उन्हें बिहार फ्लाइंग क्लब में प्रवेश नहीं दिया गया। हालांकि, 2005 में श्री नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने पर रुडी को फ्लाइंग क्लब में नामांकन का मौका मिला। उन्होंने 2010 तक अपनी राज्यसभा सदस्यता के दौरान प्रशिक्षण पूरा किया और सीपीएल (कमर्शियल पायलट लाइसेंस) प्राप्त किया। वे भारत के सबसे उम्रदराज व्यक्ति बने जिन्हें यह लाइसेंस मिला। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के मियामी सिम सेंटर से ए-320 एयरबस विमान का टाइप रेटिंग किया। 2010 में श्री रुडी ने इंडिगो एयरलाइंस में फर्स्ट ऑफिसर के रूप में अवैतनिक तौर पर कार्य शुरू किया। आज वे 5000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव रखते हैं और दुनिया के पहले सांसद हैं जो ए-320 विमान के कप्तान हैं।

## हजारों लोगों को खिलाई गई खिचड़ी

छपरा कार्यालय ।सारण्य महोत्सव के तत्वाधान में नगर निगम चौक साईं मंदिर परिसर में 1000 लोगों को अन्नपूर्णा योजना के तहत खिचड़ी खिलाई गई। सारण्य महोत्सव द्वारा जितेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में अन्नपूर्णा योजना के तहत खिचड़ी खिलाने की व्यवस्था की गई। खिचड़ी खिलाने में सारण्य महोत्सव अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, सुभाष ओझा, सुशील कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, रामनाथ राय, मंगल राय, नन्हे जी, ललिता देवी, शिला देवी,अंकिता, शिखा, विभा, अनुष्का, आयुष आदि ने सहयोग किया।

# जिला अधिकारी ने की विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। जिलाधिकारी, भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली, जिनमें बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल, घर तक पक्की गली-नालियाँ, हर घर नल का जल- अनुरक्षण, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी, कृषि फीडर का निर्माण, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना, स्वास्थ्य उपकेन्द्र-टेलीमेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, पशु चिकित्सा सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी, पंचायत सरकार भवन, हर पंचायत में (10+2) विद्यालय, खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स क्लब का गठन, हर पंचायत में खेल का मैदान, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, जीविका समूह, जल-जीवन-हरियाली, दाखिल-खारिज, परिमार्जन आदि योजनाएं शामिल थीं। उन्होंने बैठक में इन योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर विस्तार रूप से चर्चा की। उन्होंने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम योजना के तहत लक्ष्य के अनुरूप कम आवेदन पे नाराजगी व्यक्त करते हुए जिले अन्तर्गत सभी कॉलेज, यूनिवर्सिटी में विशेष कैंप लगाकर आवेदन में तेजी लाने हेतु प्रबंधक, डीआरसीसी एवं जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को कृषि फीडर की जांच करते हुए प्रतिवेदन भेजने को कहा। साथ ही उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना एवं बिहार लघु उद्यमी योजना के विभिन्न यूनिट को जांच करने, एवं जीएम- डीआईसी को विभिन्न चरणों का लंबित भुगतान अविलंब सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को विशेष कैंप के माध्यम से सभी पंचायत में निर्धारित अवधि में खेल क्लब का निर्माण करने हेतु निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को विभाग द्वारा प्रस्तावित लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश भी दिया। साथ ही उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को विभिन्न विभागों के तहत प्रस्तावित योजनाओं का स्थल चयन सुनिश्चित करने और लंबित एनओसी को शीघ्र निष्पादित करने का आदेश दिया। उन्होंने भूमि सुधार उपसमाहर्ताओं और अनुमंडल पदाधिकारियों को इन कार्यों का सतत अनुश्रवण करने के लिए भी निर्देशित किया।

इस बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, लोक शिकायत पदाधिकारी, नगर आयुक्त, नगर निगम, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निकाय पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला पदाधिकारी ने की जिला टास्क फोर्स की धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । जिला पदाधिकारी भोजपुर, तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से) की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स की धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि भोजपुर जिले में 3746 किसानों से 41379 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की गई है, जो लक्ष्य 160522 मीट्रिक टन का 16.33 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 12423 मीट्रिक टन अधिक धान की अधिप्राप्ति हुई है। राज्य खाद्य निगम भोजपुर द्वारा बताया गया कि 26 दिसंबर 2024 से समितियों से सीएमआर (चावल) की आपूर्ति शुरू कर दी गई है, एवं कुल 62 लॉट चावल प्राप्त कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी किसानों की भुगतान न होने एवम कुछ पैक्सो में कम कैश क्रेडिट की उपलब्धता पे नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को सभी किसानों का भुगतान करने एवं विभिन्न पेक्सो में कैश क्रेडिट की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए दैनिक लक्ष्य के अनुरूप अधिप्राप्ति को सुनिश्चित करने का निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम भोजपुर को गन्नी बैग, एफआरके सहित अन्य समस्याओं का शीघ्र समाधान कर सीएमआर (चावल) प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त भोजपुर, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा, जगदीशपुर, पीरो), जिला प्रबंधक (राज्य खाद्य निगम), प्रबंध निदेशक (सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक), सहायक निबंधक (सहयोग समितियां) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । रमना मैदान में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मेयर द्वारा एवं नगर निगम द्वारा 10 की प्रस्ताव को निरस्त करने हेतु शहरवासियों की आवाज को बुलंद की गई।

हमारे जिला में गंदगी और जाम की समस्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में रमना मैदान प्रवेश शुल्क 10 के प्रस्ताव को न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि यह जिला वासियों के लिए एक अतिरिक्त बोझ भी है।

हम मांग करते हैं, कि मेयर और नगर निगम इस पारित प्रस्ताव शुल्क को तत्काल प्रभाव से समाप्त करें। हमारे जिलावासियों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित शहर की आवश्यकता है, न कि अतिरिक्त शुल्क की।

हम इस मुद्दे पर जिला वासियों के साथ मिलकर लड़ेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे। हमारा उद्देश्य जिलावासियों को न्याय दिलाना और शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाना है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि दलित व गरीब जनता ऐसे प्रस्ताव जो दलित गरीबों को उनकी आजादी से वंचित कर देगा, हम कभी सहन नहीं कर सकेंगे क्योंकि हमारी पार्टी दलितों की पार्टी है, एवं गरीब व दलित की आवाज को हम बुलंद करते रहेंगे हम के संरक्षण और वर्तमान केन्द्रीय मंत्री माननीय जीतन राम मांझी जी कि नितीयो का सम्मान करते हुए इस तरह के अन्य और भी सामाजिक समस्याओं से जुड़े हुए जो भी प्रस्ताव हमारे मेयर - सांसद द्वारा गरीब और दलितों के खिलाफ होंगे, हमारी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा आवाज उठाएगी

और साथ ही साथ समस्त कार्यकारिणी ने दलित गरीब व जिला वासियों के लिए उनके हक की लड़ाई हेतु अपनी आवाज को बुलंद किया ।

## कड़ाके की ठंड, पर नहीं जलाया जा रहा है अलाव

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)। इन दिनों ठंड जोरों पर है । इससे बचाव के लिए लोग विभिन्न जतन कर रहे हैं । बीते दिन से सर्दी के प्रकोप से जहां सुबह व रात का पारा काफी नीचे आ गया है । वहीं दिन का तापमान भी काफी नीचे आ पहुंचा है । इन सर्द हवाओं व कंपकंपा देने वाली ठंड से बचाव के लिए अभी तक नगर प्रशासन ने कहीं भी अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की है । जबकि नगर प्रशासन को ठंड शुरू होते ही अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए । नगर में कहीं भी अलाव नही जल रहा है । अलाव जलाने के लिए कहीं भी लकड़ियों का इंतजाम नहीं किया है । इस कारण लोग अपने स्तर से कूड़ा-करकट बिनकर अलाव जलाकर सर्दी से बचने के जतन कर रहे हैं । इसमें लोग प्लास्टिक तक जला रहे हैं, जो पर्यावरण में जहरीला धुआं छोड़ रही है । कुछ स्थानों पर बेकार पड़े टायरों को भी जलाकर ठंड भगाई जा रही है जो बदबू के साथ पर्यावरण पर विपरीत असर डाल रहे हैं ।

ठंड के जोर पकड़ते ही नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाती है । इसमें मुख्य चौराहों, गरीब बस्तियों, अस्पताल, बस स्टैंड आदि स्थानों पर शासकीय अलाव जलाए जाते हैं ।

इससे अधिक से अधिक लोग इसका फायदा उठा सके । लेकिन इस बार तापमान में अधिक गिरावट होने के बाद भी यह व्यवस्था अभी तक नहीं हो सकी है । क्षेत्र में बीते कई दिनों से कोहरे और ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है । ठंड के कारण लोगों को घरों से निकलना दूभर हो गया है ।

## स्वर्गीय छठू कुशवाहा के श्रद्धा कर्म में किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



■ इस अवसर में रात्रि में किया गया दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर। बिहिया प्रखंड के उड़ियान टोला गांव में अनील कुशवाहा के दादा स्वर्गीय छठू कुशवाहा के श्राद्ध कर्म लोग पहुंचे उनके तैल चित्र पर लोगों ने फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की अतिथियों उनके के जीवन प्रकाश डाला मुख्य अतिथियों के के अलावे गांव के लोग भी स्वर्गीय छठू कुशवाहा के तैल चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किए श्रद्धा कर्म के अवसर पर रात्रि में दुगोला का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भोजपुरी के कलाकारों ने निर्गुण से किया गया इस कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया गया ।रामायण का दुगोला प्रोग्राम ब्यास श्री कमलबास कुंवर एवं प्रदुमन परदेसी के बीच सम्पन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजद नेता मदन यादव के साथ विशिष्ट अतिथि के तैलियक साहू समाज के अध्यक्ष शिव कुमार साह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में गुड्डू लाल डिलर , नरेंद्र कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र यादव, योगेंद्र कुशवाहा,के अलावे हजारों दर्शक -श्रोता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब पीकर हंगामा कर रहे शराबी को किया गया गिरफ्तार

भोजपुर । बड़हरा प्रखण्ड अंतर्गत अपने ससुराल में आए रोहित सिंह पिता संजय सिंह जो ग्राम मानिकपुर थाना कोईलवर के निवासी हैं . जिन्हे अपने ससुराल रामपुर में आए हुए थे वहीं शराब पीकर हो हल्ला एवं गाली गलौज कर रहे थे जिन्हें बड़हरा थाना ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

### वाहन जांच के क्रम में 30 लीटर शराब बरामद, कारोबारी फरार

नसरीगंज(रोहतास) । नासरीगंज पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान शराब किया बरामद,कारोबारी फरार । थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर थाना क्षेत्र अंतर्गत दाउदनगर मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी द्वारा चलाया गया । जिस क्रम में पुलिस ने 30 लीटर देशी महुआ शराब बरामद कर लिया । उन्होंने कहा कि पुलिस को देख कारोबारी शराब फेककर भाग निकला । श्री कुमार ने कहा कि उक्त मामले में गिरफ्तारी नहीं हो पाई है । उन्होंने कहा कि कांड दर्ज करते हुए मामले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है ।

### बिना चालान के बालू लदे एक ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

नासरीगंज(रोहतास) । नासरीगंज पुलिस ने बिना चालान के बालू लदे एक ट्रक को किया जब्त । थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत इटिम्हा बाजार से पुलिस ने बिना चालान के बालू लदे एक ट्रक को जब्त कर लिया है । श्री कुमार ने बताया कि जब्त ट्रक के मालिक एवं चालक के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दी गई है । उन्होंने बताया कि जब्त ट्रक को पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है ।

### एससी-एसटी एक्ट के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

बिक्रमगंज(रोहतास)। पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत केशोडीह गांव से अलीराज अंसारी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । श्री कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के मामले में कांड दर्ज था ।

### देशी कट्टा के साथ एक धराया

बिक्रमगंज(रोहतास)। पुलिस ने आर्म्स के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित कांड दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया । थाना क्षेत्र अंतर्गत केशोडीह गांव निवासी आजाद अंसारी को पुलिस ने एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

## जगनारायण दूबे प्लस टू विद्यालय कोआथ का 99 वां स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया



प्रातः किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) । दावथ प्रखंड अंतर्गत कोआथ नगर पंचायत स्थित जगनारायण दूबे इंटरस्तरीय विद्यालय, कोआथ में 99 वा स्थापना दिवस सह वरिष्ठ शिक्षिका गीता कुमारी की विदाई समारोह सह सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश रंजन चौधरी तथा संचालन संतोष रंजन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ में विद्यालय के संस्थापक सह भूमिदाता पंडित जगनारायण दूबे की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर सभी शिक्षकों के साथ ही छात्र-छात्राओं ने उन्हें श्रद्धा के साथ नमन किया।वहीं कार्यक्रम में उपस्थित आगंतुकों की स्वागत में वीणा, पूजा, खुशी, सोनी, राधिका, पल्लवी ने स्वागत गान प्रस्तुत किया।

समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्मृति शेष दूबे जी के नाती अधिवक्ता अजय कुमार पाठक ने कहा कि विद्यालय की स्थापना आजादी के पूर्व 4 जनवरी 1927 में किया गया था। यहाँ के दर्जनों छात्र आज देश-विदेश में ऊँचे पदों पर नौकरी में कार्यरत हैं।वहीं विद्यालय के संगीत शिक्षक सलीम मंसुरी ने अपनी मधुर स्वर में देश भक्ति गीत सुंदर सु भूमि भैया, भारत के देशवा से नाही कोय, फिर विद्यालय की छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ लघु नाटक प्रस्तुत कर लोगों के बीच बालिका शिक्षा के लिए मुख्य संदेश दिया।

## लोजपा रामविलास बक्सर के कार्यकर्ता संजय पासवान को साजिश के तहत अपराधियो द्वारा की गई हत्या :अखिलेश

प्रातः किरण संवाददाता



बक्सर :बक्सर जिला के राजपुर प्रखंड अंतर्गत बारुपुर पंचायत के ग्राम- भरखरा निवासी लोजपा कार्यकर्ता संजय पासवान को साजिश के तहत हत्या कर अपराधियों द्वारा अपने ही घर मे तीन दिनों तक लाश को छिपा कर रखा गया। पुलिस द्वारा छानबीन के उपरांत कल दिनांक-03:01:2025 को संध्या 05 बजे पुलिस ने अपराधी के घर से ही लाश को बरामद किया।

इस धटना से पुरे क्षेत्र के लोग व लोजपा कार्यकर्ता आहत व दुखी है ।

आज सुबह बक्सर लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व मे लोजपा रामविलास के पदाधिकारी मृतक लोजपा कार्यकर्ता संजय पासवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया व बक्सर एस पी व डी एम से बात किया और इन पदाधिकारियों से बात कर कहा की मृतक के परिजनो को दस लाख मुवावजा व परिजन को एक सरकारी नौकरी तत्काल मुहैया करवाई जाए। व इस घटना मे संलिप्त जितने अपराधी है उनको स्पीडी ट्रायल करा जल्द से जल्द सजा दिलाई जाए । साथ ही जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आदरणीय राजु तिवारी जी व पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय कुमार पासवान जी से मृतक संजय पासवान के भाई राजु पासवान से दुरभाष पर बात करवाई। दोनो नेताओ ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ उन लोगो ने कहा की लोजपा रामविलास के तरफ से प्रदेश के प्रतिनिधी मंडल जल्द ही उनके गांव आक परिजनो से मुलाकात करेगा। इस दुखद घटना के मौके पर जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह के साथ प्रदेश सचिव संजय कुमार पासवान, प्रदेश सचिव शिव कुमार पासवान, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, जिला महासचिव सोमप्रकाश पासवान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अलीशेर शाह, राजपुर प्रखंड अध्यक्ष कन्हैया सिंह, एससी एस टी प्रखंड अध्यक्ष रामानंद पासवान, विजय पासवान, नंदलाल बारी, जंगबहादुर पासवान, प्रमुख साथी मौजूद रहे।

### पुलिस ने 9 वारंटियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

बिक्रमगंज(रोहतास) । बिक्रमगंज अनुमंडल के बिक्रमगंज,सूर्यपुरा,दिनारा एवं कछवां पुलिस ने अलग-अलग गांवों से 09 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रार्थ गांव से कुंडल मिश्रा , सूर्यपुरा थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत भड़कुडिया गांव निवासी रमेश पासवान एवं मदन पासवान , दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत उसरांव निवासी मुन्नी देवी, दुबे डिहरी निवासी कृष्णा कुमार सिंह एवं रेंही गांव निवासी संजय प्रसाद एवं कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत कैथी गांव निवासी फूलन यादव ,विनोद यादव एवं बाबूलाल यादव को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । बिक्रमगंज ,सूर्यपुरा ,दिनारा एवं कछवां थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी वारंटियों के विरुद्ध व्यवहार न्यायालय बिक्रमगंज से वारंट निर्गत था ।

### देसी-विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

काराकाट (रोहतास) । उत्पाद विभाग की पुलिस ने क्षेत्र में शराब पीने व बेचने वालों की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इसके तहत अवैध शराब रखने और बेचने व शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अंग्रेजी और देसी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से बड़ी मात्र में अवैध शराब बरामद की गई हैं।बिक्रमगंज उत्पाद विभाग प्रभारी भिखारी राम से मिली जानकारी के अनुसार काराकाट थाना क्षेत्र के करूप गांव में छापेमारी कर वार्ड नंबर एक से 10 लीटर चुलाई शराब के साथ शराब कारोबारी उक्त गांव निवासी नन्हक पासवास के पुत्र राधेश्याम पासवान को मौके से गिरफ्तार किया गया है। वहीं सुकहरा डेहरी गांव से अपकरी विभाग ने 20.67 लीटर अंग्रेजी शराब व 18 लीटर देशी शराब और 3.80 लीटर मसालेदार देशी शराब बरामद करते हुए शराब कारोबारी ललन पासवान के पुत्र सत्रुधन कुमार को सुकहरा बाजार से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया की दोनों शराब कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा की क्षेत्र में शराब पीने व बेचने वालो की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलता रहेगा।

### पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

नासरीगंज(रोहतास) : माननीय न्यायालय बिक्रमगंज से निर्गत वारंट का तामिला करते हुए कछवां पुलिस ने कैथी गांव में छापेमारी कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार बताया कि कैथी निवासी वारंटी बाबूलाल यादव, फूलन यादव, विनोद यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बीडीओ ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

संझौली(रोहतास) : संझौली प्रखंड परिसर में शनिवार को बढ़ती ठंड से राहत पहुंचाने को लेकर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बीडीओ प्रभा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजन के तहत करीब एक दर्जन से ऊपर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। सरकार द्वारा योजनांतर्गत प्रखंड में बढ़ती ठंड के मद्देनजर कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें प्राथमिकता के आधार पर कंबल का वितरण किया जाना है। प्रखंड में कुल 78 कंबल का वितरण किया जाना है। जिसमें 15 जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। वहीं वितरण के दौरान वृद्धोंजनों ने बीडीओ को साधुवाद दिया।

### समाजसेवी सोनाली सिंह ने किया कंबल वितरण



बड़हरा। समाजसेवी सोनाली सिंह ने शुक्रवार को बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के बाघी पाकड़ गांव में करीब ढाई सौ जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी ने कहा कि कंपकंपाती ठंड और शीतलहरी के बीच जरूरतमंद लोगों को कंबल देने का मेरा कार्य लगातार पूरे विधानसभा क्षेत्र में जारी रहेगा ।कम्बल वितरण समारोह में सियाराम, कान्हा, विपुल सिंह, जय राम ,विजय सिंह , मुनीलाल राम भूतपूर्व सरपंच, मनीष कुमार पांडेय, दया सिंह , सुखधाम सिंह, जगदेव उपाध्याय श्रीधर उपाध्याय उर्फ जापानी बाबा, हरखनाथ सिंह शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित रहे

## खेल सप्ताह में बच्चों ने लिया भाग

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) । बिक्रमगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 20 स्थित विश्वंभर मध्य विद्यालय धारूपुर के परिसर में मशाल 2024 योजना तहत खेल सप्ताह में बच्चों ने लिया भाग । जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश ने बताया कि बिहार सरकार शिक्षा विभाग, खेल विभाग बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में मशाल 2024 योजना के तहत 2 दिसंबर दिन गुरुवार से खेल सप्ताह की शुरूआत हुई है जो 9 जनवरी तक चलेगा । उन्होंने बताया कि इसमें बैडमिंटन,कबड्डी,साइकिलिंग, फुटबॉल,वॉलीबॉल,100 मीटर रेस,500 मीटर रेस,लॉन्ग जंप,हाई जंप सहित अन्य खेल शामिल है । श्री प्रकाश ने बताया कि विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने खेल में उत्साहित होकर बढ़चढकर भाग लिया । उक्त विद्यालय के शारीरिक शिक्षक विश्वनाथ मौआर ने कहा कि खेल से बच्चों में मानसिक,शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है ।

मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश,शिक्षक कमलेश दुबे ,केशनाथ चौधरी एवं छात्र-छात्राओं में पवन कुमार, लोकेश कुमार ,रंजीत कुमार, हरेराम ,मुन्ना,निशांत ,साक्षी,अंजली, सुरभि,एकता,खुशी लक्की,छोटी, बेबी,काजल आदि थे।

## जिला फुटबॉल संघ की हुई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



सासाराम(रोहतास) : रोहतास जिला फुटबाल संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक संत पॉल स्कूल के उमा ऑडिटोरियम में की गई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष एस पी वर्मा ने की। बैठक में बिहार फुटबॉल संघ के तत्वावधान में 8 जनवरी से न्यू स्टेडियम फजलगंज में आयोजित होने वाली 72 वीं बिहार राज्य मोइनुल हक ट्रॉफी टूनामेंट की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि रोहतास जिला फुटबाल संघ द्वारा टूनामेंट 8 जनवरी से लेकर 12 जनवरी तक चलेगा। जिसमें बिहार का पांच जिला रोहतास, कैमूर, भोजपुर, औरंगाबाद अरवल की टीम भाग लेगी। सभी टीमें एक दूसरे से लीग मैच खेलेगी। पहला मैच 11.00 बजे अपराह्न से और दूसरा मैच 2.30 बजे पूर्वाहन से शुरू होगा। प्रतिदिन दो मैच होगा। सभी टीम के खिलाड़ियों के ठहरने खाने का उतम व्यवस्था किया गया है। साथ ही न्यू स्टेडियम फजलगंज सासाराम के फुटबॉल ग्राउंड को सुसज्जित किया जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों को खेलने में कोई असुविधा न हो। बैठक में रोहतास जिला फुटबाल संघ के सचिव नौशाद आलम, कोषाध्यक्ष विमल कुमार सिंह, संरक्षक एनाम अहमद, उपाध्यक्ष आफताब आलम, सहायक सचिव उपेंद्र कुमार यादव, आदिल इमाम, उपेंद्र कुमार, अंतिम कुमार शामिल थे।

# प्रसिद्ध गीतकार विनय बेलाऊर के जन्मदिन पर पत्रकार सम्मान समारोह किया गया आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। भोजपुरी जगत के कई फिल्मों में अपनी लेखनी से फिल्म को हिट करा चुके एवं सैकड़ो लोकप्रिय भोजपुरी एवं हिंदी गानों से समाज में अमिट छाप छोड़ने वाले भोजपुरी के चर्चित गीतकार सह भाजपा नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री आर के सिंह के प्राइवेट सेक्रेट्री विनय बेलाउर के 50 वें जन्मदिन पर आरा परिसदन में एक विशाल पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध गीतकार के 50 वे जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए उनके शुभचिंतकों ने इस कार्यक्रम और भव्य बना दिया, इस समान समारोह कार्यक्रम में समाज सेवा में अतुलनीय योगदान देने वाले लोगों समेत भोजपुर जिले के सम्मानित पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया गया, विनय बेलाऊर सबसे पहले जन्मदिन के मौके पर आरा के रमना इस्थित महावीर मंदिर मे पूजा के उपरांत माता आरण्य देवी की पूजा अर्चना की।

इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक तारकेश्वर ठाकुर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अखिलानंद ओझा, अनुसूचित जाती अध्यक्ष ऋतुराज, भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री सह मुखिया शालिनी सिंह, मुखिया नंद गोपाल पंडित, जिला प्रवक्ता राजेश सिंह, धीरज सिंह, रंजीत सिंह समेत कई वरिष्ठ लोग मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विजय कुमार सिंह ने बताया कि मैं बाड़ा ही गौरवान्वित होता हूं कि जिस प्रकार इन्होंने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जिवन मे लेखनी के माध्यम से समाज में इन्होने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

वह उल्लेखनीय है। आज इनके लिखे हुए गीत जन-जन तक प्रिय है पार्टी के संदर्भ मे चाहे वे एनडीए हो या भारतीय जनता पार्टी, इन्होने कइ गीतो कि रचना की, जिससे पार्टी को बहुत ही फायदे हुए, विनय की जब भी बात आती है जो भारतीय जनता पार्टी के श्यामा प्रसाद मुखर्जी, कैलाशपति मिश्रा, स्व0 सुशील कुमार मोदी के आदर्शों पर चलने वाली पार्टी के अनुकूल कार्यकर्ता के रुप मे इनका निर्माण हुआ। पार्टी ने इन्हे जो जिम्मेवारियां दी इन्होंने उससे बढ़कर उसका निर्वहन किया, मैं इस अवसर पर इन्हें बहुत बधाई देता हु और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि लंबी आयु दें।

# जिलाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन मैनाटांड़ अवस्थित पुस्तकालय का किया उद्घाटन

**मैनाटांड प्रखंड परिसर में मनरेगा के सहयोग से निर्मित जीविका भवन को ग्राम संगठन की दीदियों को किया सुपुर्द**

**प्रातः किरण संवाददाता**



बेतिया(घनश्याम)। लाधिकारी दिनेश कुमार राय ने शनिवार को मैनाटांड प्रखंड परिसर में मनरेगा के सहयोग से निर्मित जीविका भवन को ग्राम संगठन की दीदियों को सुपुर्द किया। जिलाधिकारी ने ग्राम संगठन की अध्यक्ष को डमी चाभी दे कर जीविका भवन सुपुर्द किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि जीविका दीदियों को अब अपना भवन मिल गया है। दीदियों को अपने ग्राम संगठन की बैठक और अन्य आयोजन करने में काफी सहूलियत होगी।

उन्होंने जीविका दीदियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जीविका दीदियाँ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने अपनी अहम भूमिका निभा रहीं है और दूसरी तरफ सरकार की विभिन्न योजनाओं के सहयोग से स्वावलंबी भी बन रही है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति, बाल विवाह जैसे मुद्दे पर दीदियों द्वारा जन जागरूकता अभियान का परिणाम धरातल पर दिख रहा हैं।

जिला परियोजना प्रबन्धक ने बताया की यह भवन दीपक जीविका महिला संकुल संघ के माध्यम से संचालित होगा और आस पास के सभी ग्राम संगठिनों की बैठक इसी भवन में होगी। साथ ही साथ जीविका दीदियों द्वारा संधारित बुक्स ऑफ रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेंगे। दीदियों को भवन मिलने से आसानी से पंचायत स्तरीय मीटिंग, दीदियों के लिए विषयगत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में भी सहयोग मिलेगा।

वहीं दूसरी ओर जिलाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन मैनाटांड़ में अवस्थित पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुस्तकालय फंक्शनल हो जाने से इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई-लिखाई करने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से कहा कि पुस्तकालय का प्रचार-प्रसार करायें ताकि इसका लाभ लेकर आसपास के छात्र-छात्राएं अपना कैरियर एवं भविष्य उज्जवल बना सकें।

इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बेबी कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मैनाटांड़ नगमा तबस्सुम, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक आर के निखिल सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# नगर आयुक्त ने की रैन बसेरों का निरीक्षण और निगम द्वारा जलाए जा रहे अलाव की समीक्षा

**रैन बसेरों का उद्देश्य जरूरतमंद और असहायों को ठंड में आश्रय प्रदान करना है: आयुक्त**

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया। नगर निगम आयुक्त कुमार अनुराग द्वारा गया नगर निगम द्वारा संचालित 6 रैन बसेरों का स्थल निरीक्षण किया गया है। रैन बसेरा वर्तमान में पड़ रहे ठंड के लिए एक उपयुक्त आश्रय है। इन आश्रय स्थलों में कंबल, चारपाई के साथ रहने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है।

निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कुल 06 रैन बसेरों में 110 बेड है जिसमें से दिनांक 02.01.25 को कुल 48 बेड ही भरा है। 110 से अधिक संख्या होने पर बेड की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि रैन बसेरों का मुख्य उद्देश्य शहर में जरूरतमंद और असहाय लोगों को ठंड के मौसम में आश्रय प्रदान करना है। इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त करना नगर निगम की प्राथमिकता है।उन्होंने जनता से भी अपील की कि यदि किसी रैन बसेरे में किसी प्रकार की कमी या समस्या हो तो इसकी जानकारी तुरंत नगर निगम कार्यालय को दें, जिससे समय रहते समाधान किया जा सके।

गया नगर निगम शहरवासियों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। नगर आयुक्त द्वारा नगर प्रबंधक, सिटी मिशन प्रबंधक एवं रैन बसेरा के केयर टेकर को निर्देशित किया गया कि सभी रैन बसेरों में नियमित सफाई, शौचालय की नियमित सफाई, रोशनी एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया गया हू।

गया नगर निगम क्षेत्र में पड़ रहे भीषण ठंड को देखते हुए गया नगर निगम द्वारा तत्काल चयनित 23 स्थलों में से 15 स्थलों पर अलाव जलाया जा रहा है जिसका लाभ नागरिकों द्वारा लिया जा रहा है। तत्काल ऐसे स्थलों को प्राथमिकता दी जा रही है जहां नागरिकों का आवागमन अधिक है। आगामी ठंड को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार और स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। वही रात मे हमारे रिपोर्टर गया मार्केट में नगर निगम को दुसते हुए महिलाओं ने कहा कि नगर निगम नये प्रशासन के द्वारा और जिला प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं गया मार्केट के आने जाने वाले लोगों पर।इसको जल्दी बंद कराने की मांग की है। और दिव्यांग को मदत करें जिला और नगर आयुक्त प्रशासन।

# थाने में लगी जनता दरबार में आये तीन मामले, एक निष्पादित



प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) राज्य सरकार के निर्देश पर भूमि विवाद जैसे मामलों पर आए दिन विभिन्न जगहों पर घट रही मारपीट व कई अप्रिय घटना को लेकर राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक थानों में जनता दरबार आयोजित करने का निर्देश अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष को दी थी ताकि भूमि विवाद जैसे मामले को थाने में निष्पादन कर दिया जाए इसी के कड़ी में शनिवार को कुर्था थाने में अंचलाधिकारी रितिका कृष्ण ब थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया जनता दरबार में शनिवार को तीन नये मामले आए जबकि एक पुराने मामले कौन निष्पादित किया गया वही मानिकपुर में भूमि विवाद के दो मामले आए जिसे अगली तिथि निर्धारित की गई।

हालांकि जनता दरबार में राजस्व अधिकारी गोविंद बैठा कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे जहां जनता दरबार में आने वाले लोगों की शिकायतें सुनने तथा सभी मामलों को अगली तिथि में निपटारा करने की बात कही।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में कौशल विकास केंद्र की भूमिका अहम : सांसद

**प्रातः किरण संवाददाता**



दरभंगा।युवाओं तथा छोटे छोटे स्वरोजगार से जुड़े बेरोजगारों के लिए कौशल विकास केंद्र काफी लाभदायक साबित हो रहा है। युवाओं को आत्म निर्भर बनाने में कौशल विकास केंद्र की पीएम मोदी जी की सोच और परिकल्पना सार्थक साबित हो रही है। दरभंगा जिले में कौशल विकास केंद्र के लिए तय लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जाएगा।स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने अपने सांसद कार्यालय में आए विभिन्न कौशल विकास केंद्र के संचालकों के साथ बैठक में उपरोक्त बातें कही।

आज शनिवार को कौशल विकास केंद्र की योजनाएं, इसके उद्देश्य तथा इन केंद्रों के द्वारा स्वरोजगार के लिए की जा रही पहल पर चर्चा करते हुए सांसद डा ठाकुर ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस तरह के केंद्र की सोच की अवधारणा का सार्थक परिणाम सामने आने लगा है।सांसद डा ठाकुर ने कौशल विकास केंद्र के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वरोजगार के लिए राजमिस्त्री नाविक मालाकार धोबी दर्जी ताला बनाने वाला बढ़ई लोहार मूर्तिकार मोची झाड़ू बनाने वाला जैसे छोटे छोटे स्वरोजगार से जुड़े लोगों के लिए यह केंद्र वरदान साबित हो रहा है जिसके माध्यम से प्रमाण पत्रों का वितरण तथा ऋण के लिए पहली किश्त में एक लाख तथा दूसरे किश्त में दो लाख रुपए दिए जाते हैं। इन केंद्रों के स्थापना के उद्देश्य को पूरा किया जाएगा।इस मौके पर कौशल विकास केंद्र के प्रबंधक अहद अरसलान, रजनीश झा, रामदेव शर्मा आदी उपस्थित थे।

## लोजपा (रा) के राष्ट्रीय सचिव एवं जिलाअध्यक्ष ने मृतक के परिजनों को संतावना दिया और जनता की जनसमस्याओं को सुना

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया। लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के अतरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राष्ट्रीय सचिव सह झारखण्ड प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह अतरी विधानसभा के अतरी प्रखंड के डेमा ग्राम मे नंदकिशोर सिंह के पुत्र सनी कुमार उम्र- 19 बर्ष जो एक्सीडेंट में मृत्यु हो गया है उनके सब परिवार से मिलकर शोक संताबना देते हुए एवं खिजरसराय प्रखंड के सिसबर ग्राम के उपेन्द्र सिंह के पत्नी को एक्सीडेंट में मृत्यु हो गया और उनके सब परिवार से मिलकर शोकसंताबना देते हुए, सरबहदा बजार के कुंजबिहारी के माता जी को मृत्यु हो गया है।उनके परिवार से मिलकर शौक संतावना देते हुए और जनता का जनसमस्या भी सुने एवं सरबहदा बाजार मे कल समीक्षा बैठक की जायजा करते हुए अरविन्द कुमार सिंह साथ मे लोजपा के जिलाअध्यक्ष दिलीप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी निर्भय कुमार, सुबोध सिंह, अजय कुमार, राजू सिंह प्रखंड अध्यक्ष राजू पासवान आदि।

# किलकारी के बाल केन्द्र में मासिक प्रदर्शन सम्पन्न

**हर प्रतिभा सम्पन्न को अवसर मिलना चाहिए:समन्वयक**

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया।बिहार बाल भवन किलकारी गया के तहत संचालित बाल केन्द्र, चांद चौरा में शुक्रवार को मासिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. किलकारी के बाल केन्द्रों में प्रत्येक दो माह के लिए किसी एक गतिवधि का संचालन किया जाता है। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी प्रशिक्षित बच्चों का मूल्यांकन व प्रदर्शन किया जाता है।बाल केन्द्र चांद चौरा में बीते माह बच्चों ने नृत्य विधा का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।इसके तहत बच्चों ने हरियाणवी नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

इस अवसर पर बच्चों के साथ बिहार बाल भवन गया के प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक राजीव रंजन श्रीवास्तव मौजूद रहे हैं इस कार्यक्रम समापन के बाद उन्होंने बच्चों से बात चीत की. उन्होने कहा कि हर प्रतिभा सम्पन्न को अवसर मिलना चाहिए। यह उसे उंचाई देता है.प्रत्येक बच्चे के भीतर संभावना है।प्रशिक्षक यदि उसकी पहचान कर लें और उसे तराश दे तो वह अदभुत निकलेगा।

बच्चों ने चटक मटक हरियाणवी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया. जिसमें सुहानी कुमारी, परी कुमारी, साक्षी कुमारी, पायल कुमारी, अराध्या कुमारी, अंजली ,नंदिनी और रिया ने भाग लिया. कला दांव नृत्य को रितिक, रिचा,अस्तित्व,राजनंदिनी, ज्योति,तनू ,ने पेश किया. किलकारी बाल केन्द्र चांद चौरा की समन्वयक अपर्णा सिन्हा के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक ,सभी शिक्षक व अभिभावक भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए.

# राजद, भोजपुर अंतर्गत सभी जिला के पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्षों, पंचायत अध्यक्षों की बैठक संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता



आरा।राष्ट्रीय जनता दल, भोजपुर अंतर्गत सभी जिला के पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्षों, पंचायत अध्यक्षों की एक बैठक जिला प्रधान कार्यालय मौलाबाग, आरा में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद के भोजपुर जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने की वहीं संचालन प्रधान महासचिव रामबाबू पासवान ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने कहा कि पार्टी संगठन के माध्यम से आम लोगों के साथ जुड़ाव करके हर स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है और आदरणीय श्री लालू यादव जी के विचार को आगे बढ़ाने और सदस्यता अभियान के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में राष्ट्रीय जनता दल भोजपुर के एक-एक नेता कार्यकर्ता लोगों के बीच सदस्यता अभियान चला रहे हैं। राजद सभी को जोड़ने और समाज के सभी वर्गों और सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर चलने का संकल्पित है।

वहीं दूसरी ओर बैठक को संबोधित करते हुए राजद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व आरा सदर के पूर्व विधायक मो. नवाज आलम उर्फ अनवर आलम ने कहा कि हमारी पार्टी हर स्तर पर समाज के सभी वर्गों के लिए जो कार्य कर रही है उसे सरजमीन पर संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने तथा सभी वर्गों को साथ लेकर गरीब, शोषित, वंचित और समाज के सभी को सदस्य बनाने और पार्टी को हर स्तर पर मजबूत करने का अभियान चलाया जा रहा है।

वहीं प्रधान महासचिव रामबाबू पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल गरीब-गुरबों की पार्टी है और सामाजिक न्याय पर यकीन करने वाली हर वर्गों और लोगों को सम्मान और अधिकार देने का कार्य किया है। सभी लोग पार्टी से जुड़ कर तेजस्वी जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है।

## अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के एन सिन्हा की अध्यक्षता में लोकल प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का किया गया कार्यशाला



**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा।भोजपुर में अपार मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के इन सिन्हा की अध्यक्षता में लोकल प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का एक दिवसीय कार्यशाला किया गया। कार्यशाला में राज्य से आए पिरामल के प्रतिनिधि संजय सुमन एवं भोजपुर जिला लीड, सोमनाथ ने ने परिचय सत्र से स्वागत करते हुए बैठक का उद्वेश्य के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे आकांक्षी प्रखंड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।भोजपुर जिले के 7 पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी से स्वास्थ्य एवं पोषण के गुणवत्ता को बेहतर करने हेतु पायलट किया गया था जिसमें सुधार की गुंजाइश को देखते हुए जिला पदाधिकारी एवं उपविकास आयुक्त ने 45 पंचायत में इसी तर्ज पर विस्तार करते का निर्णय लिया है।पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से स्वास्थ्य और पोषण की गतिविधियां को बेहतर बनाने हेतु बहुत सारे नवाचार किया जाएगा। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों को लगातार प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बैठक में फाइलेरिया एवं कालाजार कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार से बताया गया। डॉ के एन सिन्हा ने बताया कि आपसी समन्वय के साथ जिले में कार्य अच्छा किया जा रहा है जिसने पिरामल की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि आगे भी और बहुत सारे सराहनीय कार्य किया जाना है जिसके लिए रूपरेखा तैयार किया गया है। बैठक में हिमांशु, मो. बिलाल, आकाश, राहुल और राजकुमार मौजूद थे।

## बोद्ध एवं तपोवन महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी लेने के लिए कलाकरों द्वारा दस जनवरी तक लिए जाएंगे आवेदन

गया। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, गया सुरभि बाला द्वारा बताया गया की तीन दिवसीय विश्व प्रसिद्ध बौद्ध महोत्सव, 2025 का आयोजन दिनांक-31 जनवरी से 02 फरवरी, 2025 तक निर्धारित है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए स्थानीय एवं बाहरी कलाकरों द्वारा जिला पदाधिकारी, गया के समक्ष आवेदन पत्र समर्पित किये जा रहे है। निदेशानुसार सूचित करना है कि दिनांक-10.01.2025 तक कार्यालय में प्राप्त आवेदन पर विचार किया जायेगा। 14 जनवरी, 2025 को मकर संक्राति के अवसर पर मोहड़ा प्रखण्ड अंतर्गत तपोवन में तपोवन महोत्सव, 2025 का आयोजन निर्धारित है। तपोवन महोत्सव, 2025 के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति हेतु दिनांक-07.01.2025 तक प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार किया जायेगा। *इस निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

## शहीद तिलका माझी के 275वें जन्म दिवस पर भूमि अधिग्रहण के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा ने किया किसान महापंचायत का आह्वान

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना । श्रीकृष्ण नगर स्थित शाकुंतलम सभागार में संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की राज्यस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का एजेंडा संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में बिहार में चले गतिविधियों व कार्यक्रमों की समीक्षा और किसान और कृषि सम्बंधी समस्याओं पर विचार था। बैठक की अध्यक्षता राम चन्द्र महतो और रामबृक्ष राम ने की।जब कि संचालन उमेश सिंह ने किया।11-12 दिसंबर को कोलकाता में आयोजित संयुक्त किसान मोर्चा पूर्वी राज्य की बैठक ने देश भर के किसानों से 11 फरवरी 2025 को महान आदिवासी क्रांतिकारी तिलका माझी की 275वीं जयंती को सरकार द्वारा प्राकृतिक संसाधनों - जल, जंगल, जमीन और खनिज - के कॉर्पोरेट अधिग्रहण और कॉर्पोरेट संचालित परियोजनाओं के लिए आदिवासियों को उनकी जमीन से बेदखल करने के खिलाफ और भूमि अधिग्रहण पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 के कार्यान्वयन की मांग के लिए ह्यकिसान भूमि अधिकार दिवसह्ण के रूप में मनाने का आह्वान किया था।

जैसा कि सर्वविदित है, बक्सर जिला के चौसा प्रखंड में सतलुज जल विद्युत निगम द्वारा निर्मित कोयला बिजली संयंत्र के लिए किसानों से 1064 एकड़ भूमि अधिग्रहण किया है। हालांकि, इस प्रक्रिया में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार कानून, 2013 का कहीं पालन नहीं किया गया है। इसके अलावा रेल कॉरिडोर और वॉटर पाइपलाइन परियोजना के लिए किसानों से 250 एकड़ भूमि अधिग्रहण की जा रही है। इसी तरह, बिहार में अनेकों परियोजनाओं के नाम पर किसानों की उपजाऊ जमीन का बिना उचित मुआवजा का भुगतान किए अधिग्रहण किया जा रहा है। भारत माला सड़क परियोजना के तहत आमस (गया) से जयनगर (मधुबनी) तक प्रस्तावित सड़क परियोजना के नाम पर कृषि भूमि का जबरन अधिग्रहण किया जा रहा है।

## शीतलहर से बचाव के लिए गरीबों के बीच जिले में 2104 कम्बलों का किया गया वितरण

गया। शीतलहर से बचाव के लिए जिलाधिकारी, गया के आदेश के आलोक में जिला आपदा प्रबंधन के माध्यम से प्रखंडों, अंचलों,नगर निकाय क्षेत्रों के चयन स्थान,सार्वजनिक स्थान,चौक चौराहा पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इसके तहत 149 से अधिक स्थलों पर संबंधित अंचल अधिकारी के माध्यम से अलाव की व्यवस्था की जा रही है।

जिला पदाधिकारी गया द्वारा निर्देश दिया गया है कि समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले गरीब व्यक्तियों के बीच भी अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करवाये।गरीब व्यक्तियों को बढ़ते शीतलहर से बचाव के लिए अलाव के अलावा काफी संख्या में कम्बल का वितरण भी किया गया है ।

## कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से बचाव हेतु अलाव जलाने की व्यवस्था करायें डीएम :सत्येन्द्र रंजन

अरवल । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर के मद्देनजर जिलापदाधिकारी कुमार गौरव से जिले के सभी प्रखंडों के चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है ।जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि इस समय कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से आम जन-जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अलाव जलाने की व्यवस्था हो जाने से लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में दलित और महादलित परिवारों के लिए यह व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, ताकि उन्हें कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके। जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने जिलापदाधिकारी कुमार गौरव से आग्रह पूर्वक मांग करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए, ताकि किसी भी परिवार को इस कड़ाके की ठंग में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

## एन एच 57 के किनारे मिली अज्ञात युवक की लाश

मनीगाछी(दरभंगा)। राजे चौक के पश्चिम एन एच 57 पर सड़क किनारे शनिवार को एक अज्ञात लाश मनीगाछी पुलिस के गश्ती दल ने बरामद की है। बरामद लाश के संबंध में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया लाश विक्षिप्त युवक की है जिसकी मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हो गई।लाश को गश्ती दल ने सकरी -झंझारपुर लेन की तरफ सड़क किनारे देखा।लाश की तहकीकात करने पर प्रथम दृष्टया लगा कि कोई भिखारी विक्षिप्त युवक(लगभग 20-22वर्ष)था, जिसकी मौत अज्ञात वाहन के टक्कर से हो गई है।आसपास के लोगों से पहचान कराने की कोशिश की गई लेकिन पहचान नहीं हो सकी। थाना द्वारा अज्ञात लाश को पोस्टमार्टम कराने के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया।लाश की पहचान के लिए लाश को 72 घंटा रखा जाएगा।

# विश्व ब्रेल दिवस पर लुईस ब्रेल की मनाई गई जयन्ती

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया।समर्पण स्पेशल स्कूल नेत्रहीन यूनिट, बिहार पी.डब्लू.डी. संघ, चाईल्ड कन्सर्न, एक्शन फॉर ऑल एवं बिहार नेत्रहीन खेल संघ के संयुक्त तत्वाधान में विश्व लुईस ब्रेल दिवस के अवसर पर 216वीं जयन्ती एवं एक दिवसीय दिव्यांगजन जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 4 जनवरी 2025 को पूर्वाहण 11 बजे से समर्पण सेमिनार हॉल, इलाहीबाग, नया बस स्टैण्ड बस अड्डा बैरिया, पो० बैरिया में किया गया है। आज के कार्यक्रम में सैंकड़ो दिव्यांगजन दृष्टिबाधित एवं अन्य दिव्यांगजन, दिव्यांगजन विशेषज्ञ, समाजसेवी, अभिभावकगण, छात्र आदि उपस्थित थे। ब्रेल दिवस मनाने का मख्य उद्देश्य दृष्टिबाधित व्यक्तियों को सशक्त बनाना, उनके लिए शिक्षा और करियर के अवसर सुनिश्चित करना और समाज में उनकी समान भागीदारी को बढ़ावा देना है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि सही संसाधनों और तकनीकों के माध्यम से दृष्टिबाधित व्यक्ति भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं। आज के कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ० शिवाजी कुमार पूर्व राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, बिहार सरकार, डॉ० विश्वेन्द्र कुमार सिन्हा प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ० राजीव गंगौल अध्यक्ष पाटलीपुत्रा पैरेन्टस एसोसिएशन, मधु श्रीवास्तवा अध्यक्ष, सिविल सोसाईटी फोरम हरदेव प्रसाद (कार्यकारी अध्यक्ष, ऑल इंडिया पी०डब्लू०डी०संघ, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वल्लित कर किया गया है।इस मौके पर संतोष कुमार सिन्हा सी.ई.ओ. समर्पण, लक्ष्मीकान्त कुमर कार्यक्रम समन्वयक, समर्पण संदीप कुमार सचिव बिहार पारा स्पोट्र्स एसोसिएशन, चन्दा सिंह सचिव, पाटलीपुत्रा पैरेन्ट्स एसोसिएशन रीना देवी प्राचार्या, समर्पण, माला देवी विशेष शिक्षिका, समर्पण, गुड्डु कुमार, नीतु कुमारी, सुनिल कुमार, शेखर चौरसिया आदि उपस्थित थे। सभी उपस्थित लोगों ने लुईस ब्रेल की प्रतिमा पर फुल माला अर्पण किये है।मुख्य अतिथि ने बताया कि लुईस ब्रेल दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के दृष्टिदाता थे और हम सबको उनके राहों पर चलना चाहिए। जिससे समाज में दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को उचित स्थान मिल सके। ब्रेल लिपि का अविष्कार से दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को पढ़ने में काफी सुविधा मिलती है आज दृष्टिबाधित दिव्यांगजन कई उच्च स्थानों पर विराजमान हैं ।

और अपने कार्यों को बखूबी निभा रहें। हमें दिव्यांगजनों से प्रेरणा मिलती है कितनी कठिनाई रास्तों पर आगे निकल जाते हैं।

सभी ने बताया कि ब्रेल लिपि का जन्म देनेबाले लुईस ब्रेल का जन्म 1809 ई० में फ्रांस के कुप्रे नामक गांव में हुआ था। लुई ब्रेल की आँखों की रोशनी महज तीन साल की उम्र में एक हादसे के दौरान नष्ट हो गई है। परिवार में तो दुःख का माहौल हो गया क्योंकि ये घटना उस समय की है जब उपचार की इतनी तकनीक इजात नही हुई थी जितनी कि अब है। बालक लुई बहुत जल्द ही अपनी स्थिती में रम गये थे। बचपन से ही लुई ब्रेल में गजब की क्षमता थी। हर बात को सीखने के प्रति उनकी जिज्ञास को देखते हुए, चर्च के पादरी ने लुई ब्रेल का दाखिला पेरिस के अंधविद्यालय में करवा दिया है। बचपन से ही लुई ब्रेल की अद्भुत प्रतिभा के सभी कायल

## एक्सिस म्यूचुअल फंड ने खड़गपुर में खोली नई शाखा

**प्रातः किरण संवाददाता**

खड़गपुर। एक्सिस म्यूचुअल फंड ने खड़गपुर, पश्चिम बंगाल में अपनी नई शाखा के उद्घाटन की घोषणा की है। यह विस्तार खड़गपुर क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में निवेश के अवसरों और वित्तीय सशक्तिकरण को व्यापक बनाने की एक्सिस म्यूचुअल फंड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। नई शाखा शेख टॉवर, इंदा ओटी रोड, खड़गपुर कॉलेज के पास, पश्चिम मेदिनीपुर में स्थित है। इसका उद्घाटन संतोष सिंह, आरआरबीएच, ईस्ट और साउथ, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने किया। उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए रिटेल सेल्स के राष्ट्रीय प्रमुख रोहित मट्टू ने कहा कि हम खड़गपुर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और अपनी निवेश विशेषज्ञता को यहां के जीवंत समुदाय के करीब लाने के लिए रोमांचित हैं। यह पहल देश भर में निवेशकों के लिए वित्तीय अवसरों का विस्तार करने और म्यूचुअल फंड में व्यापक भागीदारी की सुविधा प्रदान करने के लिए फंड हाउस की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# आगामी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम व दोस्ताना मैच

## कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने को लेकर एसडीएम एसजेड हसन की अध्यक्षता में हुई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज । अनुमंडल कार्यालय परिसर के सभा कक्ष में एसडीओ एसजेड हसन की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस मनाए जाने को लेकर शनीवार को बैठक आयोजित की गई।बैठक की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से की गई।बैठक में गत कार्यक्रम की कार्यवाही से लोगों को अवगत कराया गया। बैठक में लोगों से कार्यक्रमों को लेकर लोगों से सुझाव लिए गए। वहीं अधिकारी ने कार्यक्रमों से अवगत कराया। इस बार स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी व झांकी निकाली जाएगी। अलग-अलग विभागों के भी झांकी होंगे।इसके अनुपालन के लिए अनुमंडल क्षेत्र के सभी बीईओ को निर्देशित किया गया। सार्वजनिक झंडोत्तोलन अनुमंडल कार्यालय परिसर में ही होगी। झंडोत्तोलन एसबीजेएस हाई स्कूल खेल मैदान मैदान पर भी होगा। इसके साथ ही अनुमंडल मुख्यालय में सभी जगहों पर के झंडोत्तोलन कार्यक्रम के समय तय किए गए। झंडोत्तोलन के लिए स्काट की व्यवस्था अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी करेगें। तय सभी जगहों के झंडोत्तोलन के समय पुलिस बल की व्यवस्था अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और उदाकिशुनगंज थानाध्यक्ष करेगें। क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों को एक दिन पहले यानि 25 जनवरी को ही उनके घर पर जाकर अधिकारी सम्मानित करेंगे।

इसके लिए सभी बीडीओ को निर्देशित किया गया। सभी कार्यालय प्रधान को गणतंत्र दिवस को देखते हुए साफ सफाई व रंगाई पुताई करने का निर्देश दिया गया। झंडा बांधने का जिम्मा उत्क्रमित मध्य विद्यालय राम मंडल टोला के शिक्षक शंभू मंडल व शाहजदपुर के शिक्षक श्यामानंद ठाकुर को दी गई। गणतंत्र दिवस के दिन में उदाकिशुनगंज एसबीजेएस हाई स्कूल स्टेडियम खेल मैदान पर प्रशासन और पत्रकार के बीच फैंसी क्रिकेट मैच होगा। वहीं संध्या में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। बैठक में नप के कार्यपालक पदाधिकारी कृतिका मिश्रा, एलआरडीसी आमिर अहमद, निर्वाचन पदाधिकारी अजीत कुमार, बीडीओ गुलजारी पंडित, सीओ हरिनाथ राम, बीईओ निर्मला कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. रूपेश कुमार, पूर्व प्रमुख विकास चंद्र यादव, राजद नेता वार्ड पार्षद रमन कुमार राणा, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष खोखा सिंह, प्रोफेसर प्रकाश मिश्र ,जदयू नेता कमलेश्वरी मेहता आदि मौजूद थे।

# सीएम के कार्यक्रम में पर्याप्त संख्या में की गई दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने मुख्यमंत्री बिहार की प्रगति यात्रा के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने तथा विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त ब्रीफिंग एमआईटी मुजफ्फरपुर में की। अधिकारीद्वय ने पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की है तथा अधिकारियों को अपने-अपने ड्यूटी पर ससमय उपस्थित होने तथा सक्रिय एवं तत्पर होकर अपने निर्धारित कर्तव्य का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। पंचायत सरकार भवन में संचालित कार्यों के समुचित प्रबंधन एवं मानिटरिंग हेतु अपर समाहर्ता आपदा को दायित्व दिया गया है जबकि बृहद आश्रय स्थल पर कुशल प्रबंधन एवं प्रभावी मानिटरिंग हेतु अपर समाहर्ता राजस्व को दायित्व दिया गया है। उनके सहयोगी के रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी भी कार्य करेंगे।

अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूर्वी को यात्रा के शांतिपूर्ण आयोजन कराने तथा कानून व्यवस्था संधारित रखने का निर्देश दिया गया है। ट्रैफिक प्लान के अनुसार यातायात की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक को दिया गया है। सिविल सर्जन को पंचायत सरकार भवन स्थित हेल्थ वेलनेस सेंटर पर कुशल प्रबंधन करने तथा अस्पतालों में डाक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी को एक्टिव एवं एलर्ट मोड में रहने तथा ड्यूटी पर तैनात रखने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री के मुजफ्फरपुर आगमन के अवसर पर सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने दायित्व का जिम्मेदारी से निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान पूर्व की भांति आज भी जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा नरौली स्थित पंचायत सरकार भवन एवं बृहद आश्रय गृह तथा शहर के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारी का जायजा लिया तथा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार , अपर समाहर्ता आपदा मनोज कुमार, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी फिरोज अख्तर, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था सुधीर कुमार सिन्हा सहित कई अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# सुशासन की चली बुल्डोजर हुआ खारा चौक अतिक्रमणमुक्त



प्रातः किरण संवाददाता

नयानगर ।उदाकिशुनगंज मधेपुरा) ।प्रखंड क्षेत्र के बुधामा ओपी अन्तर्गत खारा चौक हुआ अतिक्रमणमुक्त खाड़ा चौक पर घंटों चला सुशासन का बुल्डोजर, अतिक्रमण को हटाते हुए उदाकिशुनगंज अपर समाहर्ता कृतिका मिश्रा, सीओ हरिनाम राम, बुधामा पुलिस कैंप प्रभारी जिउत राम अंचल अमीन सदानंद कुमार ने खारा चौक पर अतिक्रमित जमे दुकानदारों को हटवा कर चौक को पूर्णतः अतिक्रमण से मुक्त करवाए। बताते चले पिछले दिनों अंचलाधिकारी के द्वारा नोटिस भेज कर खारा चौक को स्वेच्छा से अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया था। वाबजूद दुकानदारों द्वारा अपनी धंधा चलाने में जुटे नजर आ रहे थे। दुबारा नोटिस के बाद भी दुकानदार एक दूसरे के कदम का इंतजार करते रहें। इधर अंचलाधिकारी के अल्टीमेटम तक चौक खाली नहीं पाया गया। नतीजा बल पूर्वक अंचलाधिकारी ने शनिवार को बुलडोजर से खाली करवाया। वही जहां कुछ ग्रामीण दुकानदारों में अतिक्रमण हटाने से रोस दिखा तो कुछ ग्रामीणों को यातायात की सुविधा में परेशानी न आए इसको लेकर उत्साहित भी नजर आ रहे थे। मौके पर मौजूद खाड़ा के वर्तमान मुखिया ध्रुव कुमार ठाकुर ने कहा चौक से अतिक्रमण हट जाने से आय दिन लग रहे जाम की समस्या से छुटकारा मिला। साथ ही मुखिया श्री ठाकुर ने अंचलाधिकारी को इस अहम जनसमस्या को संज्ञान में लेने के लिए धन्यवाद भी कहा। मौके पर सरपंच प्रतिनिधि मंजय प्रसाद सिंह,रमन सिंह, अखिलेश केसरी, पवन यादव व अन्य दर्जनों ग्रामीण मोजूद रहे।

# उर्वरक दुकानों की करें सतत निगरानी : जिलाधिकारी

## नियमित रूप से औचक छापेमारी करने और गड़बड़ी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई का निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम )। दिनेश कुमार राय, जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला उर्वरक निगरानी समिति, पश्चिम चम्पारण, बेतिया की अध्यक्षता में जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गयी।

जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में रबी फसल आच्छादन, रबी 2024-25 में उर्वरक की आवश्यकता एवं उपलब्धता, आंतरिक संसाधन, खरीफ एवं रबी वर्ष 2024-25 में की गई उर्वरक प्रतिष्ठानो की छापेमारी आदि की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत भुगतान की स्थिति, किसान पोर्टल पर प्राप्त नये आवेदनों की सत्यापन की स्थिति, ई-केवाईसी सत्यापन की स्थिति, बैंक खाता को आधार तथा एनपीसीआई से लिंक करने की प्रगति, किसान पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निष्पादन की स्थिति सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि रबी 2024-25 में उर्वरक दुकानदारों पर सतत निगरानी एवं छापेमारी करने, गड़बड़ी करने वाले पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला में उर्वरक की उपलब्धता सामान्य रहे, इसके लिए कृषि विभाग के पदाधिकारी तत्पर रहेंगे ताकि किसानों को उर्वरक के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने निर्देश दिया कि पीएम-किसान पोर्टल पर प्राप्त नये आवेदन पत्रों की अच्छे तरीके से जांच करें। जो आवेदन सही हो, उसको तुरंत निष्पादित करें। अनावश्यक रूप से किसान परेशान नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों के बैंक खाता को आधार तथा एनपीसीआई से लिंक करने के लंबित मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि पीएम-किसान योजना अंतर्गत किसानों का आवेदन ऑनलाइन करने वाले दुकानों का निरीक्षण करें। किसानों से वार्ता करें, उनसे फीडबैक लें कि कोई दुकानदार उन्हें बेवजह परेशान तो नहीं कर रहा है। ऐसा करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।



जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी किसानों की बेहतरी के लिए बेहतर तरीके से कार्य करें। किसानों के कल्याण एवं उत्थान के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मियों का अपेक्षित सहयोग आवश्यक है। विभागीय दिशा-निदेशों के अनुरूप योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन करें।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जिला में यूरिया की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि पूर्व में दिये गये निर्देश के आलोक में 2024-25 में 295 उर्वरक दुकानों पर छापेमारी की गयी है, जिसमें 48 मामलों में अनियमितता पायी गयी है। इस संदर्भ में 36 दुकानदारों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। 08 दुकानदारों की अनुज्ञप्ति निलंबित कर दी गयी है। 03 दुकानदारों की अनुज्ञप्ति रद्द कर दी गयी है। इसके साथ ही एक मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इस अवसर पर विधायक, वाल्मीकिनगर धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार राय सभी अनुमंडल एवँ प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी थोक उर्वरक विक्रेता आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने मृतक टुनटुन सहनी के परिजनों से मिलकर दी सांत्वना



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 17 में गत दिनों बाजार से मछली खरीदकर घर जा रहे टुनटुन सहनी को अपराधियों ने गोली मारक र हत्या कर दी थी। हत्या के बाद परिजनों में कोहराम मच गया था। हत्या की खबर सुनते ही स्थानीय विधायक निरंजन कुमार मेहता ने शनिवार को मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वाना देते हुए ढ़ाढस बंधाया। विधायक श्री मेहता ने कहा कि हत्यारा कोई भी हो पुलिस जल्द उसे ढूढ़ कर सलाखों के अंदर करेगी। विधायक ने थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह से मोबाइल पर बातचीत कर हत्यारा के नामजद आरोपी की शीध्र गिरफ्तारी हो। ताकि पिड़ीत परिवार को न्याय मिल सके। विधायक ने मृतक के पिता रामदेव सहनी से हत्या के कारण पुछा।पिड़िता ने बताया कि टुनटुन सहनी की हत्या आपसी रंजिश के कारण की गई है। जिसमें दो लोगों को आरोपी बनाया गया है। सांत्वना देने पहुंचे विधायक के साथ वार्ड पार्षद अजय मंडल, रमण यादव, निलेश यादव, महेश्वरी मेहता, अरुण मंडल, देवनारायण राम, शंभू मेहता, राजकुमार साह आदि मौजूद थे।

# जनता दरबार में चार मामले को किया गया निष्पादन

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। आदर्श थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार सीओ कृतिका मिश्रा और थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न पंचायतों से आये फरयादियों ने भूमि विवाद से संबंधित मामले को लेकर अपना - अपना आवेदन जमा किये। जिसमें पूर्व से लंबित मामले 3 तथा प्राप्त 4 आवेदन जमा किये गये। सभी मामले का गहन अवलोकन करते हुए तत्कालीन सीओ हरिनाथ राम, सीओ कृतिका मिश्रा व थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने साक्ष्य और कागजात के आधार पर चार मामले को निष्पादित किए। शेष बचे मामले को लेकर सीओ ने कहा कि अगले जनता दरबार में सभी कागजात और साक्ष्य के साथ मौजूद होकर शीघ्र मामले का निष्पादन करना सुनिश्चित करें। ताकि भूमि विवाद से बचा जा सके। मौके पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने फरयादियों से कहा कि बेवजह मुकदमे से बचें और समाज के अंदर मिलजुल कर जीवन यापन करना सिखें।

# शराब के नशे में धुत दो पुलिस कर्मियों पर गिरी गाज, एसपी संदीप सिंह ने किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । जिले के गम्हरिया थाना के एएसआई मनोज कुमार सिंह और पिटीसी वाशीद खान ने शराबबंदी कानून का मजाक उड़ाया, ड्यूटी में तैनात शराब के नशे में धुत गिरफ्तार हुआ। अचानक थाना पहुचे एसपी संदीप सिंह ने गिरफ्तार किया, ब्रेथ एनलाइजर मशीन में शराब पिने की पुष्टि हुई। वहीं गिरफ्तार शख्स का ब्लड सेम्पल जाँच हेतु भागलपुर भेजा गया। तो वहीं कोर्ट प्रक्रिया के बाद तत्काल निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई प्रारम्भ कर दिया गया। मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने प्रेस रिलीज कर इस मामले की अहम् जानकारी दी। दरअसल शुक्रवार की देर रात मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ओचक निरिक्षण हेतु जिले के गम्हरिया थाना पहुचे थे, जहाँ ए एस आई मनोज कुमार सिंह और पी टी सी वासिद खान गस्ती गाडी में तैनात नशे के हालत में मिले, तत्काल एसपी ने दोनों शख्स को गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट प्रक्रिया के बाद निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई हेतु बिहार सरकार को पत्र भेज दिया है। बता दें कि इस कार्रवाई को लेकर पुरे जिले में पुलिस महकमे में सनसनी फेल गयी है। इतना हीं नहीं बल्कि एसपी संदीप सिंह ने जिले सभी थाने में पदस्थापित पुलिस कर्मियों को ब्रेथ इनलाइजर मशीन से जांच भी करवाया है।

# बीएनएमयू में हुई संगीत से स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा।भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में स्थानीय रंगकर्मियों व छात्र नेताओं के लंबे संघर्ष के बाद संगीत से स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू की गई। विश्वविद्यालय अंतर्गत तीन महाविद्यालय एवं नॉर्थ कैंपस में संगीत की पढ़ाई होती है। रंगकर्मियों की मांग थी की विश्वविद्यालय में संगीत एवं नाट्यशास्त्र की पढ़ाई शुरू की जाए। लेकिन सिर्फ संगीत की पढ़ाई शुरू करवाई गई। जिस वजह से स्थानीय रंगकर्मियों में मायूसी भी है। लंबे संघर्ष के बाद संगीत की पढ़ाई तो शुरू करवा दी गई लेकिन संगीत विभागध्यक्ष पंकज शर्मा को बनाया गया है जो वादन से पीएचडी किए हुए हैं। वे नॉर्थ कैंपस स्थित संगीत विभाग के विभागध्यक्ष है। जबकि सिलेबस में वादन शामिल ही नहीं है। वर्तमान समय में सिलेबस में सिर्फ गायन की पढ़ाई होती है, तो फिर वादन से पीएचडी किए हुए व्यक्ति को विभागध्यक्ष कैसे नियुक्त कर दी कर दिया गया। चारों जगह मिलकर 120 सीट है। जिसमें अधिकतर छात्र एवं छात्राएं हैं गायन से ही होते हैं। जिनका सिलेक्शन नॉर्थ कैंपस में होता है अगर वह गायन से हैं तो उन्हें बिना गायन की पढ़ाई कराए बगैर ही डिग्रियां कैसे दी जा रही है। विभागध्यक्ष बनने वालों को तीन विधा की जानकारी होनी चाहिए। पार्वती साइंस कॉलेज, मधेपुरा आर झा, सहरसा, सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह कॉलेज सहरसा एवं नॉर्थ कैंपस इस चारों जगहों पर संगीत की पढ़ाई होती है। विश्वविद्यालय को चाहिए कि ऐसे व्यक्ति को विभागध्यक्ष बनाना चाहिए जो गायन के क्षेत्र में पीएचडी हो। हालांकि सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह कॉलेज के संगीत विभाग के विभाग अध्यक्ष गौतम सिंह के नेतृत्व में राज्यपाल से मिलकर सिलेबस वादन शामिल करने की मांग भी की गई थी। बाद में सिलेबस में वादन शामिल करने के लिए एक कमेटी भी बनाई गई थी, लेकिन अभी तक उसे पर कोई पहल होता नहीं दिख रहा है। 120 छात्र डिग्री लेकर निकल चुके हैं। फिर जून 2025 तक 120 छात्र डिग्री लेकर निकल जाएंगे। संघर्ष करने वालों में सुनीत साना, अमित आनंद, मो. शहंशाह, अमित कुमार अंशु, सीनेट रंजन कुमार, सारंग तनय, अभिषेक कुशवाहा आदि शामिल हैं।



# रायभीर पंचायत में कचरा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रातः किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा) । शहर के तरह अब गांवों में भी साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जा रही ही। डोर टू डोर कचरा का उठाव होगा। वहीं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था की जा रही है ।इसी के तहत शंकरपुर प्रखंड के रायभीर पंचायत में लोहिया स्वच्छ मिशन के अंतर्गत शनिवार को रायभीर पंचायत के विभिन्न वार्डों में ठोस एवं तरल कचरा उठाव हेतु ठेला गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रखंड समन्वयक रमन कुमार राणा एवं पंचायत के मुखिया सुष्मिता चौपाल, भाजपा मंडल प्रखंड अध्यक्ष प्रभाष चौपाल, पंचायत सचिव राजकुमार राम, स्वच्छता पर्यवेक्षक सुमन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर कचरा गाड़ी को रवाना किया। प्रखंड समन्वयक रमन कुमार राणा ने कहा कि सभी पंचायतों को स्वच्छ एवं समृद्ध गांव बनाना है। सरकार के द्वारा उद्देश्य की प्राप्ति हेतु व्यापक योजना तैयार की गई है। योजना क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत को अहम जिम्मेदारी दी गई है। वहीं मुखिया सुष्मिता चौपाल ने कहा कि अपने-अपने वार्डों में साफ सफाई रखें और बाहर कचरा नहीं फेंके। दरवाजे पर सुखा एवं गीला कचरा को अलग अलग रखें। इस मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक सुमन कुमार सिंह, उप मुखिया संतोष कुमार यादव, वार्ड सदस्य राजेश दास, प्रदीप राम , डॉ बिजेंद्र प्रसाद यादव, वार्ड सदस्य दिनेश यादव सहित ग्रामीण उपेंद्र दास, सीताराम साह, योगनारायण दास, भीम दास, राजू दास, चंदर दास, पंकज यादव मौजूद रहे।



### गांवों को दिया जाएगा मॉडर्न लुक

सरकार की योजना है कि शहरों की तरह गांवों को भी मॉडर्न लुक दिया जाए। इसको लेकर नई व्यवस्था के तहत इसे लागू करने के लिए विभाग लगा हुआ है। ग्राम पंचायत के क्षेत्र में पड़ने वाले गांव स्ट्रीट लाईट की रोशनी से चकाचक होंगे।

इसके तहत ग्राम पंचायत अपने पंचायत क्षेत्र के सभी नालियों की नियमित सफाई, चूना या ब्लीचिंग पाउडर की छिड़काव की व्यवस्था भी करनी होगी। ताकि जल-जमाव व गंदगी से मच्छरों का प्रकोप नहीं बढ़े। पंचायत के विभिन्न वार्ड में भर्ती लाभार्थी वार्ड (9) सुबोध मुखिया वार्ड (8) राजकिशोर शर्मा, वार्ड (5) बिरेन चौपाल, वार्ड (6) मंजू देवी, वार्ड (14) साजन कुमार, वार्ड (15)कैलाश राम, वार्ड (4) मिथिलेश राम, वार्ड (7) जगदेव पासवान, वार्ड (10) रमेश पाल वार्ड (11) छेदी ऋषिदेव,वार्ड (1) रविंदर राम वार्ड (2) पप्पू पंडित,वार्ड (3) मुकेश पासवान,वार्ड (12) वार्ड (13) संजीव कुमार, वार्ड (16) मनोज शर्मा,वार्ड (17) चंदन कुमार, वहीं पंचायत स्तर से श्रवण कुमार, चंदन राम, दिनेश राम, सकीलदीप राम,को नियुक्त किया गया।

# शिविर लगाकर जांच के बाद किया गया दवा का वितरण

प्रातः किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा)। पुरैनी प्रखंड के गणेशपुर पंचायत स्थित पशु स्वास्थ्य केंद्र पुरैनी में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा बिहार के 7 निश्चय 2 योजन के अंतर्गत बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु आधारभूत व्यवस्थाओं के तहत बांझपन निवारण शिविर का आयोजन हुआ। जिनका फीता काट उद्घाटन पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि हिमांशु यादव और पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मनोज यादव ने किया। प्रभारी पशु चिकित्सक डॉ रंजीत कुमार ने बताया कि शिविर में लगभग 40 पशुपालको के 230 पशुओं का निशुल्क इलाज किया गया साथ ही पशुपालकों को पशुओं की बीमारी एवं दवा के विषय में वस्तिार से जानकारी दी गई। वहीं शिविर में पशुओं को लेकर पहुंचे पशु पालकों के पशुओं की जांच कर सुई एवं खाने की गोलियां भी दी गई। इस संबंध में पशु चिकित्सक डॉक्टर अरविंद कुमार देव और डॉ राहुल कुमार ने कहा कि गाय भैंस को भूसा चोकर के अलावा उन्हें मिनरल मक्सिर कृमि नाशक दवा खिलाते रहे जिससे की फर्टिलिटी की समस्या नहीं आएगी। शिविर के अलावे भी अपने नजदीकी पशु स्वास्थ्य अस्पताल में प्रत्येक किसान अपने पशु की बीमारियां से जुड़ी दवाइयां ले सकते हैं। इस मौके पर प्रदीप कुमार, राहुल कुमार,ज्योतिष कुमार, राकेश कुमार, सौरव कुमार, दिवाकर कुमार, हेम कुमार, रवि कुमार नीरज कुमार, अंगद कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जयश्री रजवाहा सफाई के नाम पर काटे गए हजारों हरे पेड़

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) ।जल जीवन हरियाली के तहत सरकार ने हरा पेड़ लगाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है ।वहीं सिचाई विभाग द्वारा सारे नियमों को ताख पर रखते हुए रजवाहा सफाई की नाम पर धड़ल्ले से हरे पेड़ों को ध्वस्त किया जा रहा हैं। जयश्री रजवाहा की सफाई करने का जिम्मा सिस्टमेटिक प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। बताया गया की जयश्री रजवाहा सफाई की कार्य शुक्रवार से शुरू किया गया है। जैसे मिट्टी का खनन शुरू हुआ तो रजवाहा के दोनों तरफ तटबंधो पर करीब एक किमी तक लगे हजारों हरे पेड़ को रातों रात काट कर गिरा दिया गया। जिसे आप पास के गांव वालो ने सुबह होते ही लूट ले गए। वहीं लोगों ने नहर के दोनों तरफ लगे बाकी पेड़ो को भी अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया और धड़ल्ले से कटना शुरू कर दिया। यहां तक कि जो बड़े पेड़ थे उसे काट कर आसपास में जहां तहां छुपा दिया गया है ।जब इसकी पड़ताल की गई कि इतनी ज्यादा संख्या में हरे पेड़ कैसे कट गया तो ग्रामीणों से मिली जानकारी से पता चला कि आस पास के गांवों के लोगों कि जानकारी मिली कि पोकलेन से रजवाहा की सफाई हो रही है । और तटबंध पर लगा पेड़ काटा जा रहा है। फिर क्या पास के गांव चिल्हा , तिथो, धवनी सहित कई गांवों के असमाजिक तत्व सिस्टमेटिक प्राइवेट लिमिटेड के इशारे पर हजारों हरे पेड़ काट कर जमीदोष कर दिया । मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि कार्य करने वाली प्राइवेट कंपनी के कर्मियों को दोनों तरफ लगे हरे पेड़ से मिट्टी खनन में परेशानी हो रही थी । जिसके कारण असमाजिक तत्वों को इशारा कर हजारों हरे पेड़ ध्वस्त करा दिया ।जिसके बाद हरे पेड़ कटने की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंच कर जायजा लिया ।हरे पेड़ कटने से चिल्हा गांव ग्रामीण के ग्रामीण हतप्रभ है ।बताया गया कि तटबंध पर लगे हरे पेड़ राहगीरों को गर्मी में काफी राहत देते थे ।लेकिन उसे काट दिया गया। तटबंध पर लगे पेड़ो से नहर की कटाव रुकता था लेकिन अब तो हरे पेड़ कट जाने से नहर के दोनों तरफ वीरान हो गया है ।



### क्या कहते है वन विभाग के अधिकारी

जयश्री रजवाहा पर तटबंध के दोनों तरफ लगे काफी संख्या में हरे पेड़ काटे गये है ।जिसकी जांच जारी है । जो दोषी होगा उस पर कानूनी कारवाई की जाएगी ।

बिक्रमगंज वन परिसर पदाधिकारी, राहुल कुमार

# जन्म दिन पर गरिबों के बीच बांटा गया सुखा आहार

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। लोजपा नेता हरिओम गुप्ता के भांजे दिव्यांशु राज के जन्मदिन पर जमीरा गांधी कुष्ठ आश्रम के गरीबों की बीच सुखा आहार चूड़ा, गुड़,ब्रेड एवम फल फूल का बितरण लोजपा रामविलास संसदीय बोर्ड प्रदेश सचिव हरिओम गुप्ता ने अपने पार्टी पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान,संसदीय बोर्ड के जिला कार्यकारी अध्यक्ष राजेश साहू,छात्र प्र-कोष्ठ जिला अध्यक्ष विकास सिंह,जिला उपाध्यक्ष अरविंद ओझा,जिला मीडिया प्रभारी संजू पासवान,प्रकाश कुमार ,समाज सेवी लाला यादव आदि के साथ मिलकर किया।हरिओम गुप्ता ने कहा प्रत्येक आदमी को जन्मदिन पर व्यर्थ खर्च न कर दीन दुखियों के साथ खाना खिलाकर जश्न मनाना चाहिए,जो खुशी गरीबों के साथ है, वह खुशी पटाखे,ढोल नगाड़े, गांजे बाजे में नहीं है।आज मेरे भांजे दिव्यांशु राज का जन्मदिन था इस मौके पर हम सभी लोजपा परिवार गांधी कुष्ठ आश्रम पहुंचकर जन्मदिन मनाया। जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि जन्मदिन का सही खुशी गरीबों के साथ खुशी बाटना,इससे बड़ा कोई खुशी,जश्न नही है। आजकल लोग जन्मदिन पर नाजायज खर्च करते है तथा इंजॉय करते है लेकिन जो गरीबों के बीच में अपना जन्मदिन मनाते है,उन्हें खाना खिलाते है उससे बड़ा कोई पुण्य या पूजा नही है। संसदीय बोर्ड जिला कार्यकारी अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि दिव्यांशु राज के जन्मदिन पर गरीबों के बीच सुखा आहार बांटना यह बड़ी सेवा पूजा है,उन लोगो का आशीर्वाद उनकी हमेशा मिलता रहेगा।



## मुक्केबाज विजेंदर को लगा बड़ा झटका, पिता महिपाल सिंह का निधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह के पिता महिपाल सिंह का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। पिछले कुछ हफ्तों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। विजेंदर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि बहुत दुख के साथ अपने पिता महिपाल सिंह के निधन की सूचना दे रहा हूं। आज उनका स्वर्गवास हो गया। बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीतने वाले 39 वर्षीय मुक्केबाज ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनके पिता का अंतिम संस्कार हरियाणा में उनके पैतृक गांव भिवानी में किया जाएगा। हरियाणा रोडवेज में ड्राइवर के तौर पर कार्यरत महिपाल ने 'ओवरटाइम' करके विजेंदर के सपने को पूरा किया। पिछले साल कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए विजेंदर ने अपने पिता के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा– आपसे अनुरोध है कि उनके लिए प्रार्थना करें।

## ऋषभ पंत की तूफानी बैटिंग के फैन हुए सचिन तेंदुलकर

- **सोशल मीडिया पर दी शाबाशी**



**सिडनी (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी टेस्ट मैच के दूसरे दिन की समाप्ति हो गई है। खेल के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 6 विकेट पर 141 रन बनाए। टीम इंडिया के लिए दूसरी पारी में एक बार फिर से ऋषभ पंत ने बैटिंग में अपना कमाल दिखाया और 61 रनों की तूफानी पारी खेली। पंत ने इस दौरान सिर्फ 29 गेंद में फिफ्टी पूरी की। टेस्ट में पंत का यह दूसरा सबसे तेज अर्धशतक था। इससे पहले उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ 28 गेंद में अर्धशतक जमा दिया था। सिडनी में ऋषभ पंत की इस तूफानी अंदाज को देखकर मास्टर–ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भी गदगद हो गए और उन्होंने सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफ की। सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, ऐसे विकेट पर जहां अधिकांश बल्लेबाज 50 या उससे कम के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है, लेकिन ऋषभ पंत ने 184 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। यह बहुत ही शानदार है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को पहली गेंद से परेशान किया। पंत को बैटिंग करते हुए देखना हमेशा एंटरटेनिंग होगा।

## धनश्री वर्मा और युजवेंद्र चहल के रिश्ते में दरार

- **तलाक की अफवाहों ने फिर पकड़ी जोर**



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी, कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा, एक बार फिर अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों के बीच तलाक की अफवाहें तब और तेज हो गईं जब दोनों ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक–दूसरे को अनफॉलो कर दिया। खबरों के मुताबिक, युजवेंद्र चहल ने धनश्री के साथ अपने सभी सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए हैं, जबकि धनश्री ने चहल को अनफॉलो तो किया है, लेकिन उनके साथ की तस्वीरें अभी भी उनके प्रोफाइल पर मौजूद हैं। इस जोड़े के करीबी सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि दोनों का तलाक लगभग तय है और आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। हालांकि, उनके अलगाव के पीछे के सही कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। साल 2023 में भी दोनों के अलगाव की अफवाहें उस समय उड़ी थीं, जब धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम बायो से 'चहल' उपनाम हटा दिया था। इसी दौरान, चहल ने एक गुप्त स्टोरी शेयर की थी जिसमें लिखा था, 'नया जीवन लोड हो रहा है।' हालांकि, उस वक्त चहल ने इन अफवाहों को खारिज करते हुए अपने प्रशंसकों से ऐसी बातें न फैलाने की अपील की थी।

## भावुक हुए रोहित शर्मा, बोले-

# मैं दो बच्चों का पिता हूं, मेरे पास भी थोड़ा दिमाग है

### ये लोग तय नहीं कर सकते कि हमें कब जाना चाहिए या कब नहीं खेलना चाहिए





**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी टेस्ट में शामिल न होने पर क्रिकेट फैंस का एक तबका अनुमान लगा रहा था कि रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का अंत हो गया है। लेकिन रोहित ने सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन सुबह ही प्रेस वार्ता में साफ कर दिया कि उनका इरादा अभी और खेलने का है। उन्होंने खेल शुरू होने से पहले कहा कि ये लोग तय नहीं कर सकते कि हमें कब जाना चाहिए या कब नहीं खेलना चाहिए। मैं समझदार इंसान हूं और परिपक्व भी। मैं दो बच्चों का पिता हूं लिहाजा मेरे पास भी थोड़ा दिमाग है कि जीवन में मुझे क्या चाहिए। यह पूछने पर कि क्या उन्होंने मेलबर्न टेस्ट की हार के बाद यह फैसला लिया था, रोहित ने कहा कि नहीं। मैंने यह फैसला सिडनी आने के बाद लिया। मैच के बाद हमारे पास बीच में दो ही दिन थे और एक दिन नववर्ष का था और मैं नए साल में कोच और चयनकर्ता से यह नहीं बोलना चाहता था। उन्होंने कहा कि लेकिन यह मेरे दिमाग में चल रहा था कि मैं लगातार कोशिश कर रहा हूं लेकिन रन नहीं बन रहे। मुझे यह स्वीकार करना होगा कि रन नहीं बन रहे और ऐसे में मेरे लिए अलग हटना जरूरी था। उन्होंने कहा कि मैं जब भी कप्तानी कर रहा हूं तो मैं यह नहीं सोचता कि 5 या 6 महीने बाद क्या होगा। आप निकट भविष्य में क्या चाहते हैं, उस पर फोकस जरूरी है। रोहित ने कहा कि हमारा पूरा फोकस इन 5 मैचों पर था। हमें ट्रॉफी बरकरार रखनी थी, जीतना था। ऐसे फैसले लेते समय टीम को आगे रखा जाता है। उन्होंने बुमराह की भी तारीफ की और कहा- उसने गेंदबाजी में नए मानदंड कायम किए हैं। जब मैंने 2013 में उसे पहली बार देखा था, तब से अब वह उसका ग्राफ ऊपर ही गया है।

भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपने संन्यास को लेकर लग रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे हैं और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट से 'बाहर रहने' का कारण खराब फॉर्म था। खराब फॉर्म से जूझ रहे

### संन्यास के फैसले पर कहा, कहीं जा नहीं रहा हूं

रोहित ने सिडनी टेस्ट से आराम लिया है और उनकी जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी कर रहे हैं। इससे टेस्ट क्रिकेट में रोहित के भविष्य को लेकर अटकलें लगने लगी हैं।

रोहित ने कहा कि मैंने संन्यास नहीं लिया है। मैं बाहर हुआ हूं। मैंने कोच और चयनकर्ताओं से यही बात की कि मैं रन नहीं बना पा रहा हूं, फॉर्म में नहीं हूं और इस महत्वपूर्ण मैच में हमें ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो फॉर्म में है। उन्होंने कहा कि हम बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में टीम में ऐसे खिलाड़ी ज्यादा नहीं होने चाहिए जो फॉर्म में नहीं हैं। यही बात मेरे दिमाग में चल रही थी। मैं कहीं जा नहीं रहा हूं। सैतीस वर्ष के रोहित ने कहा कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं ने उनके फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मैं कोच और चयनकर्ताओं से कहना चाहता था कि मेरे दिमाग में यह चल रहा है। उन्होंने मेरे फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि तुम इतने साल से खेल रहे हो और तुम्हें पता है कि तुम क्या कर रहे हो।

रोहित ने कहा कि मेरे लिए यह कठिन फैसला था। लेकिन अगर सब कुछ सामने रखें तो यह फैसला तर्कसंगत था। मैं बहुत आगे की नहीं सोचूंगा। रोहित की गैर मौजूदगी में शुभमन गिल को भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारत श्रृंखला में 1–2 से पीछे है और बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने पास रखने के लिए उसे सिडनी टेस्ट हर हालत में जीतना होगा। रोहित ने 2024 में टेस्ट क्रिकेट में 14 मैचों की 26 पारियों में सिर्फ 619 रन बनाए। सिडनी टेस्ट से पहले इस श्रृंखला के तीन टेस्ट की 5 पारियों में वह 31 रन ही बना सके हैं।

## खेल रत्न पुरस्कार सबसे बड़ी उपलब्धि लेकिन काफी कुछ हासिल करना बाकी : हरमनप्रीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक के बाद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनकी 'शानदार' यात्रा की मान्यता है जिसमें उन्हें भविष्य में बहुत कुछ हासिल करना है। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश, हरमनप्रीत और पैरालंपिक ऊंची कूद के स्वर्ण विजेता प्रवीण कुमार को खेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को 2024 मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना है। हरमनप्रीत ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। ऐसा लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है। मुझे इतना बड़ा पुरस्कार और मान्यता मिल रही है।

पेरिस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल करने वाले इस 28 साल के खिलाड़ी का करियर उपलब्धियों से भरा रहा है। वह पेरिस से पहले तोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे। उन्होंने 2016 में जूनियर विश्व कप में स्वर्ण, राष्ट्रमंडल खेलों में रजत, एशियाई खेलों में स्वर्ण और कांस्य के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत पदक जीते है। हरमनप्रीत ने पिछले वर्ष सहित तीन बार एफआईएच साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। वह हालांकि इन उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं है और अभी करियर में काफी कुछ हासिल करना चाहते हैं।

हरमनप्रीत ने कहा कि अपनी पूरी यात्रा में मैंने बहुत कुछ सीखा है, मैंने जीत और हार सहित कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मुझे हालांकि लगता है कि आप केवल उन अनुभवों से सीखते हैं। पहले दिन से मेरी मानसिकता खुद को बेहतर करने की रही है। पंजाब के अमृतसर के टिम्मोवाल गांव में किसान परिवार में जन्मे हरमनप्रीत का अंतरराष्ट्रीय करियर 2014 में शुरू हुआ था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय टीम के साथी खिलाड़ियों को दिया। भारतीय कप्तान ने कहा कि हम जो भी हासिल कर रहे हैं वह एक टीम के रूप में कर रहे हैं। मेरी यात्रा बहुत दिलचस्प रही है, मुझे व्यक्तिगत मान्यताएं और पुरस्कार मिल रहे हैं लेकिन यह केवल मेरे साथी खिलाड़ियों के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि मैंने अब तक की अपनी यात्रा का भरपूर आनंद लिया है। मैंने बहुत मेहनत की है और मैंने अब तक जो भी हासिल किया है, उससे मैं खुश हूं।

भारतीय हॉकी टीम की रक्षापंक्ति के इस खिलाड़ी की नजर अब विश्व कप में पदक जीतने पर है। विश्व कप का आयोजन अगले साल बेल्जियम में होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि निश्चित रूप से मेरा मुख्य लक्ष्य विश्व कप होगा क्योंकि लंबे समय से हमने विश्व कप में कोई पदक नहीं जीता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि अपने जीवन में सब कुछ हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि हमने ओलंपिक में लगातार पदक जीते हैं लेकिन हमारा अगला लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और सभी प्रमुख टूर्नामेंट जीतना होगा। यह चरण दर चरण प्रक्रिया है और हम एक टीम के रूप में अपने लक्ष्य हासिल करना चाहेंगे।

हरमनप्रीत वर्तमान में राउरकेला में चल रही हॉकी इंडिया लीग में पंजाब के सूरमा हॉकी क्लब का नेतृत्व कर रहे हैं। सूरमा हॉकी क्लब ने अब तक दो मैच खेले हैं, जिसमें एक में जीत और एक में हार मिली है। उन्होंने कहा कि हर टीम के लिए शुरुआत में एकजुट होना और समझ के साथ सामंजस्य बनाना कठिन होगा। हम कल का मैच हार गए लेकिन इसमें भी हमारे लिए कई सकारात्मक चीजें रही।

## सिडनी टेस्ट में भारत 145 रन से आगे

### पंत ने 184 के स्ट्राइक रेट से फिफ्टी बनाई, जडेजा-सुंदर नाबाद, दूसरी पारी में स्कोर 141/6



- **ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा आखिरी सेशन** – स्टंप्स हो गया है। भारतीय टीम का स्कोर 141 रन है। टीम इंडिया ने कुल 145 रन की बढ़त बना ली है। रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर नाबाद लौटे हैं। दिन का आखिरी सेशन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा है। 32 ओवर के इस सेशन में भारत ने 141 रन बनाने में 6 विकेट गंवा दिए।

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5वें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 145 रन आगे है। शनिवार को टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 6 विकेट खोकर 141 रन बनाए। रवींद्र जडेजा 8 और वॉशिंगटन सुंदर 6 रन पर नाबाद लौटे।

सिडनी में भारतीय टीम से ऋषभ पंत ने 33 बॉल पर 61 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 22 रन का योगदान दिया। केएल राहुल और शुभमन गिल 13-13 रन बना सके। विराट कोहली ने 6 रन बनाए। स्कॉट बोलैंड ने 4 विकेट झटके।

टी-ब्रेक से पहले ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 181 रन पर ऑलआउट हुई। यहां इंडिया को पहली पारी में 4 रन की बढ़त मिली थी। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया से डेब्यू मैच खेल रहे ब्यू वेबस्टर ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 33 और सैम कोंस्टास ने 23 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और नीतीश रेड्?डी को 2-2 विकेट मिले।

- **भारत–** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।
- **ऑस्ट्रेलिया–** पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

## यशस्वी जायसवाल ने चकनाचूर किया वीरेंद्र सहवाग का 20 साल पुराना रिकॉर्ड, सिडनी में रचा इतिहास



**सिडनी (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का अंतिम टेस्ट एससीजी में खेला जा रहा है। भारत की दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल ने धमाकेदार अंदाज में शुरुआत की। टीम इंडिया की दूसरी इनिंग्स का पहला ओवर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अनुभवी गेंदबाज मिचेल स्टार्क डाल रहे थे। हालांकि युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल ने बिल्कुल भी उन्हें इज्जत नहीं दी और पहले ओवर में ही 16 रन ठोक डाल। यशस्वी ने उस ओवर में 4 चौके जड़े। उन्होंने ओवर की दूसरी,तीसरी,चौथी और छठी गेंद पर चौका लगाया।

### जायसवाल ने मिचेल स्टार्क को एक ओवर में जड़े 4 चौके

इसी के साथ जायसवाल ने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। वह भारत की तरफ से पहले ओवर में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड दिग्गज वीरेंद्र सहवाग के नाम था। उन्होंने 2005 में मोहम्मद खलील को पहले ओवर में 13 रन मारे थे। हालांकि रोहित शर्मा ने भी 2023 में पैट कमिंस के खिलाफ पहले ओवर में 13 रन बनाए थे।

## ज्यादा पैरा खिलाड़ियों को खेल रत्न मिलते देखना अच्छा होता: प्रवीण कुमार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऊंची कूद के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक की बदौलत चार ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं में शामिल होने से खुश हैं और उनका कहना है कि और ज्यादा पैरा खिलाड़ियों का देश के इस सर्वोच्च खेल सम्मान के लिए चयन किया जाता तो उन्हें और अधिक खुशी होती। प्रवीण के अलावा दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश और पेरिस खेलों के कांस्य विजेता पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ खेल रत्न से सम्मानित किया जाएगा। तोक्यो ओलंपिक के अपने कांस्य को पेरिस में स्वर्ण में बदलने वाले तीरंदाज हरविंदर सिंह जैसे कुछ पैरा खिलाड़ियों ने खेल रत्न के लिए विचार नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की है। पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर 29 पदक हासिल किये जिसमें सात स्वर्ण शामिल हैं।

प्रवीण ने साक्षात्कार में कहा कि अगर पेरिस ओलंपिक के कुछ पदक विजेताओं को भी खेल रत्न मिलता तो उन्हें खुशी होती लेकिन उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'मैं उनसे सिर्फ इतना कहूंगा कि हिम्मत नहीं हारें और अच्छा प्रदर्शन करते रहें। पैरा खेलों को सिर्फ एक खेल रत्न दिया गया है और यह संख्या और होनी चाहिए थी। मुझे अच्छा लगता अगर दो-तीन और पैरा खिलाड़ियों को खेल रत्न दिया जाता।

21 वर्षीय प्रवीण के पैरों में जन्म से विकृति थी जिसके कारण उनके दोनों पैर कमजोर थे। उनका एक पैर छोटा है जिससे उन्हें नियमित फिजियोथेरेपी की जरूरत थी। उनके पिता उनका सबसे बड़े सहारा बने। प्रवीण ने कहा कि वह हमेशा सक्षम खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहते थे जबकि उन्हें अच्छी तरह से पता था कि यह 'बहुत कठिन काम% होगा। उन्होंने पेरिस में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक को स्वर्ण पदक में तब्दील किया।

नई दिल्ली के साउथ में रहने वाले प्रवीण जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सात से आठ घंटे ट्रेनिंग करते हैं और अब उन्हें साल के अंत में राजधानी में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने की उम्मीद है। प्रवीण ने कहा, 'ओलंपिक में सफलता हासिल करना और अपनी सफलता के लिए खेल रत्न पुरस्कार मिलने पर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह मेरे लिए सपने का सच होना है। यह पुरस्कार मुझे विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेरे घरेलू मैदान में स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रेरित करेगा।

## बुमराह विदेशी सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट वाले बॉलर

### पंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फास्टेस्ट फिफ्टी वाले भारतीय

### कोहली 10 बार सिंगल डिजिट में आउट; रिकॉर्ड्स

**सिडनी (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) का पांचवां टेस्ट सिडनी का दूसरा दिन गेंदबाजों के नाम रहा। शनिवार को 15 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 181 रन ही बना सका, जिससे भारत को 4 रन की बढ़त मिली। स्टंप्स तक भारत ने 6 विकेट खोकर 141 रन बना लिए हैं। पंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले भारतीय है। बुमराह विदेशी सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। विराट कोहली 2024-25 सीजन में 10वीं बार सिंगल डिजिट (10 या उससे कम) के स्कोर पर आउट हुए हैं। इस लिस्ट में सयुंक्त रूप से रोहित शर्मा भी पहले स्थान पर हैं। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पिछले 70 साल में ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ है। जब दोनों ही टीमें अपनी पहली पारी (भारत 185 और ऑस्ट्रेलिया 181 रन) 200 से कम के स्कोर पर सिमट गई हो। इससे पहले 1979-80 में इंग्लैंड (123) और ऑस्ट्रेलिया (145) रन पर ऑलआउट हो गई थी। ऋषभ पंत बेन स्टोक्स और सर विवियन रिचर्ड्स के बाद तीसरे ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टेस्ट में 2



बार 150 से ज्यादा स्ट्राइक रेट से हाफ सेंचुरी लगाई है। स्कॉट बोलैंड ने विराट कोहली को टेस्ट में शनिवार को पांचवीं बार आउट किया। कोहली अब तक उनके खिलाफ मात्र 38 रन ही बना सके हैं।

**बुमराह एक ओवरसीज सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज** – जसप्रीत बुमराह किसी एक विदेशी दौरे पर भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में 32 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने बिशन सिंह बेदी का रिकॉर्ड तोड़ा। बेदी ने 1977-78 के सीजन में 31 विकेट झटके थे।

**ऑस्ट्रेलिया में कोहली का औसत** – बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) 2024-25 में विराट कोहली 5 मैचों में मात्र 190 रन बना सके हैं। इस दौरान उनका औसत 23.75 रहा है। यह उनका किसी भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सबसे कम औसत है। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने 2014-15 सीजन के 4 मैचों में 692 रन बनाए थे।

**भारत के लिए फास्टेस्ट फिफ्टी** – ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने दूसरी इनिंग में मात्र 29 बॉल में अपनी हाफ सेंचुरी पूरी की। पंत ने 33 बॉल पर 6 चौके और 4 छक्के की मदद से 61 रन की पारी खेली।

### टेस्ट में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक

- 28 गेंद – ऋषभ पंत बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु 2022
- 29 गेंद–ऋषभ पंत बनाम ऑस्ट्रेलिया, सिडनी 2025*
- 30 गेंद – कपिल देव बनाम पाकिस्तान, कराची 1982
- 31 गेंद – शार्दुल ठाकुर बनाम इंग्लैंड, द ओवल 2021
- 31 गेंद –यशस्वी जायसवाल बनाम बांग्लादेश, कानपुर 2024

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 05 जनवरी, 2025

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### ईरान परमाणु कार्यक्रम पर पश्चिमी देशों के साथ बातचीत शुरू करने को तैयार : अराघची

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर पश्चिमी देश किसी नए समझौते पर पहुंचते हैं तो ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर पश्चिमी देशों के साथ तुरंत रचनात्मक बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। इससे पहले ईरान के उप विदेश मंत्री काजम गरीबाबादी ने कहा कि परमाणु समझौते के समापन के मुद्दे पर ईरान और यूरोप के बीच परामर्श का एक नया दौर 13 जनवरी को होगा। इरना ने चीन के सीसीटीवी के साथ एक साक्षात्कार में श्री अराघची के हवाले से कहा, हम अभी भी अपने परमाणु कार्यक्रम के संबंध में बिना देरी किए रचनात्मक बातचीत करने के लिए तैयार हैं। बातचीत का उद्देश्य एक समझौते पर पहुंचना है।

### नाटो के पूर्वी तट पर 2600 से अधिक ब्रिटिश सैनिक और 730 अभ्यास में भाग लेंगे

लंदन। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) नाटो के पूर्वी तट पर 2,600 से अधिक ब्रिटिश सैनिक और 730 वाहन अभ्यास में भाग लेंगे। देश के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अग्रणी मोर्चे पर नेतृत्व करते हुए, ब्रिटेन 2,600 से अधिक सैनिकों और 730 वाहनों के साथ नाटो के पूर्वी हिस्से में तैनात बलों का सबसे अधिक योगदान दे रहा है। बयान के अनुसार, ब्रिटेन का पहला डिवीजन बुल्गारिया और रोमानिया में अभ्यास स्टीडफास्ट डार्ट 25 के दौरान नाटो के सभी सशस्त्र बलों की कमान संभालेगा, ताकि नए अलाइड रिएक्शन फोर्स को तैनात कर अभ्यास किया जा सके, जो नाटो के पूर्वी हिस्से को तेजी से सुदृढ़ कर सकता है।

### इक्वाडोर ने की सात प्रांतों में आपातकाल की घोषणा

क्विटो। इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ ने बढ़ती आंतरिक अशांति और सशस्त्र संघर्ष के बीच सात प्रांतों और तीन नगर पालिकाओं में 60 दिनों के आपातकाल की घोषणा की है। प्रभावित प्रांतों में गुआयास, लॉस रियोस, मनाबी, सांता एलेना, एल ओरो, ओरेलाना और सुकुम्बियोस के साथ-साथ क्विटो, ला ट्रोनकल और कैमिलो पोंस एनरिकेज के मेट्रोपॉलिटन जिले शामिल हैं। नोबोआ ने बढ़ती अपराध दर और संगठित सशस्त्र समूहों की बढ़ती उपस्थिति को आपातकाल के मुख्य कारणों के रूप में उद्धृत किया, जिसका उद्देश्य हिंसा को रोकना और सार्वजनिक व्यवस्था को बहाल करने के लिए तैनात सैन्य और पुलिस बलों का समर्थन करना है। आपातकालीन उपायों के तहत, प्रभावित क्षेत्रों में घर और पत्राचार की अखंडता के अधिकार को निलंबित कर दिया गया था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 20 कैंटन में रात्रि कर्फ्यू भी लगाया गया है।

### दुनिया की सबसे बुजुर्ग शख्स टोमिको इटूका का निधन, 1908 में हुआ था जन्म

टोक्यो। दुनिया की सबसे बुजुर्ग शख्स के रूप में पहचानी जाने वाली 116 वर्षीय टोमिको इटूका का निधन हो गया है। उनका जन्म 23 मई, 1908 को ओसाका में हुआ था। ह्योगो प्रान्त की नगर सरकार ने बताया कि इटूका का इस हफ्ते की शुरूआत में पश्चिमी जापान के आशिया शहर के एक नर्सिंग होम में निधन हो गया, जहां वह रहती थीं। क्योडो न्यूज ने यह जानकारी दी। शनिवार को जापानी दैनिक द मेनिची की रिपोर्ट के अनुसार, जिस शहर में वह रहती थीं, वहां के विशेष नर्सिंग होम में वह अपने पसंदीदा लैक्टिक एसिड ड्रिंक का आनंद लेती थीं और अक्सर कर्मचारियों को धन्यवाद कहती थीं।

### उत्तरी चीन में बाजार में आग लगने से आठ लोगों की मौत

बीजिंग। चीन के उत्तरी क्षेत्र में शनिवार को एक बाजार में आग लगने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी ह्याशिन्हुआह्न ने कियाओक्सी जिले के एक अधिकारी के हवाले से अपनी खबर में बताया कि झांगजियाकौ शहर के लिगुआंग बाजार में शनिवार दोपहर आग लग गई और स्थानीय समयानुसार अपराह्न दो बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। खबर के अनुसार, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इस बाजार में लोग मुख्यतः खाद्य पदार्थों की खरीदारी करने आते हैं। बीजिंग की सीमा से लगे हेबेई प्रांत में स्थित झांगजियाकौ ने 2022 शीतकालीन ओलंपिक खेलों के दौरान कार्यक्रमों की मेजबानी की थी।

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में पहली बार 6 भारतीय मूल के नेताओं ने ली शपथ, कौन था पहला भारतीय-अमेरिकन सांसद

प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। भारतीय अमेरिकियों के लिए शुक्रवार का दिन खास रहा। समुदाय के 6 नेताओं ने प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के रूप में शपथ ली। कांग्रेस के निचले सदन के लिए यह भारतीय अमेरिकियों का अब तक सबसे बड़ा शपथ ग्रहण था। शपथ लेने वालों में कांग्रेस सदस्य डॉ. अमी बेरा सबसे वरिष्ठ हैं। उन्होंने कैलिफोर्निया के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के प्रतिनिधि के रूप में लगातार सातवीं बार शपथ ली। बेरा ने सदन के पटल से सभी छह भारतीय अमेरिकी कांग्रेसियों की एक तस्वीर भी पोस्ट की। वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सुभाष सुब्रमण्यन प्रतिनिधि सभा के सदस्य बनने वाले सबसे नए भारतीय अमेरिकी हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपने परिवार और हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। सभी छह भारतीय अमेरिकी सांसद डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं और उन्होंने सदन के स्पीकर पद के लिए चुनाव में सदन के अल्पसंख्यक नेता हकीम जेफ्रीज को वोट दिया। हालांकि रिपब्लिकन माइक जॉनसन को सदन का



अध्यक्ष चुना गया। मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेसी थानेदार, कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और इलिनोइस के आठवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले राजा कृष्णमूर्ति ने भी शपथ ली। वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय अमेरिकी महिला हैं।

खन्ना, कृष्णमूर्ति और जयपाल, ने लगातार पांचवीं बार शपथ ली, जो इनके मजबूत होते राजनीतिक कद को दशार्ता है। दलीप सिंह सौंद 1957 में प्रतिनिधि सभा के लिए चुने जाने वाले पहले भारतीय अमेरिकी और सिख थे। वह डेमोक्रेटिक पार्टी से थे और लगातार तीन कार्यकाल के लिए चुने गए थे। दूसरे भारतीय अमेरिकी को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में प्रवेश करने में लगभग पांच दशक लग गए। बॉबी जिंदल ने 2005 से 2008 तक लुइसियाना के पहले कांग्रेसनल जिले का प्रतिनिधित्व किया। बाद में वे लुइसियाना के दो-कार्यकाल वाले गवर्नर बने, जिससे वे किसी अमेरिकी राज्य के गवर्नर के रूप में चुने जाने वाले पहले भारतीय अमेरिकी बन गए। जिंदल रिपब्लिकन टिकट पर सदन में चुने जाने वाले एकमात्र भारतीय अमेरिकी रहे हैं।

# हश मनी केस : ट्रंप को सुनाई जाएगी सजा लेकिन नहीं जाना पड़ेगा जेल

**यूयॉर्क के न्यायाधीश जुआन मर्चेन ने संकेत दिया कि वह ट्रंप को जेल की सजा नहीं सुनाएंगे और न ही उन्हें पर जुमार्ना लगाएंगे, बल्कि उन्हें बिना शर्त बरी करेंगे। उन्होंने अपने आदेश में लिखा कि निर्वाचित राष्ट्रपति सुनवाई के लिए व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल रूप से पेश हो सकते हैं। बता दें डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले हैं। निर्वाचित राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर जज के आदेश को अवैध राजनीतिक हमला बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि मामला एक धांधली के अलावा कुछ नहीं है।**

प्रात : किरण/एजेंसी

न्यूयॉर्क। डोनाल्ड ट्रंप को हश मनी केस में 10 जनवरी को सजा सुनाई जाएगी। उन्हें एक पोर्न स्टार को पैसे देकर चुप रहने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। हालांकि जज ने संकेत दिया की ट्रप को जेल या अन्य दंड का सामना नहीं करना पड़ेगा। न्यूयॉर्क के न्यायाधीश जुआन मर्चेन ने संकेत दिया कि वह ट्रंप को जेल की सजा नहीं सुनाएंगे और न ही उन्हें पर जुमार्ना लगाएंगे, बल्कि उन्हें बिना शर्त बरी करेंगे। उन्होंने अपने आदेश में लिखा कि निर्वाचित राष्ट्रपति सुनवाई के लिए व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल रूप से पेश हो सकते हैं। बता दें डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले हैं। निर्वाचित राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर जज के आदेश को अवैध राजनीतिक हमला बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि मामला



ह्यएक धांधली के अलावा कुछ नहीं है। मर्चेन ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत के कारण मामले को खारिज करने के ट्रंप के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए सजा के लिए अपनी योजना की घोषणा की। ट्रंप के बचाव पक्ष के वकीलों ने तर्क दिया था कि राष्ट्रपति पद के दौरान उनके ऊपर मामले का लटका रहना उनके शासन करने की क्षमता को बाधित करेगा। मर्चेन ने उस तर्क को खारिज करते हुए लिखा कि जूरी के फैसले को दरकिनार करना कानून के शासन को अथाह तरीकों से कमजोर करेगा। सजा सुनाए जाने के बाद ट्रंप के लिए अपील का रास्ता साफ हो जाएगा। मर्चेन ने अपने फैसले में माना कि ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपील करने का इरादा रखते हैं। बता दें ट्रंप पर एक पोर्न स्टार को किए गए भुगतान को कानूनी खर्च के रूप में अकाउंट बुक्स में दिखाकर कानून का उल्लंघन करने का आरोप था। भुगतान ट्रंप के वकील के माध्यम से स्टॉर्मी डेनियल को किया गया था ताकि वह रिपब्लिकन नेता के साथ अपने यौन संबंध के बारे में खामोश रहें। राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप के खिलाफ चुनाव लड़ने वाली उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और उनके समर्थकों ने इसे एक प्रमुख मुद्दा बनाया, लेकिन मतदाताओं ने इसे नजरअंदाज कर दिया। वहीं चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप ने खुद को राजनीतिक रूप से प्रेरित अभियोगों से पीड़ित एक शहीद के रूप में पेश किया।

## भारत लाए जाने से बचने के लिए 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की आखिरी कोशिश



प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। मुंबई 26/11 हमले का आरोपी तहव्वुर राणा भारत में प्रत्यर्पण से बचने के लिए आखिरी कोशिश की है। उसके वकील जोशुआ एल. ड्रेटल ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। अपील में तर्क दिया गया है कि प्रत्यर्पण ह्यदोहरे खतरे के सिद्धांत का उल्लंघन होगा, जो एक ही अपराध के लिए दो बार मुकदमा चलाने से बचाता है। अमेरिकी शीर्ष अदालत इस मामले पर 17 जनवरी को सुनवाई करेगी।

लंबी कानूनी लड़ाई हारने के बाद, राणा ने 13 नवंबर को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिक दायर की थी। अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल एलिजाबेथ बी प्रीलोगर ने 16 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट से राणा की याचिका को खारिज करने की अपील की। राणा के वकील ने 23 दिसंबर को अपने जवाब में अमेरिकी सरकार की सिफारिश को चुनौती दी। उसने सप्रीम कोर्ट से याचिका स्वीकारने की अपील की। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक और वर्तमान में लॉस एंजिल्स की जेल में बंद राणा पर 2008 के मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली से जुड़े होने का आरोप है। बता दें 26 नवंबर 2008 की रात को 10 आतंकवादियों ने मुंबई में कई स्थानों पर एक साथ हमला किया था। उन्होंने दो पांच सितार होटलों, एक अस्पताल, रेलवे स्टेशनों और एक यहूदी केंद्र को निशाना बनाया। हमले में 9 आतंकियों समेत 175 लोगों की मौत हुई थी। हमले में शामिल एक आतंकी अजमल कसाब को गिरफ्तार कर लिया गया जिसे 21 नवंबर, 2012 को पुणे के यरवडा जेल में फांसी दे दी गई।

# रिपब्लिकन माइक जॉनसन फिर चुने गए अमेरिकी सदन के अध्यक्ष

प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। लुइसियाना के सांसद माइक जॉनसन फिर से अमेरिकी सदन के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। जॉनसन ने 218 वोटों के साथ चैंबर में शीर्ष स्थान हासिल किया और फिर से स्पीकर चुने गए। जॉनसन ने जीत के बाद अपने बयान में कहा, "चार साल से मुद्रास्फीति का दौर देखने के बाद हमारे पास एक बड़ा एजेंडा है। हमें बहुत कुछ करना है। हम इसे दो तरीके से कर सकते हैं और उच्च मुद्रास्फीति से लड़ सकते हैं। हम अमेरिकियों को राहत देंगे और ट्रंप टैक्स कट्स को बढ़ाएंगे। एकतरफा व्यापार सौदों से उद्योगों की रक्षा करेंगे और विदेशी निवेश वापस



अमेरिका में बढ़ाएंगे।" 113वीं कांग्रेस ने शुक्रवार को शपथ ली। दोनों चैंबर के प्रभारी रिपब्लिकन हैं। जॉनसन अमेरिकी सदन का नेतृत्व करेंगे और जॉन थून अमेरिकी सीनेट का नेतृत्व करेंगे। 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने के बाद ही व्हाइट हाउस, प्रतिनिधि सभा और सीनेट में तीनों का रिपब्लिकन नेता ही नेतृत्व करेंगे।

ट्रंप ने कुछ दिन पहले ही जॉनसन का समर्थन किया था और कहा था, माइक एक महान स्पीकर होंगे और हमारा देश इसका लाभ उठाएगा। अमेरिका के लोग चार साल से सामान्य समझ, ताकत और नेतृत्व का इंतजार कर रहे थे। अब उन्हें यह मिलेगा और अमेरिका पहले से भी महान होगा। स्पीकर को पिछले नवंबर में उनके रिपब्लिकन सहयोगियों द्वारा सर्वसम्मति से फिर से चुनाव के लिए नामित किया गया था, लेकिन कुछ उनके ही सहयोगियों ने उनका विरोध किया था।

## माइक्रोसॉफ्ट वित्तीय वर्ष 2025 में एआई डेटा केंद्रों पर 80 अरब डॉलर खर्च करेगा

प्रात : किरण/एजेंसी

सैन फ्रांसिस्को। माइक्रोसॉफ्ट वित्तीय वर्ष 2025 में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) डेटा केंद्र बनाने के लिए 80 अरब डॉलर खर्च करेगा' माइक्रोसॉफ्ट ने शुक्रवार को एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने और दुनिया भर में एआई तथा क्लाउड-आधारित अनुप्रयोगों को तैनात करने के लिए तकनीकी दिग्गज एआई-सक्षम डेटा केंद्र बनाने की योजना बना रही है। माइक्रोसॉफ्ट के उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ के अनुसार उस 80 अरब डॉलर के आवंटन में से आधे से अधिक अमेरिका में खर्च किया जाएगा। कंपनी का 2025 वित्तीय वर्ष जून में समाप्त हो रहा है। श्री स्मिथ ने लिखा, जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, यह स्पष्ट है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता दुनिया को बदलने वाली जीपीटी बनने के लिए तैयार है। एआई अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और उत्पादकता को बढ़ावा देने का वादा करता है। कथित तौर पर माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई ने स्टारगेट नामक एआई सुपरकंप्यूटर के निर्माण पर बातचीत की। इस सुविधा के निर्माण में 100 अरब डॉलर से अधिक की लागत आने का अनुमान लगाया गया।

## सिंगापुर हाइड्रोजन-तैयार साइकिल गैस टरबाइन उत्पादन इकाई का निर्माण करेगा

प्रात : किरण/एजेंसी

सिंगापुर। सिंगापुर एक नई हाइड्रोजन-तैयार संयुक्त साइकिल गैस टरबाइन उत्पादन इकाई का निर्माण करेगा जिसका परिचालन 2029 में शुरू होने की उम्मीद है। व्यापार और उद्योग मंत्रालय के तहत एक वैधानिक बोर्ड एनर्जी मार्केट अथॉरिटी (ईएमए) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। ईएमए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुआ कोक केओंग ने सिंगापुर के ₹कम कार्बन ऊर्जा भविष्य₹ की ओर संक्रमण को ध्यान में रखते हुए कहा ₹ऊर्जा की बढ़ती मांग के साथ हमारे दैनिक जीवन को बिजली देने के लिए पर्याप्त उत्पादन सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सिंगापुर स्थित बिजली खुदरा विक्रेता



पैसिफिकलाइट पावर द्वारा विकसित की जाने वाली नई उत्पादन इकाई की उत्पादन क्षमता कम से कम 600 मेगावाट होगी। कम्पनी ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी सिंगापुर में स्थित जुरोंग द्वीप पर निर्मित होने वाली यह सुविधा शुरूआत में कम से कम 30 प्रतिशत हाइड्रोजन के साथ काम करने में सक्षम होगी और भविष्य में 100 प्रतिशत हाइड्रोजन जलाने की योजना है। ईएमए के अनुसार उन्नत विनिर्माण, डिजिटल अर्थव्यवस्था और परिवहन के विद्युतीकरण जैसे बिजली-गहन क्षेत्रों द्वारा संचालित सिंगापुर की ऊर्जा जरूरतें लगातार बढ़ रही हैं। शहर-राज्य की बिजली प्रणाली की चरम मांग अगले छह वर्षों में 3.7 प्रतिशत से 5.7 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ने का अनुमान है जो 2030 तक 10.1 गीगावाट और 11.8 गीगावाट के बीच पहुंच जाएगी।

## पश्चिमी तट में इजरायली गोलीबारी में एक फि लिस्तीनी की मौत

प्रात : किरण/ एजेंसी

रामल्ला। उत्तरी पश्चिमी तट के नब्लस शहर में शुक्रवार को एक शरणार्थी शिविर में इजरायली सेना की गोलीबारी में एक फिलिस्तीनी की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि 18 वर्षीय मोहम्मद आमेर बलाटा शरणार्थी शिविर में इजरायली सेना की कार्रवाई में मारा गया। फि लिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक बयान में कहा कि उसकी टीमों ने शिविर में झड़प के दौरान गोली लगने से घायल हुए आठ लोगों का इलाज किया। एक की छाती गंभीर रूप से घायल हो गई और अन्य मामूली रूप से घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों और



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इजरायली सेना ने शिविर पर धावा बोल दिया और पास की छतों पर स्नाइपर्स तैनात कर दिए जिससे फिलिस्तीनी युवाओं के साथ तीव्र झड़पें हुईं। इजरायली सेना ने इस घटना पर कोई टिप्पणी जारी नहीं की है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सात अक्टूबर 2023 से पश्चिमी तट के शहरों और शरणार्थी शिविरों में तनाव बढ़ गया है जिसके परिणामस्वरूप इजरायली गोलीबारी कारण 800 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है।

## गाजा में इजरायली हमलों में चौबीस लोगों की मौत

गाजा। गाजा पट्टी पर इजरायली युद्धक विमानों द्वारा शुक्रवार को किए गए हवाई हमले में कम से कम 24 फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना ने चेतावनी दी कि वह उत्तरी गाजा में एक अस्पताल पर बमबारी करेगी। स्थानीय सूत्रों ने यह जानकारी दी है। गाजा की नागरिक सुरक्षा ने एक बयान में कहा कि हवाई हमलों ने गाजा शहर के पूर्व में अल-शुजाइया पड़ोस के अल-सैयद अली क्षेत्र में फिलिस्तीनियों के एक समूह को निशाना बनाया जिसमें चार बच्चों और एक महिला सहित सात लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि इससे पहले दिन में गाजा शहर के पश्चिम में अल-शिफा अस्पताल के प्रवेश द्वार के पास हवाई हमले में पांच लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए। इस बीच अल-अहली अरब अस्पताल ने पुष्टि की कि उसे गाजा शहर के पश्चिम में अल-नस्र स्ट्रीट पर हवाई हमले में मारे गए पांच लोगों के शव मिले हैं। चिकित्साकर्मियों ने कहा कि मेडिकल टीमों ने बाद में अल-जीटौन और अल-सबरा पड़ोस में हवाई हमलों के बाद तीन बच्चों सहित पांच और शव बरामद किए। मध्य गाजा में अल-जवैदा शहर में एक इजरायली हमले में एक नागरिक कार पर हमला होने से दो लोगों की मौत हो गई। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि उनके अवशेषों को दीर अल-बलाह के अल-अक्सा अस्पताल ले जाया गया। उत्तरी गाजा में अल-अवदा अस्पताल ने कहा कि उसे इजरायली सेना से अस्पताल को तुरंत खाली करने या बमबारी का सामना करने का अल्टीमेटम मिला है।

**हमला** गाजा के नागरिक सुरक्षा ने एक बयान में कहा कि गाजा शहर के पूर्व में स्थित अल-सैयद अली इलाके में शुक्रवार को हवाई हमले किए गए...

# इजरायल ने गाजा को फिर बनाया निशाना, 24 की मौत

प्रात : किरण/ एजेंसी

गाजा। इजरायल ने एक बार फिर गाजा को निशाना बनाया है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा पट्टी पर हमले किए, जिसमें 24 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इसके साथ ही इजरायली सेना ने चेतावनी दी कि वह उत्तरी गाजा में एक अस्पताल पर बमबारी करेगी। गाजा के नागरिक सुरक्षा ने एक बयान में कहा कि गाजा शहर के पूर्व में स्थित अल-सैयद अली इलाके में शुक्रवार को हवाई हमले किए गए, जिसमें चार बच्चों और एक महिला सहित सात लोगों की मौत



हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, इससे पहले गाजा शहर के पश्चिम में अल-शिफा अस्पताल के एंट्री गेट के पास हुए हवाई हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और कुछ घायल हो गए थे। इस बीच, अल-अहली अरब अस्पताल ने पुष्टि की कि उसे गाजा शहर के पश्चिम में अल-नस्र स्ट्रीट पर हवाई हमले में मारे गए पांच लोगों के शव मिले हैं। पैरामेडिक्स ने बताया कि अल-जैतून और अल-सबरा इलाकों में हवाई हमलों के बाद मेडिकल टीमों ने तीन बच्चों सहित पांच और शव बरामद किए।

इसके अलावा मध्य गाजा में दो लोगों की मौत उस समय हुई, जब एक इजरायली हमले ने अल-जावीदा शहर में एक नागरिक कार को निशाना बनाया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि शवों को डेर अल-बलाह के अल-अक्सा अस्पताल ले जाया गया। इस बीच, उत्तरी गाजा में अल-अवदा अस्पताल ने कहा कि उसे इजरायली सेना से तुरंत खाली करने या बमबारी का सामना करने की चेतावनी मिली है। अस्पताल ने अपने परिसर के आसपास गोलाबारी की भी सूचना दी है। हालांकि, इजरायली सेना ने इन घटनाओं पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। लेकिन, उसने शुक्रवार को कहा कि इजरायली वायु सेना ने कमांड सेंटर और नियंत्रण सुविधाओं सहित 40 से अधिक हमास के ठिकानों पर हमला किया था। दरअसल, ये हमले 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के घातक हमले के बाद गाजा में इजरायल की ओर से चलाए गए सैन्य अभियान का हिस्सा हैं, उस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 250 अन्य बंधक बनाए गए थे। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गाजा में जारी इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या 45,658 हो गई है, तथा 108,583 लोग घायल हुए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना ने 77 लोगों की हत्या की है। इसके अलावा 145 अन्य घायल हुए हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129